रांची ● वर्ष : 02 ● अंक : 236 ● हजारीबाग से भी प्रकाशित ● पृष्ठ : 12 ● शुक्रवार ● 21.06.2024 ● मूल्य : 4 रुपया ● TV.awazdailyharshit tv & www.pratahawazlive.com ● सुझाव या शिकायत : pratahawajranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रातः आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सैकड़ों बच्चों ने किया योगाभ्यास



पेज - 03







**हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने प्रातः आवाज के प्रिंटिंग यूनिट में पहुंचकर, मशीन की क्षमता और पूरे परिसर का भ्रमण कर इसे अपने क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कार्यक्रम का न केवल आनंद लिया बल्कि कई कलाकारों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले बाल कलाकारों के एक ग्रुप को भी सामूहिक रूप सम्मानित किया।**




# हजारीबाग में प्रातः आवाज के प्रिंटिंग यूनिट का झारखंड विधानसभाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

● नई प्रतिस्पर्द्धा की शुरुआत, झारखंड की दशा और दिशा करेगी तय : रवीन्द्र नाथ महतो

● अपने लोकसभा क्षेत्र के लिये बड़ी उपलब्धि है यह : सांसद मनीष जायसवाल

**प्रातः आवाज**

हजारीबाग जिले के औद्योगिक इलाके डेमोटांड़ में गुरूवार को प्रातः आवाज के प्रिंटिंग यूनिट का गुरूवार को शुभारंभ करते हुए झारखंड विधानसभाध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि यह नूतन प्रयोग पूरे झारखंड की दशा और दिशा तय करेगी। क्योंकि हजारीबाग जैसे शहर से अखबार प्रिंटिंग मशीन लगना यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है। आने वाले समय में यह जिला झारखंड में अलग मुकाम स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग भी औद्योगिक क्षेत्र की ओर अग्रसर है। यह भी कहा कि प्रातः आवाज के रास्ते में जो भी समस्या उत्पन्न होगी मैं हमेशा अखबार के लिये खड़ा मिलूंगा। इससे पूर्व अखबार के डाइरेक्टर हेमंत कुमार, संपादक नीलेन्दु जयपुरियार, पैट्रॉन राकेश रंजन, अजय सिंह उर्फ बबलू सिंह ने प्रिंटिंग यूनिट पहुंचने पर विधानसभाध्यक्ष का स्वागत किया। यहां उन्होंने फीता काटकर प्रिंटिंग मशीन का स्वीच ऑन कर प्रिंटिंग यूनिट का उद्‌घाटन किया। विधानसभाध्यक्ष ने घंटों तक रंगारंग कार्यक्रम का भी आनंद लिया और इस दौरान पिछले कई महीनों से मशीन में लगे कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने उद्यमी बिल्डर विजय कुमार और विभिन्न कलाकारों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने पहुंचकर मशीन में रूचि दिखाते हुए पूरी जानकारी प्राप्त की। अपने संबोधन में कहा कि यह अपने इलाके के लिये बड़ी उपलब्धि है और आनेवाले दिनों में पत्रकारिता के क्षेत्र में यह दिखेगा भी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिल्डर विजय कुमार, बटेश्वर मेहता, सुनील मोदी, करण जायसवाल, आनंद देव, राजीव रंजन मिश्रा, सुकल्याण मोइत्रा, प्रो. शत्रुघ्न पांडे, बिल्डर प्रणय कुमार, उद्यमी अंजनी कुमार, अरुण कुमार, रवि रंजन, रिकी, रितेश तिवारी, प्रहलाद सिंह, प्रदीप कुमार, महिला नेत्री शेफाली गुप्ता, ज्योत्सना, पूनम मिश्रा, डिंपल सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। मंच संचालन प्रदीप पाठक एवं विश्वेन्दु जयपुरियार ने किया।



मुख्यमंत्री ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, कहा

# किसानों की समृद्धि से राज्य की अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**प्रातः आवाज**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज कहा कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ अन्नदाताओं को मिले, इसे निश्चित तौर पर सुनिश्चित करें, क्योंकि किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, निबंधक, सहयोग समितियां सूरज कुमार, निदेशक कृषि कुमार ताराचंद, निदेशक पशुपालन किरण पासी, निदेशक, उद्यान फैज अक अहमद, निदेशक गव्य शाहनवाज अख्तर, निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी, निदेशक भूमि संरक्षण अजय कुमार सिंह, निदेशक, समेति विकास कुमार, जेएसएलपीएस के सीईओ संदीप सिंह और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे।



**राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जल स्तर का आकलन कर बोरिंग हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अलग-अलग क्षेत्र में जल स्तर में काफी भिन्नताएं हैं। किसी इलाके में ग्राउंड वाटर लेवल काफी नीचे है तो कहीं यह थोड़ा ऊपर है। ऐसे में किसी भी क्षेत्र में बोरिंग वहां के भूमिगत जल स्तर को देखते हुए किया जाना चाहिए , ताकि यह असफल साबित नहीं हो। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश कृषि समृद्धि योजना की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को दिया। इस योजना के तहत किसानों के बीच पंप सेट वितरित किया जाना है।

**किसानों और कृषक संगठन तथा समूह से संवाद करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कृषि से जुड़ी योजनाएं तभी सफल होंगी, जब किसानों को उसका पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं को लेकर किसानों, कृषक समूहों और कृषक संगठनों से संवाद करें। उनसे उनकी समस्याओं की जानकारी लें। अगर सरकार की किसी योजना में कोई त्रुटि है तो उसे जानने का प्रयास करें, ताकि समय पर उन त्रुटियों को दूर कर किसानों तक उसका लाभ पहुंचाया जा सके।

**किसानों के एनपीए माफी को लेकर बैंकों से बातचीत करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपये तक का ऋण माफ करने की योजना है। इससे पहले किसानों के 50 हजार रुपये तक का लोन माफ किया गया था। ऐसे में जिन किसानों का कृषि ऋण बकाया है, उनके एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करें, ताकि सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। इसके साथ मृतक लाभुकों का सही तरीके से सत्यापन करने के बाद ऋण माफी की राशि का भुगतान किया जाए।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए तालमेल बनाकर कार्य करें

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे में ये योजना इस तरह से क्रियान्वित हो कि किसानों को सुलभता के साथ पशु धन मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि पशु के साथ शेड और अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए कृषि विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निदेशालय समन्वय बनाकर कम करें। मुख्यमंत्री ने बकरी पालन पर भी विशेष जोर दिया। इसके लिए उन्होंने जिला स्तर पर बकरी फार्म बनाने का निर्देश दिया, जहां इसकी ब्रीडिंग की भी व्यवस्था हो।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में टाइम लाइन का रखें ध्यान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में टाइम फैक्टर काफी मायने रखता है। ऐसे में किसानों के बीच समय पर खाद -बीज का वितरण करने के साथ अन्य कृषि से जुड़ी सामग्रियां उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे इसका पूरा सदुपयोग कर सकें।

**लैम्प्स- पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता से जुड़ी जानकारी डिस्प्ले हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लैम्प्स -पैक्स के माध्यम से किसानों को खाद- और बीज उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में सभी लैम्प्स -पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी डिस्प्ले होनी चाहिए, ताकि किसानों को सुलभता से इसकी जानकारी मिल सके।

## चार डीएसपी का तबादला

**प्रातः आवाज**

**रांची।** राज्य सरकार ने चार डीएसपी का तबादला किया है। रांची में विशेष शाखा में पदस्थापित डीएसपी समीर कुमार सवैया को लोहरदगा जिले के किस्को का डीएसपी बनाया गया है। इसीप्रकार सीटीसी मुसाबनी में पदस्थापित डीएसपी अनिमेष गुप्ता को बोकारो का डीएसपी मुख्यालय, पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मुजीबुर रहमान को विशेष शाखा रांची का डीएसपी और पलामू आईआरबी-10 में पदस्थापित डीएसपी बेनेडिक्ट मरांडी को गिरिडीह आईआरबी- 9 का डीएसपी बनाया गया है। इस संबंध में बुधवार देर रात गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# अरविंद केजरीवाल को शराब नीति मामले में मिली जमानत

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले के मनी लॉड्रिंग मामले में जमानत दे दी है। वे शुक्रवार 21 जून को बाहर आ सकते है। वहीं दूसरी ओर एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने जमान के खिलाफ के लिए 48 घंटे का समय मांगा है। कोर्ट ने कहा कि ये दलीलें ड्यूटी जज के सामने की जा सकती हैं। इससे पहले ईडी ने कोर्ट में कहा था कि जमानत पर 48 घंटे का स्टे लगाया जाए लेकिन वेकेशन बेंच ने इससे इनकार कर दिया। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा सत्यमेव जयते। कोर्ट ने दिल्ली सीएम को 1 लाख रुपए का बेल बॉन्ड भरने को कहा है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के लिए 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। उन्हें एक अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया था। जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट में आज लगातार दूसरे दिन सुबह सुनवाई हुई। जज न्यायबिंदु की वेकेशन बेंच ने ईडी व केजरीवाल की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया गया था। 1 अप्रैल को वे तिहाड़ जेल भेजे गए। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। जमानत पर 21 दिन बाहर रहने के बाद 2 जून की शाम 5 बजे केजरीवाल ने तिहाड़ में सरेंडर किया था।

# झारखंड में जेपीएससी की परीक्षा का रास्ता साफ, हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को 11वीं जेपीएससी परीक्षा पीटी के मॉडल आंसर को चुनौती देने वाली याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद जेपीएससी की दलील को सही मानते हुए याचिका खारिज कर दी। 22 जून से 11वीं जेपीएससी की परीक्षा शुरू हो रही है। ऐसे में अब इस परीक्षा का रास्ता साफ हो गया। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में हुई। इस मामले में प्रियंका अनुज, जया कुमारी, सिद्धार्थ सौरभ सहित पांच छात्रों ने याचिका दाखिल की थी।जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने कोर्ट को बताया कि पीटी परीक्षा के बाद जेपीएससी ने 11वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का मॉडल आंसर प्रकाशित किया था, जिसके बाद जेपीएससी ने मॉडल आंसर को लेकर अभ्यार्थियों से आपत्ति भी मांगी थी। आपत्ति मिलने के बाद जेपीएससी ने सुधार कर संशोधित मॉडल आंसर निकाला था।



इस संशोधित मॉडल आंसर में एक और बार सुधार किया गया था। परीक्षा में असफल याचिकाकर्ता संशोधित मॉडल आंसर पर बेबुनियाद बात उठा रहे हैं, इसलिए उनकी याचिका खारिज की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### फेटा में नशा मुक्ति उन्मूलन कार्यक्रम

**रातू (प्रातः आवाज)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को हुरहुरी पंचायत के फेटा गांव में नशा उन्मुलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनीता देवी ने गांव के लोगो को नशा से होनेवाली नुकसान की जानकारी देते हुए इससे बचने की बात कही। उन्होंने बताया कि नशा करने वाले को आर्थिक, सामाजिक, मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। और नशें में वाहन से दुर्घटना भी होता है जिससे शारीरिक नुकसान पहुंचता है। यह सब बच्चों में सबसे ज्यादा ही देखने को मिल रहा है। नशा मुक्त करने के लिए इन्हें रिहैबिलिटेशन सेंटर में रखे जाने की जानकारी दी गई। जहां निःशुल्क इलाज तथा दवा मिलता है। कार्यक्रम अंत में महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शपथ दिलाया गया। मौके पर बरखा देवी, पम्मी देवी,सीमा देवी, रेणु देवी,सोनी देवी,लेखा देवी,शोभा देवी सहित कई महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### चोरों से बरामद 79 मोबाइल के आईएमईआई नंबर रातू पुलिस ने जारी किया

**रातू (प्रातः आवाज)।** 16 जुन को एतवार बाजार से पकडे गए नाबालिग मोबाईल चोर की निशानदेही पर रातू पुलिस ने 18 जुन को मोबाईल चोर गिरोह का कमडे से भंडाफोड किया। गिरफतार सात चोरो के पास से पुलिस को 79 मोबाईल मिले है। रातू पुलिस ने गुरूवार को छापामारी में मिली 79 मोबाईल की आईएमईआई नंबर अपना वाटसअप ग्रुप में जारी किया है। जिसके अनुसार जिनका भी मोबाईल है वे आईएमईआई नंबर मिलाकर अपना पेपर के साथ रातू थाना में जमा करेगें। जांच के बाद उनको उनका मोबाइल दे दिया जाएगा। ज्ञात हो कि रातू पुलिस ने मंगलवार को देर रात कमडे स्थित एक मकान से साहेबगंज के रहने वाले सात लोगो को गिरफतार किया।इनके पास से पुलिस को 79 मोबाईल मिले थे।

### सर्पदंश से नबालिग की मौत

**मांडर (प्रातः आवाज)।** सोसई गांव में बुधवार की रात को सर्पदंश से प्रियंका एक्का नामक एक 9 साल की बच्ची की मौत हो गयी। बताया गया कि प्रियंका एक्का पिता थॉमस एक्का बुधवार की रात को अपने घर में माता पिता के साथ सो रही थी। इसी क्रम में करीब साढ़े नौ बजे उसके चिल्लाने की आवाज पर जागे तो देखा कि उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया है। बाद में उसे ईलाज के लिए मांडर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में ही रास्ते में उसकी मौत हो गयी। मृतक प्रियंका कुमारी सोसई गांव में ही स्थित प्राथमिक स्कूल में तीसरी क्लास में पढ़ती थी।

### वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत



**बुढ़मू (प्रातः आवाज)।** गुरुवार को अहले सुबह 4 बजे वज्रपात की चपेट में आकर बुढ़मू निवासी गीता देवी (25) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गीता देवी सुबह में करीब चार बजे शौच के लिए अपने पति मलकु महतो के साथ गयी थी ,इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आकर मौके पर उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पूर्व मुखिया गोवर्धन लोहरा और मृतक के परिजन अशोक जी मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवाया। मृतका अपने पीछे दो मासूम बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई।

# लापुंग : दो बाइकों में भीषण टक्कर, तीन की मौत, दो घायल

## मृतकों में एक बिरदा, दूसरा फतेहपुर और तीसरा भरनो का रहने वाला था युवक

सुनील कुमार गुप्ता






**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के लतरातु डैम के ऊपर सड़क पर दो अलग-अलग बाईक की भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल हो गए। मृतकों में होंडा साइन एसपी नंबर जेएच 01 डी 0701 सवार फतेहपुर निवासी 16 वर्षीय साहिल मियां पिता स्वर्गीय इसराइल मियां और बिरदा निवासी 15 वर्षीय फैसल आलम पिता मुबारक खान एवं पल्सर एन बाइक सवार भरनो गढ़हा टोली निवासी 22 वर्षीय प्रतिकेश्वर उरांव पिता भोंदू उरांव शामिल हैं। घायलों में सिलमा बिरदा निवासी 18 वर्षीय जुलकर नैन पिता अहमद हुसैन तथा भरनो गुलैची टोली निवासी 20 वर्षीय मंगरा उरांव पिता जतरु उरांव शामिल हैं। दोनों घायलों को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां दोनो का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति में रिम्स भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया अलका तिर्की एवं विधायक प्रतिनिधि सुजीत तिर्की घटनास्थल पहुंचे और बाद में पुलिस भी वहां पहुंची और घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो भेजा। पुलिस सूत्रों के अनुसार होंडा साइन एसपी में सवार होकर साहिल, फैसल और जुलकर नैन लतरातु डैम गए थे। वहीं पल्सर बाइक एन एस पर सवार होकर भरनो गढ़हा टोली निवासी 22 वर्षीय प्रतिकेश्वर उरांव एवं भरनो गुलैची टोली निवासी 20 वर्षीय मंगरा उरांव अपने किसी मित्र का बर्थडे पार्टी मनाने लतरातु डैम गए थे। इसी दौरान लतरातु डैम में बनी चौड़ी सड़क पर तेज गति से होने के कारण दोनों बाइक में भीषण टक्कर हो गई। बाइक सवार में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर ही होंडा साइन एसपी बाईक पर सवार 16 वर्षीय साहिल मियां एवं फैसल आलम की दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरे बाइक में सवार 22 वर्षीय प्रतिकेश्वर उरांव ने भी अपनी जान गंवा दी। लतरातु डैम में खुशियां मातम में बदल गई। लापुंग पुलिस ने तीनों युवकों के शवों का पंचनामा कर थाना ले गई। वहीं घायलों का प्राथमिक उपचार बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। घायलों से मिलने दोनों के परिजन हॉस्पिटल पहुंचे।

## बेसहारा को मिला आर्टिफिशियल पैर का सहारा, बच्ची को मिली नई जिंदगी

प्रातः आवाज

**सोनाहातू।** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सोनाहातू प्रखंड अंतर्गत चोकाहातू टोला बांधडीह के सोहराय सिंह मुंडा के पुत्री मुस्कान कुमारी की आर्टिफिशियल पैर लगा कर नई जिंदगी दी गई। डेढ़ वर्ष की उम्र में आग लगने से दोनो पैर को काटना पड़ा था। गरीब परिवार की बच्ची लाचार हो चुकी थी। किसी तरह गांव के स्कूल में पांचवी तक पढ़ाई की थी और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सोनाहातू में छठी क्लास में नामांकन करने के लिए आवेदन जमा किया हैं। आवेदन के आलोक में स्कूल के वार्डन शशि बाड़ा और शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो बच्ची के घर गए। विधायक ने तत्काल रुचि लेते हुए एंबुलेंस से बच्ची को पिता के साथ मेडिका अस्पताल रांची भेजे। डॉक्टरों की टीम ने जांच कर आर्टिफिशियल पैर लगा दिया।





## विधायक ने की चान्हो चोरेया स्थित देवेंद्र नाथ सिंह स्कूल में प्रबंधन समिति की बैठक

प्रातः आवाज



**चान्हो।** गुरुवार को चान्हो प्रखंड के चोरेया पंचायत स्थित देवेंद्र नाथ सिंह उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के अध्यक्षता में की गई।

बैठक मे स्कूली शिक्षा को और बेहतर करने, स्कूल मे बच्चों को शिक्षा के अलावा आने वाली अन्य और कमियों को दूर करने, स्कूल का रंग-रोगन एवं सुंदरीकरण के विषय मे चर्चा किया गया।

बैठक के पश्चात विधायक ने इस साल स्कूल से मैट्रिक में अव्वल आये छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन सम्मान राशि का भी वितरण किया।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक एवं अन्य उपस्थित रहे।

## जाति आधारित जनगणना कराने के फैसला को स्वागत करता हूं परंतु ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का सरकार प्रस्ताव पारित करें : ब्रह्मदेव प्रसाद

प्रातः आवाज



**रांची।** चंपई सोरेन के सरकार झारखंड में जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला किया है जो स्वागत योग्य है पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश इसका स्वागत करती है और यह पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच का लगातार संघर्ष और आंदोलन का प्रतिफल है चंपई सरकार से पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच यह मांग करती है कि जल्द से जल्द जाति आधारित जनगणना कराकर ओबीसी को आरक्षण बढ़ाते हुए ट्रिपल टेस्ट कराकर निकाय चुनाव कराया जाए ताकि ओबीसी समाज को राजनैतिक भागीदारी मिल सके। विधानसभा चुनाव के घोषणा के पूर्व मंच यह मांग करती है की जाति आधारित जनगणना कराकर ओबीसी समाज को आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पारित कराया जाए जिससे कि ओबीसी समाज का राजनैतिक, शैक्षणिक, आर्थिक सामाजिक भागीदारी जनसंख्या के अनुपात में मिल सके साथ ही शिक्षा संस्थानों में सरकारी नौकरियां में उच्च शिक्षण प्रस्थानों में ओबीसी को आरक्षण जनसंख्या के अनुपात में देने का प्रस्ताव पारित कराया जाए साथ ही ओबीसी समाज के छात्र-छात्राओं के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक निःशुल्क ओबीसी छात्रावास का निर्माण कराया जाए। यदि विधानसभा चुनाव के पूर्व आचार संहिता लगने से पहले उपरोक्त मांगों को सरकार अपने कैबिनेट में प्रस्ताव पारित नहीं कराती है तो पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच सरकार को जिला मुख्यालय से लेकर विधानसभा तक घेरने का कार्य करेगी और सरकार का विरोध करेगी। केवल जाति आधारित जनसंख्या करने से काम नहीं चलेगा जब तक हक और अधिकार नहीं मिल जाता है तब तक मंच पूरे प्रदेश में लगातार आंदोलन जारी रखेगा और सरकार को विरोध करने का कार्य करेगी।

## पहली बारिश में ही रातू जलमग्न



**रातू।** रातू तथा आसपास के क्षेत्रो में गुरुवार शाम हुई बारिश से कई इलाका जलमग्न हो गया है। तिलता ब्रीज के नीचे बने गडढ़े के कारण वहां एक ओर का रास्ता पुरी तरह बंद हो गया। वहीं रानी बगीचा रोड नंबर वन में भी सड़क में लगभग दो फीट पानी जमा हो गया है। यहां पर जल निकासी का जगह नहीं होने के कारण सडक में पानी भर जा रहा है। वहीं विवान फयुल्स के बगल वाली सड़क से एतवार बाजार जाने वाली सडक में भी पानी के कारण लोग उधर से नहीं जा रहे है। डाकघर से आमटांड जाने वाली सड़क का तो हाल बुरा है। यहां पर नाली का पानी पुरा सड़क पर बह रहा है जिसके कारण आसपास रहने वाले लोग बदबु से परेशान है। तिलता ओवरब्रीज के पास एनएचआई के द्वारा सड़क चौडीकरण के कारण खोदा गया गड़ढ़ा में पानी भर गया है जिसके कारण आने जाने वालो को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

## 25वें वार्षिक उत्सव पर मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर

प्रातः आवाज



**रांची।** गुरुवार को भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के 25वें वार्षिक उत्सव पर मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर मे 23 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमे से 4 लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। यह शिविर सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ।

रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय एवं मुनचुन राय जी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी एवं मंच के सदस्यों को रक्तदान शिविर जैसे नेक काम के लिए बधाई दी।

मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल के साथ कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी, पूर्व अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, मुकेश जालान, मनीष लोधा, दीपक गोयनका, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश जाजोदिया के साथ विकाश गोयल, अमित सोनी विवेक अग्रवाल, हर्ष जालान, यश सुरेखा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## समाचार सार

### इस्कॉन द्वारा बाजार में खिचड़ी व पानी का वितरण



**रातू (प्रातः आवाज)।** इस्कॉन कमडे के द्वारा गुरूवार को एसबीएल गेट के पास लगने वाले बाजार में खिचडी व पानी का वितरण किया गया। क्षेत्र में पड रही गर्मी को देखते हुए कि कोई खाली पेट ना रहे इसे देखते हुए इस्कॉन के द्वारा बाजार में सभी दुकानदारो के अलावे सब्जी खरीदने आए लोगो के बीच खिचडी वितरण की जा रही थी। इस दौरान सभी लोग हरे कृष्णा-हरे कृष्णा की धुन के साथ गीत भी गा रहे थे। सब्जी बेचने वालो ने खिचडी पाकर इनका धन्यवाद किया।

### योग दिवस पर रातू में कई कार्यक्रम



**रातू (प्रातः आवाज)।** योग दिवस पर रातू तथा आसपास के स्कूलो में शुक्रवार को योग का कई कार्यक्रम किया जाएगा।इसके अलावे हाई स्कूल मैदान,सीएचसी में भी योग का आयोजन किया जाएगा। वही प्रखंड के हुरहुरी निवासी जावेद अंसारी उर्फ मन्नू 44 वर्ष जो क्षेत्र में योग गुरू के रूप में विख्यात है। वे भी योग के कई गुरू सिखाएगे। मन्नु योगा के सभी आसन करते है। बाइक व कार पर घंटो सिरसाशन करते है। सात साल की छोटी उम्र से ही परिजनों से छिप छिपाकर योगाभ्यास करते थे। यह विद्या उन्हें अपने दादा नसरुद्दीन अंसारी से मिला। योग के अलावे वे मेहनत मजदूरी भी कर लेते हैं। जिससे उनका परिवार का भरण पोषण हो रहा है। उनकी इच्छा है कि राज्य सरकार से योग गुरु का प्रमाण पत्र के साथ प्रोत्साहन भी मिले। मन्नु के परिवार में पत्नी आईसा खातून और दो पुत्र व दो पुत्री हैं। पिता उस्मान अंसारी पेशे से मजदूर हैं।

### ठाकुरगांव में साप्ताहिक बाजार से चोरों ने की बाइक चोरी

**बुढ़मू(प्रातः आवाज)।** ठाकुरगांव साप्ताहिक बाजार से गुरुवार को अज्ञात चोरों ने एक बाइक चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार बरौदी निवासी बचन साहु अपनी पैशन प्रो बाइक JH01BB 3145 से अपने भाई के श्राद्धकर्म के लिए सब्जी खरीदने ठाकुरगांव बाजार गया था। सब्जी खरीदकर पीड़ित जब अपनी बाइक के पास पहुंचा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल पाया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के बाजारों से मोबाइल व बाइक चोरी की घटना इन दिनों काफी बढ़ गई है। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि जल्द ही चोर गिरोह को पकड़ा जायेगा।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में लांधूपडीह और सोनहातू ने किया कब्जा

प्रातः आवाज



**सोनाहातू।** प्रखंड के थाना मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट के बालक वर्ग के अंडर 17 के मुकाबला में प्लस टू विद्यालय लांधुपडीह की टीम ने प्लस टू विद्यालय सोनाहातू को 2 गोल से पराजित किया। विजेता प्लस टू लांधूपडीह अब जिला स्तर में खेलेगी।

इधर बालक वर्ग के अंडर 15 का फाइनल मुकाबला मिडिल स्कूल सोनाहातू की टीम और मिडिल स्कूल जिंतु के बीच हुआ जिसमें सोनाहातू की टीम 1गोल से विजयी रहा। टूनार्मेंट समापन पर प्रमुख विक्टोरिया देवी,बीडीओ खगेश कुमार, बीईओ विमलकांत झा आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रमाणिक,झरिया महतो, विपिन पाल,श्यामल दास आदि मौजूद थे। संचालन इंद्रजीत बैठा ने किया। खेल को संपन्न कराने में खेल शिक्षक विंदेश्वर महतो उर्फ डिप्टी महतो की टीम ने सहयोग किया।

## मांडर में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

प्रातः आवाज

**मांडर।** मांडर में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरूवात गुरुवार को संत जैविर्स उच्च विद्यालय के प्रांगण में हुई। प्रतियोगिता का बालक वर्ग अंडर-17 का उदघाटन मैच राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुवाजाड़ी बनाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय सकरपदा के बीच खेला गया जिसमे सकरपदा ने महुवाजाड़ी को 1-0 से हराया। इस मैच का उदघाटन संत जैविर्स उच्च विद्यालय के प्रचार्य फादर जॉन शैलेन्द्र टोप्पो ने किया, वहीं बालक वर्ग अंडर -15 का मैच संत अलॉइस मध्य विद्यालय एवं राजकीय मध्य विद्यालय तिगोई अम्बा टोली के बीच खेला गया जिसमे संत अलॉइस ने अम्बा टोली को 1-0 से पराजित किया। शुक्रवार को बालक व बालिका वर्ग का फाइनल मैच खेला जायगा, साथ ही प्रखंड स्तरीय चयनित टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु भेजा जाएगा, मौके पर बी पी ओ गुलाम सरवर, राकेश कुमार, सुदर्शन कुमार, इमाम, कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## विद्यालय के विकास और वातावरण निर्माण में बाल संसद की महत्वपूर्ण भूमिका : प्रकाश उरांव

प्रातः आवाज





**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव की देखरेख में बाल संसद का गठन किया गया। बैठक का पर्यवेक्षण संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता ने किया। सर्वसम्मति से बाल संसद का प्रधानमंत्री के रूप में किशोर उरांव का चयन किया गया। करतल ध्वनि से छात्र-छात्राओं ने उनका समर्थन किया। वहीं बाल संसद के गठन के दौरान जयंती कुमारी को स्वास्थ्य मंत्री, राहुल गोप को शिक्षा मंत्री, नीरज राम को स्वच्छता मंत्री, अनिकेत कुमार लोहरा को सुरक्षा एवं न्याय मंत्री बनाया गया। अनंत कुमार को पोषण मंत्री, अनुष्का कुमारी को उपस्थिति मंत्री, नीरज मुंडा को पर्यावरण मंत्री, सुमन कुमारी को कौशल विकास मंत्री, अंजनी कुमारी को खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री तथा लक्ष्मी उरांव को सर्वसम्मति से संचार एवं संपर्क मंत्री बनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने बाल संसद के सभी मंत्रियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बाल संसद के बच्चों को भी अपनी जिम्मेवारियों को निभाना होगा। वहीं सहायक शिक्षक सूरज प्रसाद सिंह ने कहा कि स्कूल के प्रत्येक गतिविधियों का नेतृत्व बाल संसद के द्वारा की जाती है। वहीं कालीचरण चौधरी ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली से विद्यालय का संचालन कैसे हो और विद्यालय के विकास में बाल संसद कैसे भूमिका निभाएगी यह विद्यालय प्रबंधन समिति और विद्यालय के शिक्षक मिलकर तय करेंगे। वहीं बाल संसद गठन का संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक उत्तम कुमार मंडल ने कहा कि विद्यालय की साफ सफाई, विद्यालय में पौधारोपण, पोषण वाटिका निर्माण, विद्यालय में अनुशासन तथा गुणवत्ता युक्त शिक्षा के वातावरण निर्माण के लिए बाल संसद की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मौके पर सहायक अध्यापक मो समीउल्लाह हक, जितेंद्र मुंडा सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## समाचार सार

### सभी 27 सांगठनिक जिलों और 513 मंडलों में भाजपा आयोजित करेगी योग दिवस कार्यक्रम

**रांची (प्रातः आवाज)।** प्रदेश भाजपा द्वारा राज्य के सभी 27 सांगठनिक जिलों एवं 513 मंडलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी गुरुवार को प्रदेश उपाध्यक्ष एवम योग दिवस कार्यक्रम की प्रदेश संयोजक आरती कुजूर ने दी। उन्होंने बताया कि 21 जून को 10वां योग दिवस कार्यक्रम सुबह 7 बजे 540 स्थानों पर होंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रॉक गार्डन स्थित कार्यक्रम में शामिल होंगे जबकि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी चंदनक्यारी में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह सरस्वती शिशु मंदिर में, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र और विधायक नवीन जायसवाल अरगोड़ा मैदान में, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, एवं सांसद दीपक प्रकाश पटेल पार्क हरमू में, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू एसएस हाई स्कूल ओरमांझी में, डॉ प्रदीप वर्मा टाटी सिलवे मैदान में, मनोज सिंह मेदनीनगर में शामिल होंगे। पार्टी के सभी सात मोर्चों द्वारा अलग अलग जिला मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किया सात जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को शो-कॉज



**रांची (प्रातः आवाज)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत की ओर से गुरुवार को बेड़ो प्रखंड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी की ओर से सात जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को शो-कॉज जारी किया है। औचक निरीक्षण के दौरान इन दुकानदारों के जरिये राशन वितरण में अनियमितता पायी गयी। इन जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा सूचना पट में स्टॉक नहीं दशार्ने, गोदाम का दरवाजा बंद रखने, वेट मशीन के साथ बटखरा पाए जाने, दुकान में कार्डधारियों की अनुपस्थिति में राशन कार्ड जमा करने, अंगूठा लेकर दो-तीन दिन बाद दाल वितरण करने एवं दुकान बंद रखने के आरोप हैं।

### उपायुक्त ने की जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक



**रांची (प्रातः आवाज)।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत सूचीबद्ध निजी स्वास्थ्य संस्थानों के जरिये चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराए जाने के बाद इंश्योरेंस कंपनी द्वारा निष्क्रिय किए गए मामलों में भुगतान नहीं किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों से निष्क्रिय किए गए मामलों की जानकारी ली गई। निजी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधियों के जरिये निष्क्रिय मामलों के लेकर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों से आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की गई। उपायुक्त ने अस्पतालों को केन्द्र-राज्य सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार ससयम डॉक्यूमेंट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि भविष्य में रिजेक्शन ना हो।

### नए आपराधिक कानून पर 163 मास्टर ट्रेनर को मिला प्रशिक्षण



**रांची (प्रातः आवाज)।** नए आपराधिक कानून को लेकर 163 मास्टर ट्रेनर को ई-एसएकेएचवाईए एप का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण गुरूवार को अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में दिया गया। इसमें झारखंड पुलिस की पूर्व से चयनित 163 मास्टर ट्रेनरों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का संचालन राज्य सूचना विभाग पदाधिकारी एनआईसी झारखंड की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम में एडीजी आधुनिकीकरण और प्रशिक्षण सुमन गुप्ता सहित गृह विभागकी ओर से गठित कमेटी के सभी सदस्य शामिल थे।

### विवाहिता ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची (प्रातः आवाज)।** पंडरा ओपी क्षेत्र के हेसल में गुरुवार को एक विवाहिता ने कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार महिला की शिनाख्त पूजा देवी (29) के रुप में की गयी है। पूजा गुजरात की रहने वाली है। पूजा का विवाह देवेश कुमार रंजन से दिसम्बर 2023 में हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद ही पूजा मायके चली गयी थी। कुछ दिन पहले ही आयी थी। ओपी प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मृतका के परिजनों को मामले की सूचना दे दी गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है।

### अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व बच्चों ने किया योगाभ्यास




**रांची (प्रातः आवाज)।** भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं रिलेशंस की ओर से गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व संध्या पर बरियातू रोड स्थित डांस वांस में सैंकड़ो बच्चों ने एक साथ योगाभ्यास किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डांस वांस नृत्य संस्थान के निदेशक शिवम मनोहरण और भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। योग प्रशिक्षक सन्नी और प्राची ने सभी बच्चों को योग सिखाया। इस दौरान बच्चों को प्राणायाम, आसन एवं सूर्य नमस्कार का योगाभ्यास कराया। मुख्य अतिथि शिवम मनोहरण और आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल से 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। व्यस्थ जीवन शैली मन और शरीर के लिए योग जरूरी है । स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है। हम सबको हमेशा योग के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। तभी हम और हमारा भारत रोग मुक्त भारत की दिशा में अग्रसर रहेगा।

# हर वर्ग के विकास के लिए दरवाजे खोलेगा जातिगत जनगणना : प्रदीप यादव

प्रातः आवाज




**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के उप नेता प्रदीप यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना हर वर्ग के विकास के लिए दरवाजे खोलेगा। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन सरकार के जरिये कैबिनेट की ओर से जातिगत जनगणना के लिए प्रस्ताव को मंजूरी मिलना। सूबे के उन सभी वर्गों के विकास के लिए दरवाजे खोलेगा। जिन्हें अबतक उनके भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी नहीं मिली है।

प्रदीप यादव गुरुवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने प्रस्ताव पारित होने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन कैबिनेट के सदस्यों सहित कांग्रेस एवं गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भी धन्यवाद दिया कि राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया और आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। हमारे प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर लगातार इसे लेकर सरकार से बात कर रहे थे। यादव ने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि यह निर्णय राज्य के दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों ,वंचितों, अल्पसंख्यक और मूलवासियों को राज्य के विकास में भागीदार बनाएगा।

उन्होंने कहा कि विगत 20 वर्षों से भाजपा ने एक साजिश के तहत जिस तरह एक बड़े हिस्से को अपना अधिकार से वंचित रखा था। यह उन्हें उनका अधिकार दिलाएगा। कांग्रेस और राहुल गांधी चाहते थे कि पूरे देश में जातिगत जनगणना हो इसके लिए लंबा संघर्ष आज भी किया जा रहा है, झारखंड सरकार का यह निर्णय इस संघर्ष को भी प्रभावित करेगा और देश में संदेश देगा कि कांग्रेस की सरकार और गठबंधन की सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह गंभीर है।

## कांग्रेस की चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक स्थगित

**रांची।** कांग्रेस की 21,23 और 24 जून को होने वाली लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक स्थगित कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुरुवार को बताया कि देश में हुए नीट पेपर लीक के मामले में राज्यव्यापी प्रदर्शन का आयोजन 21 जून को किया गया है उसे देखते हुए समीक्षा बैठक स्थगित की गई है। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में झारखंड के लिए बैठक आयोजित की गई है, जिसमें झारखंड से वरीय नेता भाग लेंगे। इसी वजह से 23 और 24 जून को विभिन्न लोकसभा के लिए होने वाली समीक्षा समिति की बैठक स्थगित की गई है। शांति ने बताया कि समिति अब 29 जून को रांची लोकसभा, 30 जून को चतरा एवं लातेहार में, एक जुलाई को लोहरदगा , 2 जुलाई को खूंटी और तीन जुलाई को धनबाद लोकसभा में समीक्षा बैठक करेगी।

## नीट पेपर लीक मामले की जांच करें सीबीआई : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रातः आवाज



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी की ओर से मांग करते हुए कहा कि नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई करे। साथ ही उन्होंने इस मामले में एनटीए ( नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के चेयरमैन और मानव संसाधन मंत्री की गिरफ्तारी की मांग की। इसके अलावा प्रधानमंत्री से मानव संसाधन मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग की। भट्टाचार्य गुरुवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में होने वाले इस तरह के सारे फर्जीवाड़े भाजपा के शासन काल में हुए हैं। सुप्रियो ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के नालंदा आये थे। वहां उन्होंने कहा कि भारत को आगे ले जाना है। विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने कहा कि लगता है मोदी अभी भी चुनावी मोड में हैं।

उन्होंने कहा कि तय तारीख को परीक्षा होती है और दूसरे दिन मोदी शिक्षा पर बड़ी-बड़ी बातें कहते हैं। लेकिन रात को परीक्षा रद्द हो जाती है। उन्होंने कहा नीट परीक्षा मामला सीधे तौर पर देश में शिक्षा से जुड़ा मामला है।

## राज्य में शीघ्र होगी मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना की शुरूआत : चम्पाई

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में शीघ्र ₹मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना₹ की शुरूआत करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत 25 वर्ष से ऊपर तथा 50 वर्ष से कम उम्र की सभी वर्ग समुदाय की गरीब जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड प्रदेश की महिलाओं के बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मानसून के मद्देनजर नाले नालियों की सफाई कराना प्राथमिकता होगी : नगर विकास सचिव

- सभी निकायों में जलजमाव की समस्या के रोकथाम के उपाय किये जायेंगे

प्रातः आवाज



**रांची।** नगर विकास सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि राज्य के सभी शहरी निकायों में मानसून के मद्देनजर नाले नालियों की सफाई कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना प्राथमिकता होगी। गुरुवार को नगर विकास सचिव अरवा राजकमल ने चंद्रशेखर से प्रभार ग्रहण करने के बाद ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि साथ ही सभी निकायों में जलजमाव की समस्या के रोकथाम के उपाय किये जायेंगे। इसके लिए निकायों के अधिकारियों को प्रभार ग्रहण करने के साथ ही निर्देश भी जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेयजलापूर्ति एवं सीवरेज संबंधी चालू योजनाओं को गति प्रदान कर उसका लाभ आम जनता को दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसकी जल्द ही समीक्षा की जायेगी। राजकमल ने कहा कि नगर विकास से संबंधित दीर्घावधि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सुधारात्मक निर्णय लेकर सकारात्मक पहल की जायेगी।

सचिव ने कहा कि विभाग को नये कनीय अभियंताओं के पदास्थापन से विकास कार्यों के लिए बल मिला है। उन्हें प्रशिक्षित कर नगर स्तर पर होने वाले कार्यों की जवाबदेही सौंपी जायेगी। इससे स्थानीय स्तर के कामों में तेजी आयेगी। नगर विकास विभाग के कार्यों में अन्य विभागों के साथ संबंध रहता है। इसके लिए दूसरे विभागों के साथ समन्वय बना कर योजनाओं में तेजी लायी जायेगी। रांची पेयजलापूर्ति योजना फेज - एक के तहत राइजिंग पाइप बिछाने के लिए वैकल्पिक मार्ग की तलाश का काम चल रहा है। निकायों के अधीन जो भी पोखर तालाब हैं, उनकी सफाई और सुरक्षा का निर्देश जारी कर दिया गया है। साथ ही अधिक से अधिक पौधरोपण करने का भी निर्देश दिया गया है।

## नशा मुक्ति को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित, जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर

प्रातः आवाज




**रांची।** मादक पदार्थों पर रोक को लेकर गुरुवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान एसपी एनसीबी सारिक उमर की ओर से विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों और उनके प्रभाव के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी। उपस्थित लोगों विशेषकर छात्रों को मादक पदार्थों की पहचान, सेवन से होने वाले प्रभाव और बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। नशे के सेवन से किस तरह युवा पीढ़ी और समाज प्रभावित हो रहे हैं इससे संबंधित एनसीबी का वीडियो भी सभी को दिखाया गया। कार्यशाला में संबोधित करते हुए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि नशा के खिलाफ जनजागरण की आवश्यकता है। माता-पिता सहित अन्य अभिभावक बच्चों के क्रियाकलापों पर नजर रखें, उनसे बातचीत करें, साथ में लंच या डिनर करें। बच्चों की आंखों, चलने और बोलने के तरीके से पहचानें, कहीं वो नशा तो नहीं कर रहा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि सिगरेट क्या है?, तंबाकू की डंडी, जिसके एक सिरे में धुआं है और दूसरे सिरे पर एक मूर्ख।

उन्होंने बताया कि इसके लिए रांची पुलिस ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिस पर व्हाट्सऐप के माध्यम से रांची में चल रहे नशे के कारोबार, मादक पदार्थों की बिक्री एवं इसमें संलिप्त व्यक्ति की जानकारी दी जा सकती है। कार्यशाला के दौरान सभी को ये वीडियो दिखाया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित लोगों को हेल्पलाइन नंबर 9153886238 नोट कराया गया एवं सभी से दूसरे लोगों से साझा करने की अपील की गयी। कार्यशाला में न्यूरो फिजिशियन, रिनपास सजल अशीष नाग ने मादक पदार्थों के आदि हो चुके व्यक्ति के उपचार के संबंधित आवश्यक जानकारी दी।

## डीसी ने की राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक

प्रातः आवाज




**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को समाहरणालय में राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी से विशेष रूप से कहा कि भूमि का सीमांकन, दाखिल खारिज, रैय्यती जमीन पर लगान लगा कर सरकारी खजाने में लगान जमा कराना, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण ना हो इसके लिए इसे सहेज कर रखना, जितने भी भू-हस्तान्तरण के मामले भारत सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं में देना है, उसका भू-हस्तान्तरण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने लंबित दाखिल - खारिज (लंबित 30 दिन बिना आपत्ति एवं लंबित 90 दिन आपत्ति) एवं भूमि सीमांकन के मामलों की सघन समीक्षा की । कार्य निष्पादन पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बंधित अंचल अधिकारियों को जल्द से जल्द लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन के मामले का निष्पादन ससमय करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन मामलों का निष्पादन ससमय नहीं होने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी जमीन का अधिग्रहण एवं स्थानांतरण राज्य सरकार के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए अंचलों में जो महत्वपूर्ण योजनाएं बड़े पैमाने में चल रही हैं , उसे पूरा कराने की दिशा में कार्य सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अंचल अधिकारियों से अंचल में लंबित प्रमाण पत्र (जाति/आय/आवसीय) के बारे में जानकारी लेते हुए इसे ससमय बना कर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र समय पर आवेदक को मिल जाए, यह सुनिश्चित किया जाये। उपायुक्त ने भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के विभिन्न एजेंसियों के भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

## झारखंड हाई कोर्ट में उपस्थित हुए पेयजल सचिव और नगर आयुक्त को लगी फटकार

**रांची।** रांची के जलश्रोतों के संरक्षण और रांची के तीन डैमों की साफ-सफाई और अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। पेयजल विभाग के सचिव और रांची नगर निगम के नगर आयुक्त कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। इस संबंध में झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। अदालत ने पेश अधिकारियों से पूछा कि शहर में पीने के पानी में गंदगी पर हाई कोर्ट से पहले विभाग का ध्यान क्यों नहीं जाता? कोर्ट के संज्ञान के बाद ही विभाग क्यों जागा ? इसके साथ ही अदालत ने दोनों अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अगली सुनवाई के दौरान दोबारा कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया। साथ ही कोर्ट ने नगर विकास विभाग के सचिव को भी ने अगली सुनवाई में अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने गुरुवार को नगर आयुक्त और पेयजल विभाग के सचिव से पूछा कि बड़ा तालाब और डैमों की सफाई के लिए लॉन्ग टर्म प्लान क्या है तो दोनों अधिकारियों ने अदालत को बताया कि इसके लिए कई एजेंसियों से विचार विमर्श किया जा रहा है और इसमें नगर विकास विभाग की भी भूमिका है। नगर विकास विभाग जब तक सीवरेज का काम पूरा नहीं करेगा, तब तक जलाशयों को स्वच्छ रखने में दिक्कत होगी। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई में नगर विकास विभाग के सचिव को भी हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया।

## झामुमो अपने साढ़े चार वर्षों तक युवाओं के साथ किए अत्याचार को बताए : प्रदीप वर्मा

प्रातः आवाज



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो प्रवक्ता की प्रेसवार्ता पर तीखा पलटवार किया है। वर्मा ने कहा कि राज्य के हर हिस्से, प्रत्येक विभाग में आकंठ भ्रष्टाचार करने वाले लोगो से केंद्र सरकार और अन्य एजेंसियों पर उंगली उठाना एक मजाक ही लगता है। यहां सौ चूहे खा कर हज यात्रा पर जाने वाली कहावत ही चरितार्थ होती दिखती है।

उन्होंने कहा कि आज एनटीए, यूजीसी और नीट पर सवाल खड़ा करने वाले झामुमो को बताना चाहिए कि कैसे उनकी सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य के बेरोजगार युवाओं को केवल ठगा है। झामुमो बताए कि कैसे जेपीएससी, जेएससीसी की परीक्षाएं बार बार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं। कैसे कई जिलों में सेंटर ही बिक गए। कैसे लगातार सीरीज में रॉल नंबर के परीक्षार्थी परीक्षा में पास हुए। कैसे गड़बड़ी वाले सेंटर की ओएमआर सीट गायब की गईं। उन्होंने कहा कि झामुमो बताए कि कैसे राज्य सरकार के दलालों बिचौलियों के व्हाट्स एप चैट में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र की बोली लगाई गई, बेचा गया। उन्होंने कहा कि ये वही ठगबंधन सरकार है, जिसने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों पर लाठियां बरसाईं और डराने धमकाने के लिए मुकदमे दर्ज किए।

उन्होंने कहा कि आज ये नीट और यूजीसी पर सवाल खड़े कर रहे जबकि केंद्र सरकार इस पर पूरी तरह गंभीर है। नीट का मामला न्यायालय में दर्ज है। जो भी निर्देश आएगा केंद्र सरकार उसका पूरी तरह अनुपालन करेगी, ऐसा केंद्रीय मंत्री ने पहले ही कहा है। उन्होंने कहा कि नीट के संबंध में जो गड़बड़ियां उजागर हुई हैं, उसमें इनके एलायंस पार्टनर आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव के सहयोगी का नाम उजागर हुआ है। अच्छा होता झामुमो इस पर अपनी प्रतिक्रिया देता।

# सरकार के पास पैसों की कमी सिर्फ गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए रहती है : बाबूलाल

प्रातः आवाज



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों की योजनाएं चलाने के लिए पैसे का रोना रोती है। उन्होंने कहा कि जहां गठबंधन सरकार के पास महिलाओं को चूल्हा खर्च देने के नाम पर 2000 रुपये तक नहीं हैं, जहां बेरोजगारी भत्ता देने में सरकार की रूह कांप उठती है, जहां किसानों की दो लाख तक कर्ज माफी करने में सरकार के पास पैसे नहीं बचते है, जहां गरीबों की थाली में दो वक्त की रोटी मुहैया कराने में पैसे की कमी हो जाती है, उसी गठबंधन सरकार के लिए खुद के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने कहा कि जहां मुख्यमंत्री को महीने के 80,000 रुपये, मंत्री और राज्यमंत्री को 65,000 रुपये तथा विधायकों को 40,000 रुपये कम पड़ जाते हों, वहीं झारखंड की आम जनता के भविष्य और जीवन यापन के लिए सरकार के पास 2 आना भी नहीं है। ये कैसी सरकार है जिसकी, बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में सांसें फूलने लगती हो, छात्रों के लिए नौकरी का विज्ञापन निकालने में हाथ थरथराने लगते हों।

उन्होंने कहा कि मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने में जिनकी इंसानियत मर जाती हो, महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में जिनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक जाती हो, गरीबों के बेहतर जीवन यापन की गारंटी देने में जिनकी कलम चलनी बंद हो जाती है, किसानों के साथ न्याय करने में जिनके पसीने छूटने लगते हों, झारखंड की जनता ऐसी सरकार के बारे में जानना चाहती है। जब बात खुद के इंतजाम की आती है तो इतने पैसे सरकार के किस बटुए में आ जाते हैं, सरकार के आंगन में लगा वो कौन सा पैसों का पेड़ है जो सत्ताधारियों, जन प्रतिनिधियों के लिए ही धन की वर्षा करता है कि सभी के वेतन में 20,000 रुपये का इजाफा कर दिया जाता है।

आज योग दिवस पर मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आयोजित होगा मुख्य कार्यक्रम, तैयारी पूरी

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सरकारी पदाधिकारी और कर्मचारी एवं आम लोग जरूर लें भाग : डीसी

संजय सिंह / उमेश

**पलामू।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पलामू के उपायुक्त के नेतृत्व में सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बीते दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश और जिम्मेवारी पलामू के डीसी ने दे दिया है।




## योग दिवस पर आम से लेकर खास लोग करेंगे योगाभ्यास

पलामू के ऐतिहासिक शिवाजी मैदान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान के योग गुरु राजीव शरण और ममता दीदी द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। 21 जून को सुबह 6 बजे से शिवाजी मैदान में पलामू जिला प्रशासन के पदाधिकारी, कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं एएनएम, कई स्कूलों के बच्चे, शिक्षक, राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता, मीडिया कर्मी समाजसेवी एवं आम से लेकर खास लोग शिरकत कर योग अभ्यास करेंगे।

## योग दिवस की सारी तैयारी कर ली गई है पूरी

शहर के शिवाजी मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शिवाजी मैदान की साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था, लाइट एंड साउंड, मंच, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा कर दिया गया है।

## प्रखंड मुख्यालय में भी योग दिवस पर होंगे कार्यक्रम


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी हेतु पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टी शर्ट वितरित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी इस योग दिवस के अवसर पर अनिवार्यतः मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक तथा सभी ग्राम पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## योग पर आधारित कुछ चयनित वीडियो दिखाया जाएगा

कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6 बजे से लेकर 7 बजे तक किया जायेगा। तत्पश्चात न्यू टाउन हॉल में सभी लोगों को योग के ऊपर बनाये गये कुछ वीडियो को दिखाया जायेगा।

# पीएम ग्राम सड़क योजना में हुई गड़बड़ी पर सांसद ने मुख्य सचिव एवं डीजीपी को लिखा पत्र

सड़कों के निर्माण में हुई गड़बड़ी पर एसीबी जांच लंबित होने पर पलामू सांसद ने की चिंता जाहिर



संजय सिंह/ उमेश

सांसद ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, झारखंड को पत्र लिखकर सूचित किया है कि निम्नलिखित सड़कों के निर्माण में बरती गयी अनियमितता के लिए वर्ष 2014 में विभिन्न थानों में कांड दर्ज किया गया और कालान्तर में इनका अनुसंधान एसीबी को समर्पित कर दिया गया तब से आज तक इन कांडों का अनुसंधान लंबित है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.कांके कला से सुंठा | पाटन | में लोटस कंस्ट्रक्शन | JH1704 | — | 11/17 |
| 2. ब्रहमोरिया से नावाडीह भुरवा | पाटन | में लोटस कंस्ट्रक्शन | JH1704 | — | 09/17 |
| 3.बी टी रोड से कवल | छतरपुर | में छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन | JH1714 | — | 14/17 |
| 4.T04 से डगरा | छतरपुर | में छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन | JH1714 | — | 07/17 |
| 5.PWD रोड से पाटन पड़वा | पाटन | में लोटस कंस्ट्रक्शन | JH1704 | — | 10/17 |
| 6.मायापुर से नावाडीह | चैनपुर | में डीके इंटरप्राइजेज | JH1705 | — | 06/17 |
| 7.बिरजा से जमडीहा भाया जोंगा | विश्रामपुर | में डीके इंटरप्राइजेज | JH1707 | — | 04/17 |
| 8.गोदरमा से नवगढ़ | विश्रामपुर | दी त्रिवेणी कं कंपनी | JH1708 | — | 13/17 |
| 9.रामगढ़ से दिनाबार | चैनपुर | में डीके इंटरप्राइजेज | JH1705 | — | 05/17 |
| 10.बरांव से ओड़नार | चैनपुर | में डीके इंटरप्राइजेज | JH1705 | — | 08/17 |
| 11.बीटी रोड से गम्हरियाडीह | छतरपुर | छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन | JH1714 | — | 12/17 |
| 12.सिक्की कला से सिक्की खुर्द | पाटन | में एसडी केस्ट्रक्शन | JH1712 | — | 70/16 |
| 13.डिस्ट्रीक बोर्ड रोड से गहर पथरा | पाटन | में एसडी केस्ट्रक्शन | JH1712 | — | 71/16 |
| 14.नावा से महुलिया | पाटन | में एसडी केस्ट्रक्शन | JH1712 | — | 73/16 |
| 15.पंकरी से रजहारा | पाटन | में एसडी केस्ट्रक्शन | JH1712 | — | 74/16 |
| 16.मानआहर से मझिगांव | पाटन | में एसडी केस्ट्रक्शन | JH1712 | — | 69/16 |
| 17.PWD रोड से कररकला | पाटन | में एसडीकेस्ट्रक्शन | JH1712 | — | 72/16 |

**पलामू।** पलामू सांसद वीडी राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के निर्माण में गड़बड़ी को लेकर चल रहे एसीबी जांच लंबित होने के कारण निम्नलिखित प्रखण्डों में सड़कों का निर्माण पलामू जिलान्तर्गत पाटन,छतरपुर, विश्रामपुर व चैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क निर्माण में हुयी गड़बड़ी संवेदक को गलत ढंग से लाभ पहुंचाने के संबंध में दर्ज कांडों के चलते उपरोक्त सड़कों का निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र के अभाव में लंबित है।

# मजदूर नेता राकेश सिंह ने सांसद से श्रमिकों के हित में मांगी मदद

प्रातः आवाज

**पलामू।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ धनबाद डिवीजन अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री सह सांसद जगदंबिका पाल से दिल्ली आवास पर मुलाकात कर बधाई दिया। श्रमिक नेता राकेश सिंह ने सांसद से कहा कि धनबाद डिवीजन अंतर्गत सभी रेलवे माल गोदाम श्रमिकों को जहां सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है जैसे धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, बरकाकाना, हजारीबाग डाल्टनगंज आदि रेलवे स्टेशनों पर जल्द से जल्द कार्यरत श्रमिकों को उनके सुविधा एवं स्थाईकरण की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके विचार विमर्श किया गया साथ ही मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि धनबाद डिवीजन में रेलवे के जिम्मेवार अधिकृत पदाधिकारीयों द्वारा रेल मंत्रालय द्वारा पारित माल गोदाम श्रमिकों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने में लापरवाही एवं उदासीन रवैया बरती जा रही है, एवं मंत्रालय द्वारा जारी निदेर्शों को भी अनदेखी किया गया है जिस कारण मालगोदाम श्रमिक शोषण के शिकार बने हुए हैं रेलवे अधिकारियों के उदासीन रवैया के कारण माल मंगवाने वाले कंपनियों द्वारा भी श्रमिकों का जबरदस्त शोषण एवं दोहन किया जा रहा है पूरी तरह से अराजकता स्थापित है। जिस पर माननीय सांसद जगदंबिका पाल जी ने आस्वस्त करते हुए कहा कि भारतीय रेल माल गोदाम में कार्यरत श्रमिकों के स्थाईकरण, सुविधा एवं कानूनी अधिकार पूर्णताः धरातल पर उतरने की दिशा में मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।



## सीबीएसई 2024 की 10वीं व 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा जुलाई महीने में होगी संपन्न

प्रातः आवाज



**पलामू।** 15 जुलाई 2024 से सीबीएसई 2024 की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा शुरू हो रही है । 12वीं कक्षा की सभी विषयों की पूरक परीक्षा एक ही तिथि 15 जुलाई 2024 को होगी, जबकि दसवीं कक्षा की पूरक परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होकर 22 जुलाई 2024 तक चलेंगी। इस परीक्षा में ऐसे छात्र बैठेंगे, जो किसी कारणवश मुख्य परीक्षा में किसी एक विषय में नहीं बैठ पाए या किसी विषय में असफल रहे या अपने प्राप्तांको में सुधार चाहते हैं।

सीबीएसई के गढ़वा, पलामू के सिटी कोऑर्डिनेटर डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि इस वर्ष पूरक परीक्षा हेतु नगर के दो विद्यालयों एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज एवं रोटरी स्कूल डालटेनगंज को केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में सीबीएसई की सभी मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके माध्यम से उनका एक वर्ष बच जाता है अथवा उन्हें श्रेणी सुधार का अवसर प्राप्त होता है। छात्रों को चाहिए कि वह इस परीक्षा की गंभीरता एवं महत्व को समझते हुए अभी से इसकी तैयारी में जुट जाएं। छात्र सीबीएसई के प्रतिदर्ष पत्रों को देखकर वस्तुनिष्ठ, बहु वैकल्पिक एवं वर्णनात्मक प्रश्नों की तैयारी पूर्ण मनोयोग से करें। ईश्वर उन्हें अवश्य सफलता प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को उनकी परीक्षा में सफलता हेतु शुभकामना दी।

# मेदिनीनगर का वर्तमान परिदृश्य भयावह है, नगर निगम शहर का प्यास बुझाने में असफल : आशीष भारद्वाज

प्रातः आवाज



**पलामू।** पानी मांगे पलामू, हमें हमारा पानी दो, पानी हमारा अधिकार है के नारों के साथ आज युवाओं की टोली पानी यात्रा के नवें दिन मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शांतिपूरी, सुदना पश्चिमी, रेलवे क्रॉसइंग एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाई। पानी यात्रा के दौरान युवाओं ने जलसंरक्षण व पैधारोपण हेतु नगरवासियों को जागरूक भी किया। पानी यात्रा का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि आप एक ऐसी भयावह स्थिति कि कल्पना कीजिए जब आपके आसपास हर जगह पीने का पानी सूख चुका है ऐसे में आपका जीवन यापन कहा तक संभव रह जाएगा, कुछ यही हाल हो गया है हमारे नगर निगम क्षेत्र मेदिनीनगर का। जहां लगभग घरों के पेयजल स्रोत सूख चुके हैं, त्राहिमाम मचा हुआ है। नगर निगम के द्वारा जो टैंकर से पानी वितरण की तत्कालीन व्यवस्था की गई है ओ भी टोटल फेल है। जल वितरण की जिनको भी ज़िम्मेवारी मिली है ओ अपने कार्य में असफल है वही आबादी के हिसाब से टैंकर की संख्या भी बहुत कम है। इन सभी व्याप्त अव्यवस्था को लेकर हम जल्द ही नगरआयुक्त से मुलाकात कर सीमित समय में समाधान का मांग करेंगे। श्री भारद्वाज ने कहा कि जो पदाधिकारी या कर्मी हमारे शहरवासियों के हिस्से का पानी निगलेगा हम उसके हलक में हाथ डालकर हिसाब किताब कर लेंगे। इन लोगों ने तमाशा बना दिया है, हमारा शहर पेयजल समस्या के एक भयावह दौर से गुजर रहा है जहां लगभग लोग पेयजल को लेकर कष्ट में है ऐसे में कुछ लोग मदद के जगह अपना रोटी सेकने में लगे है ओ हम नहीं चलने देंगे। अपने शहर के हिस्से का पानी हमे जहां से लाना पड़े हम वहा तक जायेंगे, जिससे मिलना भिड़ना पड़े हम तैयार है। किसी भी स्थिति में हम मेदिनीनगर वासियों को अपने हिस्से का पानी चाहिए। अब थोड़ा हम शहरवासियों को भी सचेत होकर पेयजल संरक्षण और पौधारोपण पर गंभीरता से सोचना होगा और एक अभियान के तहत इसपे लगना होगा। शहर हमारा है हमे ही इसे बचाना भी है और संवारना भी है। श्री भारद्वाज ने कहा कि नगर आयुक्त महोदय से मिलकर हम टैंकर वितरण में अनियमीतता, टैंकरों की संख्या में वृद्धि, पाइपलाइन कनेक्टिविटी के कॉस्ट, पानी सप्लाई, सेकंड फेज की स्थिति और हमारे शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के संपूर्ण उपचार पर वार्ता करेंगे। नवें दिन के पीनी यात्रा में साहेबजी नामधारी, दीपक प्रसाद, संदीप प्रसाद, दिलीप गिरी, शशांक सुमन, राजेश रंजन, मुन्ना दूबे, सोनू पांडेय,आकाश विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, नवनीत मेहता, सूरज सिंह, शेखर सिंह, अमित सिंह, प्रभात सिंह, रौशन पाठक, रिशु दूबे, गोलू दूबे, गोलू मेहता, धीरू मेहता उपस्थित रहे।

## झामुमो छात्र मोर्चा द्वारा जीएलए कॉलेज में लगाया गया हेल्प डेस्क



प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर।** झामूमो छात्र मोर्चा द्वारा विद्यार्थियों की सहायता के लिए गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में हेल्प डेस्क लगाया गया। ज्ञात हो कि स्नातक सत्र 2024-25 में नामांकन हेतु महाविद्यालय द्वारा प्रथम मेरिट लिस्ट जारी किया जा चुका है और नामांकन प्रक्रिया शुरू है। वह अपनी समस्याएं लेकर झारखंड छात्र मोर्चा के हेल्प डेस्क पर लेकर आए और अपनी परेशानियां हमें वह बताएं और उसका समाधान झारखंड छात्र मोर्चा के लोगों ने निकाला और झारखंड छात्र मोर्चा ने सदस्यता अभियान भी चलाया। बढ़ चढ़ के विद्यार्थी शामिल हुए । मौके पर मौजूद जिला अध्यक्ष कौशल किशोर, जिला सचिव सय्यद फैजल, अभिषेक तिवारी, कौशिक कुमार सौरभ पाठक, मनीष कुमार ,विशाल तिवारी, रितेश कुमार, मोनू कुमार, रवि पासवान, विक्की, पासवान व अन्य मौजूद थें।

# कुख्यात डॉन अमन साव को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा से भेजा गया गिरिडीह जेल

## अपराधी अमन साव मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में एक साल से था बंद

प्रातः आवाज




**पलामू।** कुख्यात डॉन अमन साव को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा से गिरिडीह जेल में शिफ्ट किया गया है। अमन साव पिछले एक वर्ष से पलामू सेंट्रल जेल में था। गुरुवार को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह शिफ्ट किया गया है। यह दूसरा मौका है जब अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह भेजा गया है।

दो वर्ष पहले अमन साव पर पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक को धमकी देने का आरोप लगा था. घटना के बाद अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से ट्रांसफर किया गया था। पालम सेंट्रल जेल के जेलर प्रमोद कुमार ने अमन साव को गिरिडीह जेल ट्रांसफर करने की पुष्टि की है। अमन साव पर पलामू के इलाके में भी तीन से अधिक एफआईआर दर्ज हैं।

रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी से रंगदारी मांगने और सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट को धमकी देने के मामले में अमन साव पर पलामू में एफआईआर दर्ज है। दो दिन पहले झारखंड के विभिन्न इलाकों में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने अमन साव से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। अमन साव एक इंटरनेशनल डॉन के रूप निकल कर सामने आया है। अमन साव का संबंध लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है।

अमन साव के गुर्गे मलेशिया समेत देश के कई राज्यो में मिले हैं। अमन साव पर झारखंड के विभिन्न इलाकों में 100 से भी अधिक एफआईआर दर्ज है। ढ़ाई वर्ष पहले अमन साव से पलामू पुलिस ने पूछताछ की थी। इस दौरान उसने पुलिस से कहा था कि वह भारत का सबसे बड़ा डॉन बनना चाहता है जिस पर देश में सबसे अधिक एफआईआर दर्ज हो।

## आप नेता ओंकारनाथ ने प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा फेंके जाने की निंदा की

प्रातः आवाज



**पलामू।** पांकी के नौडीहा बहेरा में असमाजिक तत्वों के द्वारा किया प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा फेके जाने का कड़ी निन्दा करता हूं और पलामू पुलिस से जांच कर दोषियों कि गिरफ्तारी की मांग करता हूं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पांकी विधान सभा के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही वे प्रेस बयान जारी कर कहा कि पांकी विधान सभा में अमन पसंद लोग रहते है कुछ असमाजिक तत्व के लोग है चाहते है कि समाज में आपसी समरसता बिगाड़ कर अपना रोटी सेके समाज में जहर घोल कर सामाजिक आर्थिक विकास को रुकवाना चाहते हैं। इस स्थिति में सभी वर्ग के लोग शांति से मोहौल को नहीं बिगड़ने दे हम सब को पुलिस पर विश्वास है जल्द ही जांच कर दोषियों को पकड़कर स्लाखो के पीछे करेगे श्री जायसवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी पलामू पुलिस कप्तान से मांग करती है कि जांच बेहतर हो कोई दोषी बचे न पर निर्दोष फंसे न आपस में समाज के महत्वपूर्ण लोग सौहार्द बनाने में मदद करे।

# 1984 के पीड़ितों को इंसाफ दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे सतनाम सिंह गंभीर

प्रातः आवाज

**पलामू।** झारखंड उच्च न्यायालय ने अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय के माध्यम से याचिकाकर्ता सतनाम सिंह गंभीर को निर्देश दिया था कि वह जिलावार बताएं कि कितने पीड़ितों को मुआवजा नहीं मिला है। कोर्ट ने मुआवजा नहीं मिलने वाले पीड़ितों की सूची को प्रस्तुत करने का निर्देश प्रार्थी सतनाम सिंह गंभीर को दिया था।

सतनाम सिंह गंभीर ने झारखंड के हर ज़िले में जाकर 1984 के पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर सूची इकट्ठी की जिन्हें आर्थिक नुकसान का मुआवजा अब तक नहीं मिला है। आज ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष एव याचिकाकर्ता सतनाम सिंह गंभीर एव डाल्टनगंज के पीड़ित परिवारों की पैरवी कर रहे इंदरजीत सिंह डिंपल ने 1984 के पीड़ित परिवारों को इंसाफ दिलाने की पैरवी कर रहे अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय को 178 पीड़ितों की सूची सौंपी। सतनाम सिंह गंभीर ने अपने अधिवक्ता से पीड़ितो का पक्ष मजबूती से उच्च न्यायालय में रखने की अपील की।



ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि एक भी पीड़ित परिवार मुआवजे से वंचित ना रहे। सतनाम सिंह गंभीर ने कहा कि ने दंगों के 40 वर्ष बाद भी इंसाफ ना मिलना काफी पीड़ादायक है।

### मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा, लोगों की सुनी समस्या, कहा

# क्षेत्र की जनता का सर्वांगीण विकास करना हमारी प्राथमिकता, मैं जनता के सुख दुख का साथी





प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** गुरुवार को स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा लोहरदगा नगर क्षेत्र के बक्शीडीपा, रियाडा, छत्तर बगीचा, नवाडीपाड़ा, बीएस कॉलेज में भ्रमण कर स्थानीय जनता से मुलाकात कर क्षेत्र की जनता से रूबरू होते हुए। भ्रमण के दौरान आम जनता के द्वारा पेयजल, सड़क निर्माण, बिजली निर्माण, राशन कार्ड आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिस पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी से संपर्क कर समस्या को दूर किया और हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। मंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता क्षेत्र की जनता का सर्वांगीण विकास करना है। मैं लोहरदगा की जनता की सुख-दुख का साथी हूं, हर एक समस्याओं का क्रमवार समाधान करने के लिए प्रयासरत हूं, गांवों शहरों सभी क्षेत्रों का भ्रमण कर मैं आम जनता के द्वार तक पहुंच कर उनके समस्याओं का समाधान कर रहा हूं। इसके साथ-साथ सामाजिक विकास के लिए अखड़ा निर्माण, धूमकुडिया भवन निर्माण, पड़हा भवन निर्माण के साथ साथ पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया जा रहा है। जहां सड़क की आवश्यकता है वैसे जगह पर विधायक निधि से एवं संबंधित विभाग से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। पेयजल की आपूर्ति के लिए सभी पंचायत में चापाकल निर्माण कराया जा रहा है, इसके साथ-साथ शहरी क्षेत्र में पेयजल हेतु खराब पड़े चापाकलों को बनाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही साथ प्राथमिकता के आधार पर चापाकल नव निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर हूं। हमारी गठबंधन सरकार समाज के सभी वर्गों का विकास के लिए आने को कार्य कर रही है और झारखंड राज्य का चहुमुंखी विकास हो रहा है।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अशोक यादव, पंकज जयसवाल, विशाल डुंगडुंग, सत्यदेव भगत, दीपक जयसवाल, संजय नायक, फुलझरी देवी, असलम अंसारी, रंजीत नायक, नंदलाल उरांव, करमचंद उरांव, विनोद उरांव, मंजू उरांव, रीना उरांव, जयपाल उरांव, बालमानी उरांव, दिलीप भगत, सुखनाथ खेस, महेश्वर उरांव, विनय उरांव, पहियस मिंज, प्यारी मिंज, शीला उरांव, चंद्रमणि उरांव, सृष्टि कुमार सौरभ आदि उपस्थित थे।

## प्रशिक्षित योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में मिला लोगों को स्वस्थ जीवन



खुशबू भारती



महेंद्र प्रसाद



सावित्री देवी



करुणा श्रीवास्तव

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** योग भारतीय सनातन संस्कृति की विश्व को दी गई अनुपम उपहार है। योग से जुड़कर लोहरदगा जिले में योग के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थान पतंजलि योग समिति विभिन्न योग कक्षाओं एवं योग शिविरों के माध्यम से कई लोगों को लाभ मिला है। बताते चलें कि 48 वर्षीय सावित्री देवी पिछले 1 वर्ष से पतंजलि के अभय भारती के मार्गदर्शन में निरंतर योगाभ्यासी रहे हैं। वह बताती हैं कि पूर्व में उन्हें सिर दर्द, गैस, पैर का दर्द और शरीर में निरंतर दर्द महसूस होता रहता था। चलने में भी कठिनाई होती थी, पतंजलि के आयोजित शिविरों में भाग लेकर वह पिछले 1 वर्षों से निरंतर योग कर रही हैं और अब उन्हें इन समस्याओं से मुक्ति मिल चुकी है। योग के साथ-साथ आयुर्वेद के बारीकियां से भी वे अवगत हुई है, जिनका प्रयोग अपने दैनिक जीवन एवं परिवार के सदस्यों के बीच करती हैं।

इसी तरह ब्लॉक कॉलोनी में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर में शामिल होकर 35 वर्षीय करुणा श्रीवास्तव पीठ दर्द, सांस लेने में तकलीफ एवं शुगर की समस्या से जूझ रही थी लगभग डेढ़ वर्ष से योग का अभ्यास करती हैं। योग के अभ्यास के साथ प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम एवं सूर्य नमस्कार आदि का निरंतर अभ्यास कर अब सुगर, पीठ दर्द एवं सांस लेने में तकलीफ आदि समस्याओं से राहत में है।

किस्को मोड़ 34 वर्षीय खुशबू भारती को योग एवं स्वस्थ दिनचर्या से चमत्कारिक लाभ मिला। वे बताती हैं कोरोना काल में ऑनलाइन सह योग प्रशिक्षण पतंजलि योगपीठ हरिद्वार संस्थान से प्रशिक्षण लेकर स्वस्थ जीवन जी रही हैं। उन्होंने एक्यूप्रेशर चिकित्सा व आयुर्वेद चिकित्सा को भी जीवन में आत्मसात किया है।

लोहरदगा के बाबा मठ 52 वर्षीय निवासी महेंद्र प्रसाद गैस, कब्ज की समस्या से ग्रसित थे। पिछले चार वर्षों से पतंजलि के योग कक्षा सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में योग कक्षा से जुड़कर बेहतर जीवन जी रहे हैं।

कुडू जामुन टोली 47 वर्षीय पूर्णिमा देवी लिवर, सुगर व शरीर दर्द की समस्या से जूझ रही थी। निरंतर योग शिक्षक प्रवीण भारती के मार्गदर्शन में प्राणायाम में अनुलोम विलोम, बाह्य प्राणायाम, भ्रामरी का अभ्यास कर लगभग रोग मुक्त हुई हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पतंजलि महोत्सव के रूप में मनाएगी

- दर्जनों स्थानों पर कार्यक्रम होंगे आयोजित

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अवसर पर पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, किसान समिति एवं महिला योग समिति के तत्वावधान में लोहरदगा जिले में दर्जनों स्थानों पर योग महोत्सव को रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग स्थान पर प्रशिक्षित योग शिक्षक शिक्षिकाएं भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास कराए जाएंगे। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के पदाधिकारी सह जिला जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने बताया कि वह खुद व्यवहार न्यायालय प्रांगण में योग दिवस पर योग अभ्यास करेंगे। इसी तरह राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। अभय भारती सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र, वरीय योग शिक्षक वासुदेव महतो सह प्रभारी वासुदेव महतो रेलवे कर्मचारी एवं अधिकारियों के बीच लोहरदगा रेलवे स्टेशन में, युवा भारत के शिवराज विजय महतो व निर्भय भारती कस्तूरबा गांधी विद्यालय में एवं योगाभ्यास कराएंगे। इसी तरह प्रखंडों में भी प्रखंड प्रभारी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय एवं विभिन्न विद्यालयों में योग दिवस को योग महोत्सव के रूप में मनाएंगे।

## सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेजला टीम विजेता

**कुडू (लोहरदगा)।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय विद्यालय खुली चयन प्रतियोगिता सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल मैच का फाइनल गुरुवार 20 जून को कुडू प्रखंड के माराडीह स्थित गांधी मेमोरियल +2 उच्य विधालय स्टेडियम एवं सन्त बिनोवा भावे स्टेडियम में खेला गया। जिसमें बालक अंडर 17 का विजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेजला एवं उपविजेता +2 मा गांधी में +2 विद्यालय माराडीह की टीम रही। वहीं बालिका अंड 17 के विजेता +2 गांधी मेमोरियल विद्यालय माराडीह एवं उपविजेता हाई स्कूल जिंगी रहे। बालक अंडर 15 के विजेता +2 माराडीह एवं उपविजेता सुकुमार की टीम रही।



कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरविंद कुमारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रवेज शाह, शारीरिक शिक्षक विपिन लकड़ा, संतोष कुमार, अंजना खलखो, शिक्षक लाल प्रकाश नाथ शाहदेव, मीना कुमारी, संतोष कुमार, सुदामा चौधरी, संजीव कुमार, सरफराज अहमद, बनवारी लाल, सुशील कुमार, अमृतलाल, जफर आलम, विजय प्रकाश, नरेश यादव की भूमिका रही है।

## मादक पदार्थ दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**लोहरदगा।** जिला मिशन प्रबंधन ईकाई, जेएसएलपीएस (पलाश) की ओर से मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने के लिए लोहरदगा जिला के कुडू एवं किस्को प्रखंड में सखी मंडल की दीदियों के द्वारा बैठक का आयोजन करके शपथ लिया गया और लोगों को मादक पदार्थो के उपयोग से होने वाले दुरूपयोग, दुष्परिणाम इत्यादि के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सखी मंडल की दीदियों के द्वारा लिया जाने वाला शपथ इस प्रकार रहा। हम एकजुट होकर यह प्रतिज्ञा लेते है की हम मादक पदार्थो का सेवन नहीं करेंगे, हम शपथ लेते हैं की अपने गांव के प्रत्येक व्यक्ति विशेषकर युवा वर्ग के लोगों को प्रोत्साहित करते हुए नशीली दवाइयों का दुष्परिणाम के समबन्ध में जागरूकता पैदा करेंगे, ताकि भारत का युवा वर्ग नशामुक्त जीवन यापन कर सके। आज हम लोग यह प्रतिज्ञा लेते हैं की नशा से दूर रहेंगे, स्वस्थ जीवन यापन करेंगे ये हम सबकी प्रतिज्ञा है, यह हम सबकी प्रतिज्ञा है।

## एकराम खान गांधी फेलो पीरामल फाउंडेशन को कुडू बीडीओ ने किया सम्मानित

प्रातः आवाज

**कुडू (लोहरदगा)।** बुधवार को एकराम खान गांधी फेलो, पीरामल फाउंडेशन को उनके प्रखंड विकास कार्यो, सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में योगदान 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' तथा संकल्प सप्ताह जैसे कई कार्यक्रमों को सफल बनाने में योगदान साथ ही 'सक्षम ग्राम पंचायत' तथा 'जीरो ड्रॉपआउट पंचायत' बनाने में अथक प्रयासों की सराहना प्रखंड विकास पदाधिकारी कुरु द्वारा किया गया तथा सफलतापूर्वक जमीनी स्तर की समस्याओं पर बारिकी से समझ और संभव समाधान रखने के सुझाव को सराहा और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



वहीं एकराम खान द्वारा उस पल भावुकता से प्रखंड विकास पदाधिकारी के समय प्रतिबद्धता, कार्य जांच तथा बारिकी से योजनाओं को धरातल तक पहचाने वाले प्रकिया का सराहना करते हुए उसका एक हिस्सा होने पर गौरवान्वित बताया गया। साथ ही साथ प्रखंड के सभी कर्मी, मुखिया, सचिव, जीसेलपीएस, युवा, एसएचजी की दीदी, पार्टनर, एनजीओ, शिक्षा विभाग से कर्मी, शिक्षकगण, मीडिया तथा समस्त प्रखंडवासियों के भाईचारे और सहयोगात्मक व्यवहार को याद किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखते हुए सभी की ह्रदय के अन्नंत गहराईयों से आभार व्यक्त किया। उनके बहुमूल्य योगदान के सम्मान में, प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा 'प्रशंसा प्रमाण पत्र' से सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की।

### मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# सभी के सहयोग से करें नशामुक्त राष्ट्र का निर्माण : जिप अध्यक्ष

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के निदेश पर जिला समाज कल्याण कार्यालय लोहरदगा द्वारा गुरूवार को मादक पदार्थों पर रोक हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा किया गया।









इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि आज समाज में प्रत्येक वर्ग के बच्चे नशा से ग्रसित हैं। समाज कल्याण कार्यालय द्वारा यह कार्यशाला रखी गई है जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र की कर्मीगण भी हैं जिनकी पहुंच के प्रत्येक वर्ग तक है। अक्सर पंचायत व प्रखण्ड स्तर में नशा के विरूद्ध अभियान चलाये जाने की बात होती है। इसमें आंगनवाड़ी सेविकाओं की भूमिका बढ़ जाती है। आप अपने-अपने आंगनवाड़ी क्षेत्र में जाएं और नशा से ग्रसित किशोरों व युवाओं को जागरूक करें और नशा छुड़वाएं। जरूरत पड़े तो जनप्रतिनिधियों को भी साथ लें। उन्हें पढ़ने-लिखने व खेलकूद में रूचि लेने के लिए प्रेरित करें। आपके सहयोग से गांव नशा मुक्त बनेगा। साथ ही जिला के साथ-साथ राज्य और पूरा राष्ट्र नशामुक्त बनेगा।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने मादक पदार्थो के इस्तेमाल पर रोक के लिए 19 से 26 जून 2024 तक चल रहे अभियान की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही बताया कि अगर कोई भी नशे की गिरफ्त में है तो इसकी सूचना टॉल फ्री नंबर 112 पर कॉल कर दी जा सकती है। इस अभियान में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षक, स्वयंसेवी संस्थाएं समेत कई संस्थाएं मिल कर कार्य कर रही हैं। हम सभी को अभियान को सफल बनाना है और लोहरदगाा जिला को नशामुक्त बनाना है। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष/सचिव आदि उपस्थित थे।

### नशा करनेवालों की काउंसलिंग जरूरी : डीडीसी

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि आज बच्चें व किशोर आसानी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इसका मुख्य कारण सोशल मीडिया के जरिये मांदक पदार्थों तक आसानी से पहुंच होना है। लोग असानी से मादक पदार्थों के विक्रेताओं तक पहुंच जा रहे हैं। आज नशा का तरीका भी बहुत एडवांस हो चुका है। ऐसे में बच्चों व किशोरों समेत जो भी नशा करते हैं उनका काउंसलिंग जरूरी है। आंगनवाड़ी केंद्र में आनेवाले बच्चों को खेलकूद व पढ़ाई के जरिये व्यवस्त रखें। जो भी नशा की गिरफ्त में हैं उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। नशा करने से किसी प्रकार का तनाव दूर नहीं होता है, यथ भ्रम है। तनाव व समस्याएं दूर करने के लिए मेहनत करनी पड़ती है।

## समाचार सार

### संगठन विस्तार एवं जिला चुनाव को लेकर जय श्रीराम समिति की बैठक आयोजित



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के हेंदलासो गांव में पंचायत अध्यक्ष सूरज साहदेव की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं जिला चुनाव को लेकर खास चर्चा हुई। बैठक में सर्व समिति से कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण राम को बनाया गया। जिला पदाधिकारी ने प्रवीण राम को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला की ओर से बधाई देते हुए जल्द से जल्द सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यता रसीद काटने का निर्देश दिया। मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, पंचायत अध्यक्ष सूरज सहदेव, महामंत्री सुनील साहू, प्रवीण राम, कृष्णा पासवान, पवन बैठा, मनीष कुमार, रवि कुमार, महावीर ठाकुर, योगेश कुमार, दीपक कुमार देव, विकास शिव चौधरी, राजेंद्र ठाकुर, रोहित राम, दिवाकर कुमार, समोध राम, सुनील राम, प्रभाकर सहदेव, सचित वर्मा, शिव चौधरी, राजेंद्र राम, प्रेम राम, कमलेश ठाकुर, मनीष ठाकुर समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### एसआईएस सुरक्षाकर्मियों के पंजीयन हेतु शिविर 24 जून से 29 जुलाई तक

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** ग्रुप कमांडेंट, सिक्योरिटी एंड इंटेलीजेंस सर्विसेज लिमिटेड, केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र, अनुशासनपुरम, बेलचम्पा, गढ़वा (झारखण्ड) के पत्र के आलोक में एसआईएस द्वारा सुरक्षाकर्मियों के लिए उम्मीदवारों का लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंड परिसर में अलग-अलग तिथियों में पंजीयन शिविर का आयोजन 24 जून से 29 जुलाई 2024 तक निम्नांकित तिथियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किया जाएगा। किस्को प्रखंड परिसर- 24 जून एवं 22 जुलाई। पेशरार प्रखंड परिसर- 25 जून एवं 23 जुलाई। कैरो प्रखंड परिसर- 26 जून एवं 24 जुलाई। भंडरा प्रखंड परिसर - 27 जून एवं 25 जुलाई। सेन्हा प्रखंड परिसर - 28 जून एवं 26 जुलाई। कूडु प्रखंड परिसर - 29 जून एवं 27 जुलाई। लोहरदगा प्रखंड परिसर - 01 एवं 29 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा।

### लोहरदगा में आयुष्मान पखवाड़ा का शुभारंभ



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** 20 जून 2024 को विशेष आयुष्मान पखवाड़ा का शुभारंभ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ब्रह्मणडिहा भंडरा के स्वास्थ्य कर्मी अंजना साहू सीएचओ, राम कुमार महतो एमपीडब्लू, द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। ये पखवाड़ा 29 जून 2024 तक चलेगा। सभी राशन कार्ड धारी आयुष्मान कार्ड बनवाकर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ ले सकते हैं। इस पखवाड़े के अंतर्गत निशुल्क कार्ड बनाने के लिए नजदीकी पंचायत भवन, सरकारी अस्पताल, निजी अस्पताल, प्रज्ञा केंद्र, अथवा सहिया द्वारा संपर्क किया जा सकता है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अपना राशन कार्ड और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। इस कार्ड से प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख तक का निशुल्क इलाज संभव है।

### झारखंड नवा मंजर कला दल के कलाकारों ने लोगों को किया जागरूक



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** राज्य सरकार के निदेश पर लोहरदगा जिला में आयोजित हो रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत खेल विभाग लोहरदगा की ओर से भंडरा प्रखंड के पझरी पहाड़ में झारखंड नवा मंजर कला दल के कलाकारों द्वारा नुक्कड़-नाटक के जरिए लोगों को मादक पदार्थों के इस्तेमाल से बचने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि मादक पदार्थों के इस्तेमाल से सिर्फ जीवन का नुकसान ही है। आप आर्थिक समस्याओं से हमेशा घिरे रहेंगे। हमेशा पारिवारिक झगड़ा का कारण नशा ही होता है।

### वज्रपात से जिंगी गांव में एक युवती की हुई मौत

**कुडू (प्रातः आवाज)।** गुरुवार की शाम बारिश के साथ हुए वज्रपात में कुडू प्रखण्ड के जिंगी गांव निवासी सलामत अंसारी की 20 वर्षीय पुत्री सहाना प्रवीण की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार सहाना जोजरो कब्रिस्तान के समिप पशुओं के लिए घास काट रही थी तभी अचानक हुए वज्रपात के चपेट में आ गयी। परिजनों ने उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा आज पदाधिकारियों के साथ करेंगी बैठक

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा आज अनुचित जनजाति विषयों को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारियों के साथ सुबह 11 बजे बैठक करेंगी।

### संवेदक की लापरवाही से बारिश का पानी घरों में घुसा, खाद्यान्न हो रहे खराब



**सेन्हा (प्रातः आवाज)।** सेन्हा ठाकुर बाड़ी से भंडरा तक बन रहे पथ किनारे नाली बनने के लिए गड्ढा खोदा गया है और एक तरफ पहले से बने नाली को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण ठाकुर बाड़ी मुहल्ला निवासी के सभी घरों मे पानी घुस गया। सड़क निर्माण गंगा कंस्ट्रकसन के द्वारा किया जा रहा है। लगभग एक साल से ज्यादा समय से सड़क का निर्माण किया जा रहा है लेकिन न अभी तक सड़क पुरा हुआ है और न ही नाली बन पाया है। कार्य इतना धीमा चल रहा है की लोग भी अब परेशान होने लगे हैं। सड़क के दोनो ओर नाली बना हुआ था परंतु सड़क निर्माण में नाली खत्म हो गया। अब मॉनसून की पहली बारिश में ही लोगों के घरों मे पानी घुसने लगा है। संतोष महतो, विकास पाठक, गणेश महतो, चंद्रमोहन पाठक, महाबीर महतो, नर्मदेश्वर पाठक, श्रीधार पाठक, मानन अंसारी साहित अन्य लोगों के घरों में नाली का पानी घुसने लगा जिसे लोगों ने बाल्टी, लोटा, थाली इत्यादि से घरों से पानी हटाने में लगे हुए है। लोगों में सड़क निर्माण कर रहे कम्पनी के खिलाफ गुस्सा देखा जा सकता है। सड़क निर्माण के लिए समय की कोई समय सीमा नहीं है। कम्पनी की मनमानी के करण लोगों के घरों मे रखा चावल गेहूं इत्यादि खाद्य पदार्थ भीग कर खराब हो रहे है। इसका भुगतान कौन करेगा? ग्रामीणों ने जल्द नाली निर्माण करने की बात कही है नहीं तो सड़क पर उतर कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## बेरोजगार लड़कियों को जिस्मफरोशी में धकेलने वाले समाजकंटक !



**मनोज कुमार अग्रवाल**

देश में लड़कियों को विभिन्न माध्यमों से ब्लेकमेल कर उनका यौन शोषण करने और अनैतिक कार्य के लिए मजबूर करने के कुचक्र को कुछ समाजकंटक भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं के गठजोड़ से चला रहे हैं। हाल ही में बिहार के मुजफ्फरपुर से सामने आ रहे एक समाचार से देश में बेरोजगार बच्चियों को नौकरी देने की आड़ में देह शोषण करने के बेहद शर्मनाक धंधे का भंडाफोड़ हुआ है। इस शर्मनाक रैकेट में मुजफ्फरपुर में नौकरी का झाँसा देकर करीब 200 लड़कियों के यौन शोषण का मामला सामने आया है। बता दें कि बिहार पहले से ही बेरोजगारी और पलायन की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि यहाँ उद्योग-धंधों की कमी है। कुछ समाजकंटको ने इसी समस्या को अपराध के लिए हथियार बना लिया और एक कंपनी खोली। अहियापुर इलाके में 180 लड़कियों को नौकरी दिए जाने के नाम पर बंधक बनाया गया। उनके साथ मारपीट हुई, उनका यौन शोषण किया गया। ये वही मुजफ्फरपुर है जहाँ से 'बालिका गृह कांड' की घटना सामने आई थी। इस पर एक मुंबईया फिल्म 'भक्षक' भी बनाई गई थी । वहाँ 34 बच्चियों के यौन शोषण का मामला सामने आया था। संचालन ब्रजेश ठाकुर एक स्थानीय अख़बार भी चलाता था। अब इसी मुजफ्फरपुर में हुई वारदात को लेकर छपरा की एक पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है। डीवीआर नामक कंपनी ने फेसबुक पर लड़कियों के लिए जॉब ऑफर पोस्ट किया था और वो इससे जुड़ी। अप्लाई करने के बाद चयन हुआ और उससे प्रशिक्षण के नाम पर 20,000 रुपए माँगे गए।

अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित बखरी के पास ही पैसा जमा किए जाने के बाद कई लड़कियों को रखा गया था। 3 महीने बीतने के बाद भी इन्हें वेतन नहीं दिया गया, जिसके शिकायत इन लड़कियों ने कंपनी के मैनेजर तिलक सिंह से की। पीड़िता को इसके बाद 50 और लड़कियों को कंपनी से जोड़ने के लिए कहा गया और वादा किया गया कि इसके बाद उसकी सैलरी 50,000 रुपए हो जाएगी। उस दौरान पुलिस ने कंपनी के दफ्तर व हॉस्टल पर छापेमारी की, तिलक सिंह कई लड़कियों को लेकर हाजीपुर शिफ्ट हो गया और वहाँ उसने पीड़िता से शादी कर डाली।

रिपोर्ट के अनुसार मुजफ्फरपुर में रहने के दौरान भी उसने पीड़िता के साथ जबरन यौन संबंध बनाया था और उसका गर्भपात भी करा दिया था। हाजीपुर में जब वो मौके जाने की जिद करती तो उसे पीटा जाता था। बौरिया क्षेत्र में उसे कुछ आपसी दिए गए और कहा गया कि अब तुम आजाद हो। पीड़िता ने बताया कि लड़कियों को बंधक बनाया जाता है, वो भागने न पाए इसके लिए मुस्तंडों को तैनात रखा जाता है। लड़कियों से उनकी रिश्तेदारी व जान-पहचान में स्थित अन्य लड़कियों को फोन कॉल करवाए जाते हैं, उन्हें भी जॉब का ऑफर देकर उनका यौन शोषण होता है।

लड़कियों को मुँह खोलने पर उनके परिजनों की हत्या की धमकी दी जाती है। कंपनी विज्ञापन में लिखती थी कि ये नौकरी सिर्फ लड़कियों के लिए ही है और मोटी सैलरी की पेशकश की जाती थी। बेल्ट से एक लड़की की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, आगे की जाँच की बात कही जा रही है। पीड़िता ने बताया कि लड़कियों को कॉल करना सिखाया जाता था। पीड़िता ने बताया कि उसके फोन में कई सबूत थे, आरोपितों ने उसका फोन भी तोड़ डाला, उसे फॉर्मेट कर दिया।

एक ओर देश प्रदेश की सरकारों द्वारा बेटी पढाओ बेटी बचाओ का नारा दिया जाता है दूसरी ओर आए दिन इस तरह की संगठित सिंडिकेट बना कर भोली भाली लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर उनका मानसिक शारीरिक आर्थिक शोषण कर जीवन नर्क बनाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। क्या अब यत्र नारी पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट भ्रष्ट कर दैहिक व्यभिचार का नर्क बनाया जाएगा। देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं बचा, जिसमें कोई न कोई विकृति घोटाला या हेराफेरी न पनप रही हो। इनमें सरकारी तथा गैर सरकारी नौकरियां या रोजगार देने के नाम पर की जा रही हेराफेरी भी शामिल है और अब तो जरूरतमंद परिवारों की युवतियों को नौकरी देने का प्रलोभन देकर उनका यौन शोषण तक किया जाने लगा है।

आरोप है कि बिहार के मुजफ्फरपुर में डी.वी.आर. मार्केटिंग नामक एक फर्जी कम्पनी में 50,000 रुपए मासिक तक का अच्छा वेतन देने का झांसा देकर दर्जनों युवतियों को महीनों तक बंधक बनाकर रखने और उनका यौन उत्पीड़न किया गया। अब इस मामले में आरोपियों से बच कर अदालत में पहुंची एक पीड़िता, की शिकायत पर इरफान, तिलक सिंह, अहमद रजा, हरे राम, मनीष सिन्हा, एनामुल अंसारी, विजय कुशवाहा और कन्हैया कुशवाहा समेत 9 लोगों के विरुद्ध छपरा के मसरख थाने में केस दर्ज किया गया है। इनमें से तिलक सिंह को 18 जून को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि बाकियों की तलाश जारी है।

पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे नौकरी का प्रलोभन देकर हाजीपुर (बिहार) की डी.वी.आर. कंपनी में डॉक्यूमेंट और 20,500 रुपए लेकर बुलाया। अपनी मौसी से कर्ज लेकर पीड़िता ने हाजीपुर में ज्वाइन किया लेकिन वहां काम की बजाय उसे नौकरी के नाम पर लोगों को फ्रॉड कॉल करके उन्हें कम्पनी के साथ जोड़ने का तरीका सिखाया जाने लगा। पीड़िता ने भी अपने माध्यम से 21 लोगों को कंपनी के साथ जोड़ा जिनसे कंपनी ने 20,500 रुपए ले लिए।

**21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष**

# योग सहज जीवन जीने की राह बताता है



**विजय केसरी**

योग सहज जीवन जीने की राह बताता है। योग हम सबों को प्रकृति के नजदीक रहने की और प्रेरित करता है। योग हम सबों को कई बीमारियों से बचाता है। विश्व के कई विश्वविद्यालयों में योग पर हुए शोधों का निष्कर्ष यह है कि योग से जुड़े इंसान का जीवन दीर्घायु होता है। वह कई बीमारियों से मुक्त रहता है। ऐसे व्यक्तियों में धैर्य, साहस और विपत्तियों में निर्णय लेने की क्षमता अन्य लोगों की तुलना में अधिक पाया जाता है। अर्थात योग में संपूर्ण जीवन जीने की कला निहित है। योग से जुड़ने के बाद व्यक्ति प्रकृति के ज्यादा नजदीक चला जाता है। ऐसे व्यक्तियों में सकारात्मकता के भाव अधिक पाए जाते हैं। आज की बदली परिस्थिति, जहां भौतिकवाद, आधुनिकता और एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ ने एक इंसान को दूसरे इंसान से दूर कर दिया है। ऐसे में योग एक अंतिम विकल्प के रूप में हमारे सामने है, जो इंसान को इंसान को फिर से जोड़ने जा रहा है।

आज 21 जून है। अर्थात अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस। स्वास्थ्य की दृष्टि से इस दिन का बहुत ही विशेष महत्व है। यह दिन वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। विश्ववासियों का जीवन दीर्घायु बने, इस नेक भावना के साथ संयुक्त राष्ट्र महासंघ ने इस दिन का चयन किया था। भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि योग भारत का प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। योग जीवन को दीर्घायु बनाता है। मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य। यह विचार, संयम और स्फूर्ति प्रदान करने वाला है। योग स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह सिर्फ व्यायाम के बारे में ही नहीं है बल्कि अपने भीतर की एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में हमारी बदलती जीवन शैली में समग्र दृष्टिकोण प्रदान करने वाला है। योग हमारी बदलती जीवन शैली में चेतना बनकर जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। मोदी जी के इस वक्तव्य के बाद योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली। इस आशय का एक प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासंघ को समर्पित किया गया। इस प्रस्ताव के 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासंघ की बैठक में 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बनाने की मंजूरी प्रस्ताव को मंजूरी मिली।

यह है यह जानकर देशवासियों को गर्व होगा कि मोदी जी के इस प्रस्ताव को 90 दिनों के अंदर बहुमत से पारित किया गया था । जो संयुक्त राष्ट्र महासंघ में किसी दिवस से प्रस्ताव के लिए सबसे कम समय है। 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ हुआ योग दिवस मात्र सात वर्षों में ढाई अरब से अधिक लोगों को जोड़ दिया है। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड से कम नहीं है।

भारतीय जीवनशैली में योग आदि काल से विद्यमान है। योग का जन्म स्थली भारत है। भारत के संत ऋषि, मनीषियों, महात्मा और शिक्षाविदों ने अपने में जो क्रांतिकारी परिवर्तन किया, उसमें योग का बहुत बड़ा हाथ था। अगर योग न होता तो यह क्रांतिकारी परिवर्तन होना असंभव था । हमारे संत महात्मा और शिक्षाविदों के उनके प्रयासों के कारण ही योग अंतराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित कर पा रहा है। संभवत तीन-चार वर्षों के दुनिया की आधी आबादी योग से जुड़ने जा रही। योग किसी धर्म, पंथ और विचार विशेष का संवाहक नहीं है। किसी भी धर्म, पंथ और विचार के लोग हों, सभी बहुत सहजता के साथ योग कर सकते हैं। योग के माध्यम से वे अपने धर्म के और करीब पहुंच पाएंगे। योग के माध्यम से लोग अपने-अपने धर्म के सूक्ष्म और ज्ञान को भलीभांति समझ पाएंगे। योग व्यक्ति के भीतर ज्ञान की जिज्ञासा को और बढ़ा देता है। अब तक व्यक्ति जीवन जीने की कला से अनजान थे, योग अपनाकर सुखमय जीवन जीने लगते हैं।

योग का शाब्दिक अर्थ होता है , जोड़ व जोड़ना। अब सवाल उठता है, किसे जोड़ना? और कहां जोड़ना है ? हम सभी एक ईश्वर की संतान है। यह बात सभी जानते हैं ।सभी धर्मों के सार में भी अंकित है। किंतु धरातल पर हम सब विपरीत आचरण करते हैं। योग इस संशय को मिटाता है। हमारे अंदर विद्यमान मैं को दूर करता है। जब हम सभी एक ईश्वर की संतान है, तो विश्व के सभी बंधु हमारे भाई के समान हैं। जैसे ही संशय का भ्रम मिटता है, वैसे ही संपूर्ण संसार अपना लगने लगता है। योग संपूर्ण विश्वासियों को एक सूत्र में जोड़ने में सफल साबित हो रहा है । योग मनुष्य को दूसरे मनुष्य से जोड़ता है । एक प्रकार की ऊर्जा सभी जीव जंतुओं में समान रूप से विद्यमान रहती है, जिस कारण वह जीवित है। जिस पल यह ऊर्जा शरीर से बाहर हो जाती है, शव में परिवर्तित हो जाता हैं। ऊर्जा क्या है? असली सवाल यही है। हमारे संतो और मनीषियों ने ऊर्जा की व्याख्या बहुत ही सोच - विचार के साथ किया है। सभी जीवात्मा में परमात्मा का वास है। अर्थात आत्मा ही परमात्मा है। सृष्टि के सभी प्राणी उस एक परमात्मा की उर्जा से चलाएमान है ।जीव का यहां मतलब है देह से। जीव का परमात्मा का जब मिलन होता है, तब हम सब जीवात्मा में परिवर्तित होत जातें हैं ।जीवात्मा का परमात्मा से मिलन ही योग है। इस धरा में 84 लाख योनी है। अपने अपने कर्मों के अनुसार जीवात्मा देह बदलता है। यह जीवात्मा की यात्रा परमात्मा की प्राप्ति के लिए होती है। जीवात्मा का परमात्मा के साथ मिलन है, यह यात्रा का योग है। सभी धार्मिक ग्रंथों में इसकी व्याख्या अलग अलग तरीके से की गई है, किंतु सार एक ही है । विचारणीय यह है कि जब ईश्वर के अंश सभी प्राणी में समान रूप से मौजूद है, तब जगत के प्राणी अलग क्यों है ? इस विषय चर्या करने की जरूरत है। चूंकि हमारे पास वह दृष्टि रहकर भी मौजूदगी का एहसास नहीं हो पा रहा है। पूजा, प्रार्थना, अरदास, इबादत आदि परमात्मा की प्राप्ति के लिए होता है । हर धर्म के मनुष्यों के जीवन का एक ही गोल होता है, जीवात्मा का परमात्मा के साथ मिलन । यहां एक उदाहरण देना जरूरी समझता हूं कि युद्ध भूमि में अर्जुन अपने लोगों पर हथियार उठाने से घबरा जाते हैं। भगवान कृष्ण अर्जुन के मन की बात जान जाते हैं। उन्हें तीसरा नेत्र प्रदान कर स्वयं के परमात्मा स्वरूप का दर्शन करातें है। अर्जुन में एक विशाल परिवर्तन होता है। और साथ ही भ्रम मिट जाता है। अर्जुन बहुत ही बहादुरी के साथ युद्ध करते हैं ।

काम, क्रोध, लोभ मोह और अहंकार, ये पंच विकार है। मनुष्य के भीतर यही पंच विकार विद्यमान होते हैं। इन्हीं विकारों से युक्त रहने के कारण अर्जुन हथियार उठाने से घबरा रहे थे। जैसे ही अर्जुन पंच विकारों से मुक्त होता है, वैसे ही सामने सभी शत्रुओं को मिटा दिया। जिस मनुष्य में पंच विकार जितने कम मात्रा में होंगे उसका जीवन उतना ही सहज और सरल होगा। इन विकारों की मौजूदगी में मनुष्य ईश्वर से उतना ही दूर होता है। जितना मनुष्य विकारों के समीप होता है, ईश्वर उनसे उतने ही दूर होते हैं। योग ज्ञान की वह औषधि है जिसके नियमित पान व अभ्यास से काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह से दूर होते यह अहंकार, मनुष्य के सबसे बड़े शत्रु होते हैं।

हम सबों को विचार करना है कि मनुष्य के नैसर्गिक गुण, प्रेम, दया और क्षमा कैसे वापस लौटे । योग ही एक सीधा मार्ग दिखता है, जो हमारे अंदर इन गुणों का विस्तार दे। खुशी मुस्कुराहट और आनंद मनुष्य से इसलिए छिनते चले जा रहे हैं कि मनुष्य ने गलत मार्ग अपना लिया है और उसी मार्ग को सही मानता चला जा रहा है। अवसाद जैसी महामारी से दुनिया त्राहिमाम- त्राहिमाम कर रही है। इसकी की संख्या लगातार बढ़ती चली जा रही है। इसे हर हाल में पटरी पर लाना है। तभी मनुष्य बच पाएंगे । अन्यथा विनाश का ताना-बाना बुना जा चुका है।

योग में निरोग बने रहने का गुण है। खुद को देखने की एक दृष्टि प्रदान करती है। स्वयं में विद्यमान परमात्मा का दर्शन कराता है। एक मनुष्य को दूसरे मनुष्य से प्रेम करना सिखाता है। विश्व बंधुत्व की भावना बढ़ाता है। मनुष्य को मनुष्य जोड़ता है। आपसी भाईचारा और सदभावना को बढ़ाता है

योग शारीरिक शक्ति के साथ अंदर की शक्ति को भी बढ़ाता है। अविश्वास से मुक्ति प्रदान करता है। योग मनुष्य को चिंता से मुक्त अचिंतन का जीवन प्रदान करता है। अंत में मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट करता हूं, जिनके सतत प्रयासों के फलस्वरूप योग अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में प्रतिष्ठित हो पाया और भारत का गौरव विश्व भर में बढ़ा है।

**21 जून विश्व योग दिवस पर विशेष**

# आधुनिक जीवन में क्यों है महत्वपूर्ण योग

**योग विशेषज्ञ अलका सिंह**

मानवता के लिए योग का सहारा लिया जाना बेहद जरूरी है क्योंकि आधुनिक जीवनशैली ने मन-शरीर के संबंधों में सामजंस्य खो दिया है जिससे उच्च रक्तचाप, कोरोनरी हृदय रोग और कैंसर जैसी कई तनाव-आधारित बीमारियां हो गई हैं। इन बीमारियों को रोकने और उनका इलाज करने के प्रयास ने बेहतर जीवन शैली और बेहतर रणनीतियों की खोज को गति दी, जो कि योग जैसे प्राचीन विषयों की पनुर्खोज में परिवर्तित हो गए, जीवन शैली को स्थायी मानसिक शांति के लिए शक्तिशाली अचकू नुस्खे के साथ जोड़ना जैसा कि नैदानिक अध्ययनों द्वारा पुष्टि की गई है। योग आधुनिक जीवन जीने का, सही जीवन जीने का विज्ञान है और इसे हमारे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह सप्ताह में एक बार सिर्फ दो घंटे की हॉबी क्लास नहीं है। योग में दिमाग को शांत करने, लचीलापन बनाए रखने, शारीरिक और मानसिक ऊर्जा का दोहन करने और एक एकीकृत व्यक्तित्व विकसित करने में मदद करने के लिए तकनीकी प्रणालियां हैं। यह भावनाओं को संतुलित करने और मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक तरीका है। एक व्यक्ति अपनी जीवन शैली के अनुसार योग के कई मार्गों- हठ, भक्ति, राज, ज्ञान और कर्म योग में से एक या दो या अधिक के संयोजन को चुन सकता है। व्यक्ति प्राणायाम, आसन, विश्राम, ध्यान और प्रत्याहार तकनीकों का अभ्यास कर सकता है, साथ ही जहां संभव हो व्यक्तिगत और सामाजिक विषयों का पालन कर सकता है। यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह यह पता करे कि उसकी आवश्यकताओं, जीवन शैली और व्यक्तित्व के लिए कौन सा मार्ग सबसे उपयुक्त है। एक सामान्य जीवन शैली का नेतृत्व करते हुए योग का अभ्यास किया जा सकता है, लेकिन विभिन्न आकांक्षाओं, मानसिकता और स्वयं के प्रति दृष्टिकोण और जीवन में बातचीत के साथ। योग का अभ्यास करने की कला व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित



करने में मदद करती है। यह एक शांतिपूर्ण शरीर और मन को प्राप्त करने के लिए शारीरिक और मानसिक विषयों को एक साथ लाता है, तनाव और चिंता को प्रबंधित करने में मदद करता है और आपको तनावमुक्त रखता है। यह लचीलेपन, मांसपेशियों की ताकत और बॉडी टोन को बढ़ाने में भी मदद करता है। यह श्वसन, ऊर्जा और जीवन शक्ति में सुधार करता है। योग का अभ्यास करना सिर्फ स्ट्रेचिंग जैसा लग सकता है, लेकिन यह आपके शरीर के लिए आपके महसूस करने, देखने और चलने के तरीके से बहुत कुछ कर सकता है।

11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 21जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। योग की परिभाषा हमारे ग्रंथों में अलग- अलग है। परंतु इसका सीधा संबंध मानव शरीर के स्वास्थ्य से ही जुड़ा है। योग हमें प्रकृति से जोड़ता है। योग हर वर्ष अब मनाया जाता है क्योंकि योग मानव के लिए एक सहारे का कार्य करेगा, यह आधुनिक जीवन जहां अचानक से मौसम बदल रहे है वनस्पति कम हो रही है, पर्यावरण दूषित हो रहा है तो ऐसे में मानव शरीर का नुकसान होना समझ में आता है, मानव शरीर को सुरक्षित रखने के उपायों में से एक योग है। आधुनिक जीवन में लोगो के पास समय कम कार्य ज्यादा है और बीमारियां बढ़ रही है जिसका तुरन्त निवारण नही है लोग तनावों से घिर रहे है, इस आधुनिक युग में मस्तिष्क का कार्य बहुत बढ़ गया है आबादी बढ़ने से दुर्घटना स्तर का बढ़ना और तनाव स्तर का बढ़ना मामूली बात है। ऐसे में मस्तिष्क संबंधी बीमारी भी बढ़ रही है, ज्यादातर बाहरी देशों में मस्तिष्क संबंधी बीमारी या डिसऑर्डर मिलते है जिनका जीवन बहुत तनावपूर्ण होता है, इसीलिए योग को आज इतनी बड़ी महत्ता दी जा रही है, क्योंकि स्नायु विज्ञान अभी बाल्यावस्था में है। अर्थात स्नायु विज्ञान अभी भी शोध के अवस्था में हैं, इसलिए स्नायु संबंधी बीमारी वाले मानव को डॉक्टर हमेशा योग की सलाह जरूर देता है क्योंकि योग हमारी नाडियों (तंत्रिका) को सुधारता है और उन्हें जगाता है जिसकी फिलहाल अभी तक कोई दवा नहीं है जो नुकसान हुई न्यूरॉन्स को एकदम से सही कर सके। योग हमारे मन की स्थिति को स्थिर रखता है, जब हम मंत्र योग करते है तो जो उच्चारण होता है वह 110 हर्ट्ज की ध्वनि उत्पन्न करता है जिससे एक कंपन का अनुभव होता है अर्थात हमारे न्यूरॉन को मसाज का अनुभव सा होता है, और हमारा मस्तिष्क इस समय शांत और एकाग्र हो जाता है इसीलिए सुबह सुबह ॐ उच्चारण 110 हर्ट्ज की ध्वनि में करने से मस्तिष्क रोग काबू में आता है, उदहारण के लिए हम माइग्रेन जैसी बीमारियों से मुक्त हो जाते है और इस समय में माइग्रेन जैसी बीमारी को कोई दवा पूर्ण रूप से सही नही कर सकती केवल योग के सिवा। भारत योगों का घर है यहाँ तंत्र मंत्र योग से कर्म योग, ज्ञान योग हठ योग आदि आदि प्रकार के योग मौजूद है जिनका हमारे जीवन में अलग अलग रूप से महत्व है। लोग इस आधुनिक जीवन में बहुत व्यस्त है, जब मस्तिष्क को आराम नही मिलता तो यह योग ही हमारे मस्तिष्क को 8 घंटे की नींद जितना आराम देता है, योग द्वारा कई प्रकार की न्यूरो बीमारियों को ठीक होते देखा गया है, और आजकल के युग में न्यूरो बीमारियों से ग्रसित लोग योग को ज्यादा महत्व देते है क्योंकि योग उन्हें एक प्रकार से बीमारी से सुकून प्राप्त करवाता है। योग में बताए गए आसन हमारे शरीर की सभी नसों और तंत्रिकाओं को खींचती है जिनसे हमारी नसें सही रूप से कार्य कर सके योग में अलग अलग आसन मस्तिष्क के अलग अलग तंत्रिकाओं को सक्रिय करती है और उन्हें ठीक करती है। और यह एक बहुत सटीक कारण है की अन्य देशों में योग को क्यों एकदम से अपना लिया। क्योंकि वो यह जानते है की योग बहुत कारगर है मानव शरीर को स्वस्थ रखने हेतु। इसीलिए योग आधुनिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

योग का हमारे शरीर पर चमत्कारी प्रभाव होता है इसीलिए स्वस्थ रहने के लिए योग रामबाण का काम करता है इसलिए आप अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करें और स्वस्थ रहें मस्त रहें खुश रहें।

## आज का राशिफल



**मेष**

मेष : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**वृषभ**

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**मिथुन**

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी।

**कर्क**

कर्क : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह**

सिंह : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या**

कन्या : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा।

**तुला**

तुला : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**धनु**

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मकर**

मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ**

कुंभ : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**मीन**

मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर रामदास अठावले का तंज, कहा- हमेशा नेता प्रतिपक्ष बनकर रहना

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस और सहयोगी दलों के तमाम नेताओं ने उनको शुभकामनाएं दी। राहुल गांधी ने भी उनका शुक्रिया अदा किया। शुभकामना देने वालों में केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठाले भी शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने जिस अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, इसकी उम्मीद कोई कांग्रेसी कार्यकर्ता कभी नहीं कर सकता है।

अठावले ने तंज भरे लहजे में राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राहुल गांधीजी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामना, आप हमेशा विरोधी पक्ष नेता बनकर रहना! आपको बता दें कि उन्होंने संसद में भी एक बार इसी अंदाज में कांग्रेस नेता को शुभकामनाएं दी थी।

रामदास अठावले अपनी बेबाकी और चुटीले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह संसद में जब भी किसी विषय पर बोलने के लिए खड़े होते हैं तो अपनी काव्य रचनाओं का जमकर इस्तेमाल करते हैं। उनके भाषण पर संसद में खूब ठहाके भी लगते हैं।

### गिर जाएगी मोदी सरकार, चैलेंज देकर बरसे उद्धव ठाकरे, शिंदे ने किया पलटवार

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना के स्थापना दिवस के मौके पर उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे ने मुंबई के दो इलाकों में समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर खूब हमले किए। जनता के समर्थन से उत्साहित उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती दे दी। उद्धव ठाकरे ने इस साल के अंत में होने वाले चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा, मोदी जी, मैं आपको महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करने के लिए आमंत्रित करता हूं... यह आप बनाम मैं होगा। उन्होंने शिवसेना के दो गुटों के हाथ मिलाने और एनडीए में जाने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि वह उन लोगों के साथ कभी नहीं जाएंगे जिन्होंने उनकी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ संभावित सुलह से जुड़ी अटकलों पर विराम लग गया।

ठाकरे ने शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नौ जून को सत्ता में आई नरेंद्र मोदी सरकार गिर जाएगी और उसकी जगह 'इंडिया' गठबंधन नीत सरकार सत्ता संभालेगी। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन पर पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी (भाजपा) यह खबर फैलाकर अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश कर रही है कि शिवसेना (यूबीटी) सत्तारूढ़ राजग में शामिल हो जाएगी।

### अयोध्या में हार के कारण तलाशने में जुटे बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

**फैजाबाद , एजेंसी।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के बावजूद फैजाबाद की प्रतिष्ठापूर्ण सीट पर हार से भाजपा को करारा झटका लगा है। इस संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को मिली हार की समीक्षा के लिए बुधवार की सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी अयोध्या पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को पूरे दिन अलग अलग विधानसभाओं में बैठकें कर हकीकत जानने का प्रयास किया। मंडल स्तर के पदाधिकारियों से बारी-बारी मुलाकात कर हार के मूल कारणों तक पहुंचने की कोशिश की। दोपहर में सबसे पहले मिल्कीपुर विधानसभा से समीक्षा बैठक शुरू हुई। इसके बाद सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर बीकापुर विधानसभा की बैठक हुई। देर रात सर्किट हाउस में अयोध्या विधानसभा की समीक्षा हुई। इस दौरान बारी-बारी से प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ स्थानीय मंडल अध्यक्षों से बंद कमरे में बात की। इस दौरान किसी विधायक को नहीं बुलाया गया था। अयोध्या विधानसभा की समीक्षा के दौरान सर्किट हाउस में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हिमाचल पानी देने को तैयार, हरियाणा बन रहा रुकावट

## आप के आरोप पर भाजपा ने दिया जवाब






**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच जल संकट बढ़ता जा रहा है। दिल्ली सरकार का कहना है कि हिमाचल प्रदेश अतिरिक्त पानी देने को तैयार है, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार रुकावट बनी हुई है। जल मंत्री आतिशी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात हो चुकी है। वह पानी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन वो पानी भी हरियाणा से होकर आना है। हरियाणा ने पानी देने से इनकार कर दिया।

मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सामने गुहार लगाई कि दिल्ली 100 एमजीडी पानी की जरूरत है। कोर्ट ने भी माना कि दिल्ली में पानी का संकट है। इन सब के बावजूद हरियाणा ने पानी नहीं दिया। हमारे विधायक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिलने के लिए गए, लेकिन वो नहीं मिले। हरियाणा को 100 एमजीडी पानी देना भी है तो वो उसके आवंटन का 1.5 प्रतिशत है।

**राजधानी में तीन करोड़ लोगों को परेशानी:** आतिशी ने कहा कि मंगलवार को दिल्ली सरकार के सभी उच्च अधिकारी हरियाणा सरकार के अधिकारियों से मिलने के लिए गए थे, लेकिन उन्होंने अतिरिक्त पानी देने से मना कर दिया। दिल्ली में तीन करोड़ लोग रहते हैं, जिन्हें 1050 एमजीडी पानी मिलता है, जबकि हरियाणा में भी तीन करोड़ लोग रहते हैं, लेकिन उन्हें 6050 एमडीटी पानी आवंटित है। अगर हरियाणा को 100 एमजीडी पानी देना भी है तो वो उसके कुल आवंटन का महज 1.5 प्रतिशत है। फिर भी हमारी हर संभव कोशिश के बाद हरियाणा सरकार दिल्ली को पानी नहीं दे रही है।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी की ओर से अनशन का ऐलान करने को लेकर दिल्ली भाजपा ने सवाल उठाए हैं। आतिशी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से समझौते से ज्यादा पानी मिल रहा है। दिल्ली सरकार की मंत्री जल संकट के नाम पर राजनीतिक कर रहीं हैं। वो कितना भी अनशन कर लें, लेकिन दिल्ली में जल संकट के नाम पर जनता को लूटने नहीं दिया जाएगा। भाजपा का आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आतिशी अनशन करने की बात कर रहीं हैं, लेकिन उससे पहले उन्हें यह भी बताना चाहिए कि वर्ष 2013 में दिल्ली जल बोर्ड 600 करोड़ के लाभ में था, लेकिन अब 73 हजार करोड़ रुपये के घाटे में चला गया है। आखिरकार जल बोर्ड की ऐसी हालत किसने की है। 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है।

### सफदरजंग अस्पताल पर भी जल संकट की मार



दिल्ली में गहराए जल संकट से अस्पताल भी प्रभावित होने लगे हैं। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के स्पोर्ट्स इंजरी केंद्र में पानी की कमी से ऑपरेशन थिएटर का काम प्रभावित हुआ है। बताया जाता है कि अस्पताल में पर्याप्त पानी न होने से एसी पूरी तरह काम नहीं कर पाया। इस वजह से ऑपरेशन थिएटर का तापमान सही न होने की वजह से पांच सर्जरी स्थगित हो गई हैं। पानी न होने से एचवीएसी चिलर प्लांट कुछ देर के लिए बंद हो गया। दरअसल, अस्पताल में केंद्रीयकृत एसी संचालित करने के लिए पानी की जरूरत होती है। पिछले कुछ समय से पानी की समस्या के कारण वॉटर टैंकर से पानी मंगाया जा रहा है। पानी के प्लांट पर रेड की वजह से समय पर टैंकर अस्पताल नहीं पहुंच सका। इससे परेशानी का सामना करना पड़ा।अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर में मरीज की सर्जरी करते समय तापमान 22 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए। एसी से तापमान 26 डिग्री तक पहुंच गया था। ऐसे में सर्जरी के दौरान मरीजों को संक्रमण का खतरा होता है। इस वजह से कुछ सर्जरी रद्द करनी पड़ी। इससे पहले खबर आई कि सफदरजंग अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में बीते तीन दिन से एसी नहीं चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि एसी नहीं चलने से मरीजों की डायलिसिस जैसी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। इस मसले जब तूल पकड़ा और बात मीडिया में आई तो अस्पताल प्रशासन ने कहा कि इमारत के केंद्रीयकृत एसी की डिस्केलिंग का काम चल रहा है। इससे परेशानी आई है। एसी एक से दो दिन में चलने लगेगा। फिलहाल मरीजों के लिए पंखे लगाए गए हैं।

## रेप के बाद डिप्रेशन में आई 13 साल की बच्ची ने किया सुसाइड, इंस्टाग्राम पर बने दोस्त ने दिया धोखा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर की एक कॉलोनी में दुष्कर्म के बाद डिप्रेशन में आई 13 साल की छात्रा ने बुधवार शाम को पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। उसके साथ यह वारदात तब हुई थी, जब इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद वह पहली बार आरोपी युवक से मिलने के लिए पहुंची थी। हालांकि घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पीड़िता के पिता मोदीनगर की एक कॉलोनी में अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहते हैं, जबकि पीड़िता आठवीं क्लास में पढ़ती थी। बच्ची की पहचान कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कृष्णानगर कॉलोनी निवासी युवक हिंमाशु सोनी से हुई थी। सोमवार शाम को युवक ने छात्रा को मैसेज करके अपने पास बुलाया। वह छात्रा को सुनसान स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया। रेप का विरोध करने पर छात्रा के साथ मारपीट भी की गई। किसी को यह बात बताने पर छात्रा को परिवार सहित जाने से मारने की धमकी दी। किसी तरह छात्रा अपने घर पहुंची और अपनी परिजनों को आपबीती सुनाई। पिता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में स्रद्धक्र कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी और पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने की तैयारी कर रही थी। थाने में पीड़िता के 161 के बयान दर्ज हो गए थे।

**घटना के बाद से ही डिप्रेशन में आ गई थी छात्रा:** घटना के बाद से ही छात्रा गुमशुम सी हो गई थी। परिजनों ने बताया कि वह किसी से कोई बात नहीं कर रही थी और ना ही उसने मंगलवार से खाना खाया था। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल कराया था। मेडिकल कराने के बाद परिजन छात्रा को लेकर घर आ गए थे। परिवार के सभी लोग शाम करीब पांच बजे एक ही कमरे में सो गए थे।

**पहली मंजिल पर पंखे से लटकी मिली छात्रा:** बताया जा रहा है कि शाम सवा सात बजे के आसपास जब पिता की आंख खुली तो छात्रा कमरे में मौजूद नहीं थी। उसको तलाशते हुए पिता घर की पहली मंजिल पर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद था। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोड़ा गया। जैसे ही दरवाजा तोड़ा तो छात्रा पंखे से लटकी मिली। तुरन्त उसे नीचे उतारकर स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन हालात गंभीर होने पर मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय छात्रा की मौत हो गई।

## घटता जा रहा भूजल, हम धरती मां के साथ कर रहे अन्याय; दिल्ली एलजी ने लोगों से की एक अपील



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने घटते जल स्तर पर चिंता जाहिर की। उन्होंने इस स्थिति को सभी के लिए चिंताजनक बताया और कहा कि इससे पता चलता है कि हम धरती माता के साथ अन्याय कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लेने और एक पौधा लगाने का भी आग्रह किया। एलजी वीके सक्सेना और केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलजी सक्सेना ने कहा, पिछले एक महीने से दिल्ली और पूरा देश भीषण गर्मी झेल रहा है। हम इसे झेलने को मजबूर हैं। दिल्ली में तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भूजल स्तर दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। यह हम सभी के लिए चिंताजनक स्थिति है। इससे पता चलता है कि हम धरती मां के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। इसलिए मैं सभी से अपील करता हूं कि वे इस अभियान (एक पेड़ मां के नाम) का हिस्सा बनें और एक पौधा लगाएं। आपको सिर्फ पौधा लगाकर और उसके साथ फोटो खिंचवाकर अपने अभियान को खत्म नहीं करना है। आपको उस पेड़ की जिम्मेदारी इस सोच के साथ लेनी है कि भविष्य में यह आपकी पहचान बनेगा। जब कोई व्यक्ति इसकी छाया में बैठेगा, तो वह आपको इसके लिए धन्यवाद देगा।

उन्होंने आगे बताया कि पौधों को काले प्लास्टिक में रखने की बजाय, पौधों को गाय के गोबर के छोटे गमलों में रखा जाए क्योंकि उपयोग के बाद प्लास्टिक पर्यावरण को प्रभावित करता है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा, हम पौधे लगाते हैं, लेकिन वे काले प्लास्टिक के कवर में आते हैं। रोपण के बाद, उन्हें (काले प्लास्टिक को) जंगलों में फेंक दिया जाता है और फिर वे नदियों और नालों में चले जाते हैं। जिससे उनका दम घुटता है। हमने इस दिशा में एक पहल की है। अब प्लास्टिक के बजाय, गाय के गोबर के छोटे गमले बनाए जाएंगे और उनमें पौधे रखे जाएंगे।

## इटली के खेत में काम करने वाले भारतीय की मौत

### घास काटते वक्त मशीन से हाथ कटा, मालिक ने इलाज के बजाय सड़क किनारे छोड़ा

**रोम, एजेंसी।** इटली के लैटिना इलाके में खेतों में काम करने वाले भारत के 30 साल के कर्मचारी सतनाम सिंह की बुधवार को मौत हो गई है। खेत में घास काटते वक्त मशीन से सतनाम का हाथ कट गया। इसके बाद उसकी मदद करने की बजाय उसके मालिक ने उसे घर के पास एक सड़क किनारे अकेला छोड़ दिया।



इसके बाद सतनाम की पत्नी और उसके दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। फिर भारतीय कर्मचारी को एयर एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए राजधानी रोम के अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, यहां उसकी मौत हो गई। इटली के ट्रेड यूनियन ने कहा है कि हादसे के बाद सतनाम को कूड़े की तरह फेंक दिया गया। यह एक डरावनी फिल्म जैसा था।

**सरकार बोली- घटना क्रूरता का उदाहरण, दोषियों को सजा देंगे-** इटली की लेबर मंत्री मारीना कैल्डरोन ने घटना की निंदा की है। संसद में इससे जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह घटना क्रूरता का उदाहरण है। भारतीय कामगार को गंभीर हालत में अकेला छोड़ दिया गया था। अधिकारी इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं और दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाएगी।

## दूसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे एस जयशंकर, पड़ोसी पहले नीति पर फोकस



**कोलंबो, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को श्रीलंका पहुंचे। यह उनके लगातार दूसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा है। श्रीलंका दौरे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। जयशंकर का कोलंबो पहुंचने पर श्रीलंका के विदेश राज्य मंत्री थारका बालासुरिया और पूर्वी प्रांत के राज्यपाल सेंथिल थोंडामन ने उनका स्वागत किया।

**श्रीलंका पहुंचने पर विदेश मंत्री साझा की पोस्ट-** एस जयशंकर ने श्रीलंका पहुंचने पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा नए कार्यकाल में पहली बार कोलंबो पहुंचा हूं। गर्मजोशी से स्वागत के लिए राज्य मंत्री थारका बालासुरिया और पूर्वी प्रांत के राज्यपाल एस थोंडामन का शुक्रिया। शीर्ष नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों का बेसब्री से इंतजार है। विदेश मंत्री ने लिखा कि श्रीलंका, भारत की पड़ोसी पहले और सागर नीतियों का केंद्र है। अपनी पड़ोसी पहले नीति के तहत भारत अपने सभी पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और परस्पर लाभकारी संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**विदेश मंत्री की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा-** विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण क्षेत्र में सभी की सुरक्षा और हिंद महासागर में समुद्री सहयोगा भू-राजनीतिक ढांचा बनाने का है। एस जयशंकर ने बीती 11 जून को देश के विदेश मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कार्यभार संभाला था। जयशंकर पिछले सप्ताह इटली के अपुलिया में आयोजित हुए जी7 शिखर सम्मेलन में भी शामिल हुए थे, लेकिन उस समय वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। वहीं श्रीलंका का दौरा उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

## लगातार तीसरे महीने अंधेरे में डूबा इक्काडोर, ट्रांसमिशन लाइन खराब होने से देश की बिजली गुल

**क्यूटो, एजेंसी।** पूरी दुनिया बदलती जलवायु के कारण अजीबोगरीब मौसम की मार झेल रही है। ऐसे में कहीं भीषण गर्मी तो कहीं बारिश का मौसम बना हुआ है। गर्मी के कारण कई देशों में बिजली की मांग बढ़ गई। इन सबके बीच, इक्काडोर में बुधवार को हाहाकार मच गया। दरअसल, पूरे देश में बुधवार दोपहर अचानक से बिजली चली गई। इससे सब लोग परेशान हो गए। वहीं सार्वजनिक अवसंरचना मंत्री रॉबर्टो ल्यूक ने बिजली जाने के पीछे का कारण ट्रासमिशन लाइन में खराबी आना बताया।

**बिजली क्यों चली गई?-** रॉबर्टो ल्यूक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मुझे राष्ट्रीय बिजली ऑपरेटर सीईएनओसीई एक रिपोर्ट मिली है, इसमें बताया गया है कि बिजली क्यों चली गई। दरअसल, ट्रांसमिशन लाइन में खराबी के कारण कैस्केड डिस्कनेक्शन हुआ। इसलिए पूरे देश में कहीं भी बिजली नहीं थी।

मंत्री ने आगे कहा कि अधिकारी बिजली को वापस लाने के लिए लगातार काम कर रहे थे। कुछ ही घंटों में इक्काडोर की राजधानी क्विटो के कुछ हिस्सों में बिजली लौटना शुरू हो गई थी।



**इक्काडोर कई सालों से ऊर्जा संकट से जूझ रहा-** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1.8 करोड़ आबादी वाला इक्काडोर कई सालों से ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। बुनियादी ढांचे की विफलता, रखरखाव की कमी और आयातित ऊर्जा पर निर्भरता, इन सभी ने पूरे देश में बिजली नहीं रहने में योगदान दिया है। वहीं, चीन द्वारा निर्मित 2.25 अरब डॉलर की लागत वाला कोका कोडो सिंक्लेयर बांध नामक पनबिजली संयंत्र इक्काडोर की समस्या को हल करने में मदद करने वाला था। हालांकि, यह परियोजना इक्काडोर के अधिकारियों के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गई है। निर्माण में कई त्रुटियां हुई हैं, जिसके परिणामस्वरूप इक्काडोर के अधिकारियों और चीनी कंपनी के बीच कानूनी विवाद हुआ है।

**इक्काडोर के अधिकांश हिस्से में बिजली गायब-** बुधवार को दोपहर लगभग सवा तीन बजे (स्थानीय समयानुसार), इक्काडोर के अधिकांश हिस्से में बिजली गायब थी। शाम को क्विटो और गुआयाकिल की सड़कों पर कारों के हॉर्न और ड्राइवरों के चिल्लाने की आवाजें गूंजने लगीं। इसका कारण यह था कि बिजली जाने के कारण ट्रैफिक लाइटों ने काम करना बंद कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों और कुछ जल आपूर्ति कंपनियों ने दोनों प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं।

**इससे पहले भी बन चुकी है ब्लैकआउट की स्थिति-** रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत में इक्काडोर में ब्लैकआउट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसके बारे में ऊर्जा मंत्रालय ने कहा था कि इसका कारण लंबे समय तक सूखे के बाद ऐतिहासिक रूप से कम जल प्रवाह, बढ़ते तापमान और देश की विद्युत प्रणाली के रखरखाव की कमी है। मई की शुरुआत में भी ब्लैकआउट हुआ था, जो बाद में सही हो गया था। ल्यूक, जो कार्यवाहक ऊर्जा मंत्री भी हैं, ने सात जून को कहा कि बिजली कटौती का जोखिम कम हो गया है। हालांकि, 16 जून को क्विटो के कुछ हिस्सों में फिर से बिजली कटौती हुई। तीन दिन बाद, पूरे देश में बिजली कटौती हुई।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन राजकीय यात्रा पर वियतनाम पहुंचे

**हनोई, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वियतनाम दौरे पर हैं। उत्तर कोरिया का दौरा समाप्त कर गुरुवार को राष्ट्रपति पुतिन हनोई के नोई बाई एयरपोर्ट पर पहुंचे। रूसी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाया गया। वियतनाम के उप प्रधानमंत्री ट्रान हॉन्ग हा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विभाग सीपीवी केंद्रीय समिति के प्रमुख ली होआई ट्रंग और वियतनाम के डिप्टी विदेश मंत्री ले थी थू हैंग ने रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने वियतनाम के चार नेताओं से मुलाकात की, जिसमें राष्ट्रपति, देश की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव, प्रधानमंत्री और नेशनल असेंबली के चेयरमैन का नाम शामिल हैं। वह सोवियत और रूसी यूनिवर्सिटी के स्नातकों से भी मिलेंगे। वियतनाम आने से पहले पुतिन उत्तर कोरिया के दौरे पर थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लावालौंग : बीडीओ के पहल पर 80 घरों की आबादी को उपलब्ध हुआ शुद्ध पेयजल



**लावालौंग (प्रातः आवाज)।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरहेद गांव में भीषण गर्मी के कारण इस वर्ष जलस्तर नीचे चला गया वहीं कुएं और चापाकल ने भी जवाब दे दिया। ग्रामीणों के बीच पेयजल का संकट गहरा गया था। ग्रामीणों को मजबूरी में नदी के गड्ढे से दूषित पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा था। इस की खबर लगने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए दो चापाकल को दुरुस्त करवाया और ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया है। पेयजल की उपलब्धता के कारण अब गांव के लगभग 80 घरों को पानी को लेकर हुई असुविधा दूर हुई है।

### गिद्धौर : अवैध बालू लदे 7 ट्रैक्टर जब्त



**गिद्धौर (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के विभिन्न नदी घाटों पर छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू लदे सात ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। एनजीटी के निर्देश के उल्लंघन मामले में चालक व ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। छापेमारी अभियान का नेतृत्व बीडीओ सह सीओ राहुल देव एवं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने किया। इधर इस कार्रवाई से अवैध रूप से बालू की खरीद बिक्री करने वाले माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### गिद्धौर : बैठक में कुव्यवस्था के कारण जनप्रतिनिधियों ने दिया धरना




**गिद्धौर (प्रातः आवाज)।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को अयोजित पंचायत समिति सदस्यों के कार्यकारिणी की बैठक में कुव्यवस्था को देखते हुए आक्रोशित जनप्रतिनिधियों ने बैठक से उठकर प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरने दिया। जिससे प्रखंड कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि बाद में प्रखंड के नजीर के द्वारा समझाने के बाद प्रतिनिधियों ने धरना पर से उठ गए। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख अनीता यादव, उपप्रमुख प्रीतम यादव, पंचायत समिति सदस्य लालो साव, सरिता देवी, प्रियांशु देवी शामिल थे।

### चंद्रगुप्त के जीएम पर जमीन हड़पने एवं जातिसूचक अभद्र व्यवहार करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**टंडवा (प्रातः आवाज)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सराढ़ु के नौवडीहा निवासी स्व. सोहराई गंझू के पुत्र प्रमेश्वर गंझू ने सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के विरुद्ध जमीन हड़पने एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि कुमरांग खुर्द निवासी राजेंद्र प्रसाद व काशियाडीह निवासी गोपाल महतो के साथ खाता नंबर 77 प्लॉट नंबर 308 तथा खाता नंबर 68 प्लॉट नंबर 293 व 375 में स्थित अपनी जमीन देखने गया था। उक्त जमीन अधिग्रहित क्षेत्र से बाहर है जबकि उक्त जमीन पर सीसीएल द्वारा कार्य कराया जा रहा है। पूछताछ करने के बाद जीएम से मिलने की बात कही गई। भुक्तभोगी ने कहा है कि जीएम से मिलने पर उन्होंने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए उग्रवादी केस में फंसाने की चेतावनी दी। थाना को दिए लिखित सूचना में भुक्तभोगी परमेश्वर गंझू ने जान-माल की सुरक्षा की गुहार के साथ एससी-एसटी का मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है। दूसरी तरफ इस मामले में टंडवा पुलिस ने टंडवा थाना कांड संख्या 171 /24 सुसंगत धारा की धारा लगाते हुए प्राथमिक दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अखिल भारतीय किसान महासभा ने राज्यपाल के नाम सौंपा सात सूत्री मांग पत्र

**सिमरिया (प्रातः आवाज)।** अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने सात सूत्री मांग को लेकर राज्यपाल को एक पत्र प्रेषित किया है। पत्र में उल्लेखित करते हुए कहा गया है कि इंदिरा मोड़ से रोल तक बनाए जा रहे सड़क में जा रहे रैयतों के जमीन का मुआवजा को लेकर 19 मई को रैली निकाली गई थी। जिसके माध्यम से यह मांग किया जा रहा है। सभी रैयती भूमि को आवासीय दर्जा देने व रैयतों को भूमि का उचित मुआवजा का भुगतान करने, सरकारी अमीन से मापी कराकर नक्शा बना कर किसानो के जमीन का मुआवजा राशि वर्तमान मूल्य के साथ भुगतान करने, सड़क का निर्माण कार्य पर रोक लगाने, सड़क निर्माण में किए गए भंडारण से गांव की आबादी और दूषित हो रहे पर्यावरण को देखते हुए खाली जमीन में भंडारण कराने, मकान चापानल, कुंआ, तालाब और पेड़ पौधों की क्षतिपूर्ति का आकलन कर मुआवजा भुगतान करने और गैर मजरूआ जमीन खास का भी क्षतिपूर्ति का आकलन कर मुआवजा भुगतान करने की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि रैयतों को मुआवजा की मांग को लेकर लगातार आंदोलन किया जाएगा। मांग पत्र की प्रति एसडीओ सन्नी राज को भी प्रेषित किया गया है।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं का विभागवार किया समीक्षा, कहा

# योजना धरातल पर दिखे, मैं स्वयं करूंगा निरीक्षण

- मनरेगा योजनाओं में किसी भी सुरत में न हो मशीन उपकरण का प्रयोग
- अबुआ आवास योजना के लाभुकों को जल्द से जल्द किस्त की राशि दे
- शहर में पेयजल आपूर्ति करें सुनिश्चित
- खराब पड़े चापानलों की मरम्मति व आवश्यकता अनुसार नए चापानल लगाने का निर्देश
- भेड़ी फार्म के गहरीकरण व डहुरी डैम से वैकल्पिक जलापूर्ति पर चर्चा
- कौशल विकास के तहत युवक एवं युवतियों को दिया जा रहा है रोजगार
- व्यापक प्रचार-प्रसार कर श्रमिकों का बनाएं श्रमिक कार्ड, जिससे उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित योजनाओं का दिया जा सके लाभ
- विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में बिजली, पानी, अवसर कौशल विकास पर दिया गया जोर



समीक्षा बैठक में उपस्थित श्रम मंत्री, डीसी व अन्य।

प्रातः आवाज

**चतरा (ब्यूरो डेस्क)।** प्रशिक्षण सह कौशल विकास केन्द्र (डीएमएफटी) चतरा में गुरुवार को राज्य सरकार के उद्योग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि 10 जुलाई तक वैसी योजनाएं जिसका टेंडर हो चुका है और जिनपर अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उन सभी की आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए योजनाओं का कार्य प्रारंभ किया जाय। मंत्री सत्यानंद भोगता ने विकास योजनाओं के कार्य की मॉनिटरिंग संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता को करने का निर्देश देते हुए निर्देशित किया कि अगर किसी भी संवेदक द्वारा कार्य में लापरवाही देखी जाती है तो नियम संगत कार्रवाई करें।

**अबुआ आवास योजना**

समीक्षा बैठक में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी बुआ आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा गया कि योजना गरीब व बेघर लोगों के लिए है इसमें किसी भी प्रकार कि अनियमितता न हो इसका खास ख्याल रखें। लाभुकों से बिचौलियों द्वारा ठगी न की जा सके। जिनका अबुआ आवास जीयो टैग हो चुका है वैसे लाभुको के किस्त की राशि भेजने का निर्देश दिया।

**पीएम ग्राम सड़क योजना और नल जल योजना**

बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के अंतर्गत नल जल योजना की समीक्षा के क्रम में जुड़को द्वारा पाईप लाईन बिछाने के दौरान सड़क जर्जर हो चुकी सड़क का मामला उठाया गया इस पर मंत्री ने जुडको से समन्वय स्थापित करते हुए जर्जर सड़क की मरम्मति कार्य कराने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा को 10 जुलाई तक खराब पड़े चापानलों की मरम्मति एवं आवश्यकता अनुसार नये चापानल को लगाने का निर्देश दिया। साथ ही पेयजल आपूर्ति की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद चतरा के कार्यपालक पदाधिकारी और पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता को सभी आवश्यक तैयारी करते हुए शहरी क्षेत्रों पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। भेड़ी फार्म के गहरीकरण और डहुरी डैम से वैकल्पिक जलापूर्ति पर भी चर्चा कर विचार विमर्श हुआ। समीक्षा बैठक में लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया की हमारे विभाग अंतर्गत कुल 12 योजनाएं है जो टेंडर प्रक्रिया में है इस पर मंत्री महोदय ने गति लाने का निर्देश दिया।

**बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन**

योजना की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में जानकारी देते हुए बताया गया की योजना का कुल लक्ष्य 3756 है जिसमें स्वीकृत योजनाएं 3975 है। जबकि 3376 योजनाओं पर कार्य चल रही है। बिरसा हरित ग्राम योजना बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा बिरसा हरित ग्राम योजना धरातल पर दिखे यह सुनिश्चित करें, मै स्वयं योजनाओं का निरीक्षण करूंगा।

**भू-अर्जन विभाग की समीक्षा**

भूमि मोटेशन के समीक्षा के दौरान उन्होंने सख्त निर्देशित करते हुए कहा जमीन से संबंधित अगर कोई भी घटना घटती है तो अंचल अधिकारी और कर्मचारी पर कार्रवाई होगी। जमीन के मामले में फर्जी दस्तावेजों का गंभीरता से जांच करें। मोटेशन के मामले लंबित न रखे। साथ ही हल्का कर्मचारियों को स्थानांतरण करने का निर्देश दिया गया। जेल, श्रम विद्यालय और समाहरणालय बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग को एक जगह पर काफी समय से प्रतिनियुक्त एएनएम नर्स, चिकित्सक का भी स्थानांतरण करने का निर्देश दिया।

**विद्युत विभाग की समीक्षा**

विद्युत की समस्याओं पर उन्होंने कहा जिस गांव में अभी तक विद्युत बहाल नहीं है वहां विद्युत बहाल कराएं। बढ़ते तापमान के बीच विद्युत की समस्याओं के कारण आमजनों को काफी समस्या हो रही है इसका निराकरण जल्द से जल्द करें। डाढ़ा पावर ग्रिड के संचालन में जो समस्या वन क्षेत्र के कारण हो रही है वैसे मामलों में वन प्रमण्डल पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर इसका त्वरित निष्पादन करें।

उक्त बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, मंत्री प्रतिनिधि प्रभु दयाल यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव समेत अन्य गणमान्य लोग एवं पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

### 75 करोड़ 78 लाख की योजनाओं का किया गया शिलान्यास व उद्घाटन



राज्य सरकार में उद्योग विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री ने गुरुवार को चतरा में 75 करोड़ 78 लाख की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। जिसमें आरईओ विभाग की चार योजनाएं जिसकी लागत 277.1059 लाख का शिलान्यास। वहीं आरईओ विभाग की पांच योजनाएं जिनकी लागत 447.4072 लाख, भवन प्रमंडल की 02 योजनाएं 242.1871 लाख, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की 23 योजनाएं 501.3003 लाख, पथ प्रमंडल की 01 योजना 24.9862 लाख, पीएचईडी की 07 योजनाएं 61.7504 लाख, जिला परिषद की 189 योजनाएं 5360.8882 लाख, भवन निर्माण निगम की 01 योजना 939.0000 लाख के कुल 228 योजनाओं का उद्घाटन किया। डीएमएफटी भवन में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद मंत्री ने आम लोगों के बीच परिसंपतियों का भी वितरण किया। कुल 566 लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। 15 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं 02 लाभुकों के बीच ट्राइसाईकिल का वितरण किया गया। जिला पशुपालन विभाग अंतर्गत बकरा विकास योजना के तहत 4 मादा एवं 1 नर कुल 05 लाभुकों को 94717 रुपया का वितरण किया गया। कल्याण विभाग अंतर्गत सीएमईजीपी योजना हेतु कुल 10 लाभुकों को 2 लाख 50 हजार रुपया, जेएसएलपीएस अंतर्गत सीआईएफ योजना हेतु कुल 551 लाभुकों यथा संतोषी सखी मंडल, शिवानी सखी मंडल, लक्ष्मी सखी मंडल, शिव सखी मंडल, यमुना सखी मंडल को 21644717 रुपया, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत सर्वजन पेंशन योजना हेतु कुल 10 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, समाज कल्याण अंतर्गत दिव्यांग उपकरण योजना हेतु कुल 02 लाभुको को ट्राइसाईकिल, डीआरडीए अंतर्गत अबुआ आवास योजना हेतु कुल 05 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया।

**वीर शहीद पोटो खेल विकास योजना**

वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना कि भी समीक्षा के दौरान मानव दिवस सृजन, मनरेगा योजना में मशीन उपकरण का प्रयोग नहीं हो यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय ने बताया कि प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम के लिए प्रखण्ड इटखोरी, गिद्धौर, टंडवा हेतु आंवटन प्राप्त है शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करा लिया जाएगा।

**कल्याण विभाग**

कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कब्रिस्तान घेराबंदी को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बैठक में बताया कि 40 कब्रिस्तान घेराबंदी का कार्य प्रगति पर है और वैसे कब्रिस्तान में घेराबंदी का कार्य पूर्ण हो चुका है उसके भुगतान का कार्य 10 जुलाई तक कराने का निर्देश दिया। बिरसा आवास, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, वनाधिकार पट्टा की भी समीक्षा की गई। समाज कल्याण पदाधिकारी को कहा योजनाओं में खानापूर्ति न करें अनुमंडल पदाधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें। सरकार द्वारा सभी पात्रता रखने वाले लोगों को लाभ देने के लिए अनेको योजना चलाई जा रही है। इसका हर व्यक्ति को लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। आगे कहा रिक्त सेविका, सहायिका के पदों को भरने का कार्य पूर्ण करें।

**सामाजिक सुरक्षा**

समाज कल्याण विभाग के सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत पेंशनधारियों का मासिक भुगतान से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के समीक्षा के दौरान कहा गया कि लाभुको द्वारा यह शिकायत प्राप्त होती है कि विभाग से पैसे तो मिल जाते है लेकिन बैंक खाता दूर होने के कारण हमलोग वहां जाने में सक्षम नहीं है और आधार कार्ड के माध्यम से जब नजदीकी किसी सेंटर पर पैसा निकालने जाते है तो बिचौलियों के द्वारा ठगी कर ली जाती है। इस पर आवश्यक कार्रवाई एवं वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है।

**कौशल विकास विभाग की समीक्षा**

बैठक में मंत्री सत्यानंद ने कौशल विकास की समीक्षा के दौरान कहा कि योजना के तहत युवक, युवतियों को रोजगार देने का कार्य किया जा रहा है। अगर प्रशिक्षण के बाद जबतक युवक, युवतियों को रोजगार नहीं मिलता है तब तक युवक को 1000 एवं युवतियों को 1500 की राशि दी जा रही है। श्रमिक मजदूरों के लिए श्रमिक कार्ड के आधार पर कई लाभ दिए जा रहे है।

## टीबी उन्मूलन व बीसीजी टीकाकरण को लेकर प्रदेश के टीम का प्रतापपुर दौरा



स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य कर्मी का टीम।

**प्रतापपुर (प्रातः आवाज)।** प्रतापपुर अंतर्गत कई प्रखंडों में टीबी उन्मूलन एवं बीसीजी टीकाकरण करने को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा किए जा रहे घर घर सर्वे की जांच को लेकर प्रदेश के टीम ने गुरुवार को प्रतापपुर के सिजुआ, नावाडीह, योगियारा सहित कई गांवों का दौरा किया। टीम ने किए जा रहे सर्वे की भी जांच का काम किया। टीबी उन्मूलन एवं बीसीजी के टीकाकरण को लेकर किए जा रहे सर्वे का जांच किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीटीओ डॉ. कुमार उत्तम ने बताया कि टीबी उन्मूलन को लेकर सभी व्यस्क को बीसीजी का टीकाकरण किया जाना है। जिसका सर्वे घर-घर जाकर सहिया एवं स्वास्थ्यकर्मी के द्वारा किया जा रहा है। टीम के डॉ. विक्रांत कुमार ने बताया की टीकाकरण से मनुष्य में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होगा एवं वैसे लोग जो टीबी के बीमारी से ग्रसित होने वाले हैं उनका उससे बचाव होगा। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा की बीसीजी टीकाकरण अवश्य कराएं। इस टीम में राष्ट्रीय परामर्श डॉ. धीरज टुनु, डब्ल्यूएचओ डॉ अन्नपूर्णा, डॉ. मेघा, डॉ. अमित सेल्वर, डॉ. एलआर पाठक, डॉ. कुमार संजीव, बीपीएम जयंत कुमार, संजय कुमार, रविशंकर पांडे सहित कई लोग शामिल थे।

### अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योगाभ्यास

**10वें अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर योग भगाएं निरोग संदेश का होगा प्रचार प्रसार**




**चतरा (ब्यूरो प्रातः आवाज)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर चतरा जिला मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में योग प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन के द्वारा 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योग साधना में शामिल होने के लिए आम लोगों से अपील की है। योग दिवस पर शुक्रवार को सुबह 6 बजे से सामूहिक योग अभ्यास आयोजित होगा।

### नशा मुक्ति प्रचार वाहन को मंत्री सत्यानंद भोगता ने किया रवाना

## मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के प्रति अवगत कराएगा प्रचार वाहन



प्रचार वाहन को रवाना करते श्रम मंत्री व अन्य।

प्रातः आवाज

**चतरा (ब्यूरो)।** सूबे के उद्योग एवं श्रम विभाग के मंत्री सत्यानंद भोगता ने गुरुवार को प्रशिक्षण सह कौशल विकास केन्द्र (डीएमएफटी) परिसर से मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने को लेकर तैयार किए गए नशा मुक्ति एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घुमकर मादक पदार्थों के दुरुपयोग से आमजनों को जागरूक करने का कार्य करेगा। इसके तत्पश्चात डीएमएफटी परिसर में उद्योग मंत्री सत्यानंद भोगता, उपायुक्त रमेश घोलप, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष समेत अन्य लोगों द्वारा पौधरोपण भी किया गया।

### एनटीपीसी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

# पुरुष व महिला वर्ग के विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत



पुरस्कार के साथ विजेता टीम।

प्रातः आवाज

**टंडवा।** एनटीपीसी नार्थ करणपुरा स्थित उड़ान स्टेडियम में चल रहे एनकेपीएल 2024 टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को रोमांचक मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। एनटीपीसी खेल परिषद द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में विभिन्न श्रेणियों में खिलाडियों ने उत्साह के साथ भागीदारी दिखाई। प्रतियोगिता में कर्मचारियों और उनके परिवार जनों की क्रिकेटिंग प्रतिभा का प्रदर्शन भी हुआ। पुरुषों श्रेणी का फाइनल मैच गाड़ीलोंग जायंट्स और कामता नाइट्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गाडीलोंग जायंट्स ने 12 ओवरों में 9 विकेट खोकर 101 रन बनाए। जबावी पारी खेलते हुए कामता नाइट्स ने बिना कोई विकेट गंवाए केवल 8.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। कामता नाइट्स ने 10 विकेट की जीत के साथ खिताब पर कब्जा जमाया। पुरुषों के फाइनल मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रभात कुमार सिंह, जूनियर वर्क्स असिस्टेंट (सीसीडी) को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अहतेशाम आलम, जूनियर वर्क्स असिस्टेंट (ईएमडी) को पूरे टूर्नामेंट में शानदार ऑलराउंड योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब वरिष्ठ प्रबंधक (बीएमडी) विमल कुमार को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब जूनियर वर्क्स असिस्टेंट (ईएमडी) एहतेशाम आलम को दिया गया। बच्चों की श्रेणी मे सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरस्कार मुकेश जीनगर, वरिष्ठ प्रबंधक (सी एंड एम) के पुत्र मनराज परिहार को दिया गया।युवा प्रतिभाओं ने भी अपनी क्रिकेट कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।बच्चो की श्रेणी मे फाल्गु फाइटर्स टीम विजयी रही। और मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मस्त. वर्शित अग्रवाल, उत्सव अग्रवाल, डीजीएम (सीएंडटी) के पुत्र को दिया गया। प्रतियोगिता मे महिलाओं की टीम ने भी रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया। जिसमें स्वर्णरेखा इलेवन टीम शीर्ष पर रही। सचिन धनराज तापसे, वरिष्ठ प्रबंधक (बीएमडी) की पत्नी अश्विनी सचिन तापसे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। एनकेपीएल 2024 टूर्नामेंट ने न केवल तीव्र प्रतिस्पर्धा के लिए एक मंच प्रदान किया बल्कि एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा के कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच टीम भावना को भी बढ़ावा दिया। इस कार्यक्रम में एक शुक्ला, एचओपी नॉर्थ करनपुरा, सभी जीएम, एचओएचआर और वसुंधरा लेडीज क्लब के वरिष्ठ सदस्य की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में खेल परिषद की पहल की सभी प्रतिभागियों और दर्शकों ने सराहना की।

## बैठक में जेएमएम का जोनल स्तरीय सेमिनार करने का निर्णय



**महुदा (प्रातः आवाज)।** गुरुवार को रॉयल रूट्स प्ले स्कूल महुदा के सभागार में झारखंड मुक्ति मोर्चा महुदा जोन की बैठक अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी की अध्यक्षता में हुई। संचालन मो. खालीद शेख ने किया। बैठक में मुद्दे पर मंथन करने के बाद झामुमो महुदा जोन कमेटी का गठन करने की आवश्यकता महसूस की गयी। इस निमित 23 जून को रॉयल रूट्स प्ले स्कूल महुदा के सेमिनार हाल में जोनल स्तरीय सेमिनार करने का निर्णय लिया गया। इस सेमिनार में महुदा जोन के अन्तर्गत पड़ने वाले बागड़ा, सिंगड़ा, पदुगोड़ा, हाथुडीह, छत्रुटांड़, महुदा, तेतुलिया-2, पाथरगड़िया, तारगा, काण्ड्रा, तेलमोचो, लोहापट्टी, पंचायत से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। प्रत्येक पंचायत से पांच सक्रिय कार्यकर्ता को जोनल कमेटी में शामिल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह झारखण्ड सरकार सत्तारूढ़ दल के सचेतक टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विशिष्ट अतिथि झामुमो धनबाद जिला अध्यक्ष एवं बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष मो. अजमुल अंसारी को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी ने कहा कि सेमिनार को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता महुदा जोन की बारह पंचायतों में लगातार जनसम्पर्क अभियान चलाएंगे। मौके पर मो. मजीद आलम अंसारी, मो. सब्बीर अंसारी, जेपी हजारी, विक्की कुमार, सुनील कुमार रवानी, बिरेन्द्र कुमार, लक्ष्मण कुमार, लक्ष्मण बाउरी, मनोज रवानी, प्रदीप अड्डी, पलटु सिंह, अजीत प्रसाद रवानी, पटल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता बैठक में मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन जेपी हजारी ने किया।

## यूनाईटेड यूनियन समर्थकों ने लोदना सीएमओ को घेरा



**झरिया (प्रातः आवाज)।** लोदना क्षेत्रीय अस्पताल जेलगोरा में गुरुवार को यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के बैनर तले श्रमिकों ने सीएमओ का घेराव किया। यूनियन प्रतिनिधि ने कहा कि अस्पताल में रात्रि पाली में कोई भी डॉक्टर नहीं रहता है, जिसके चलते कई मरीजों की जान चली गयी है। डॉक्टर की रात्रि में नियुक्ति नहीं होती है तो हमलोग आंदोलन में जायेंगे। मौके पर सीएमओयू मल्लेस ने यूनियन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही रात्रि पाली में डॉक्टर मुहैया कराया जाएगा। साथ ही कहा कि डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने तक रात्रि में डॉक्टर ऑन कॉल जाएंगे। मौके पर डॉक्टर रवि रंजन, यूनियन के सत्येन्द्र गुप्ता, उचित महतो, गणेश पासवान, कृष्णा पासवान, कौशिक राजन, मनीष कुमार आदि थे।

## लो वोल्टेज की समस्या व जर्जर तार बदलने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**झरिया (प्रातः आवाज)।** डिगवाडीह गुप्ता टोला व इस्लामपुर बस्ती में लो वोल्टेज बिजली की समस्या व जर्जर तार बदलने को लेकर ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी के बैनर तले जिला महासचिव मदन राम के डिगवाडीह स्थित आवासीय कार्यालय में बिजली विभाग के उदासीन रवैये को लेकर बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर बिजली विभाग के एसडीओ आलोक कुमार ने आप पार्टी के कार्यालय में ग्रामीणों के साथ वार्ता कर क्षेत्र में जर्जर तार की जांच कर जल्द बदलने व बिजली से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण करने की बात कही। कहा कि एक सप्ताह के अंदर लो वोल्टेज की समस्या तथा जर्जर तार को ठीक कर दिया जाएगा। वार्ता में मुख्य रूप से आप नेता मदन राम, जसीम अंसारी, सद्दाम अंसारी, लड्डू अंसारी, साजिद ईमरान, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, मुश्ताक अंसारी, मुन्ना कुमार, जिसान मुर्शीद अंसारी, अयान अंसारी, साजिद अंसारी, साहिल अंसारी, रिंकू देवी, रेखा देवी, सीमा देवी, सुमन देवी, उर्मिला देवी आदि थे।

## बकाया वेतन नहीं देने व नये मजदूरों को कार्य पर रखने पर पुराने मजदूरों ने किया हंगामा

**कतरास (प्रातः आवाज)।** बरोरा थाना क्षेत्र के बेहराकुदर इंडेन गैस सर्विस गोदाम में गुरुवार को पुराने मजदूर बकाया वेतन की मांग को लेकर धरना पर बैठ गए। इसी दौरान गोदाम में कार्य कर रहे नये मजदूरों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। दोनों तरफ के लोग एक दूसरे पर मारपीट पर उतारू हो गए। हंगामा होने की सूचना मिलने पर बरोरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों मजदूरों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। पुराने मजदूरों का कहना है कि हमलोग यहां पर लगभग 18 वर्षों से काम कर रहे हैं। पांच-छह वर्षों से वेतन बकाया है। वेतन नहीं मिलने पर सभी मजदूर एकजुट होकर 27 अप्रैल से हड़ताल पर बैठे थे। इसके बाद इंडेन संचालक द्वारा 20 मजदूरो को दो माह पूर्व बिना कारण हटा दिया। मजदूरों को बकाया वेतन नहीं मिलने पर भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। मजदूरी मांगने पर संचालक द्वारा नये मजदूरों को कार्य पर रख लिया है, जो न्याय संगत नहीं है। संचालक द्वारा कहा गया कि पूर्व के मजदूरों की शिकायत से जुड़ा मामला न्यायालय में लंबित है। किसी मजदूरों के साथ मारपीट नहीं की गयी है। सारा आरोप बेबुनियाद है। उनलोगों का कहना है कि गांव के लोग ही यहां काम करेंगे। बाहर के लोग काम नहीं करेगा। जबकि सारे मजदूर आसपास के गांव से हैं। मामले को लेकर बरोरा पुलिस पहुंची थी। दोनों मजदूरों को थाना बुलाया है, वहीं इस मामले पर वार्ता होगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से छात्र की मौत

**कतरास (प्रातः आवाज)।** आद्रा रेलखंड के टाटा सिजुआ हाल्ट में गुरुवार को खड़गपुर-गोमो ट्रेन की चपेट में आने से करण पासवान (20) की मौत हो गई। मृत करण कतरास थाना क्षेत्र के मालकेरा न्यू क्वार्टर का रहने वाला था। वह शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज में पढ़ाई करता था। कॉलेज में छुट्टी होने के बाद वह ट्रेन पकड़ने के लिए सिजुआ हाल्ट आया था।

# मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

### युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए किया गया जागरूक





**धनबाद (प्रातः आवाज)।** गुरुवार को जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, डालसा के डॉ कुमार विमलेंदु समेत अन्य पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को पीपीटी के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां दी गईं। साथ ही उपायुक्त, सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थों के विरुद्ध न्यू टाउन हॉल में हस्ताक्षर अभियान के लिए लगाये गए हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर इस मुहिम में शामिल हुए एवं बच्चों ने संकल्प लिया कि जीवन में कभी भी किसी प्रकार के नशे दूर रहेंगे और समाज के और भी साथियों को इसके प्रति जागरूक करेंगे। इस दौरान डीसी ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ समाज को विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में शिक्षकों की भूमिका अहम हो जाती है, सभी शिक्षक छात्रों को अच्छी शिक्षा दें एवं उन पर ध्यान भी दें, क्योंकि इस उम्र में बच्चे अक्सर नई चीजों की तरफ आकर्षित होते हैं और कई बार गलत चीजों की तरफ चले जाते हैं, जिससे उनके भविष्य अधर में चली जाती है। डीसी ने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेंसियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत जिला प्रशासन सहित समाज कल्याण विभाग, जनसम्पर्क कार्यालय, जेएसएलपीएस के महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं, उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है एवं जो भी बच्चे इसकी चपेट में भी नहीं आए हैं, उन्हें भी इससे बचा कर रखना हमारी प्राथमिकता है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि इस अभियान में जिला प्रशासन के अलावा समाज के नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता एव शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें। साथ-साथ अपने आस-पड़ोस के बच्चों पर भी नजर रखें, ताकि आपके बच्चों के साथ साथ समाज के बच्चो को भी नशा एवं मादक पदार्थों से दूर रखा जाए। यदि कोई बच्चे आपको नशे के शिकार में दिखते हैं तो अवश्य हमे सूचना दें, ताकि उन्हें इन चीजों से दूर रखा जाए। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी अवश्य सुनिश्चित करें। कार्यशाला में सिटी एसपी अजीत कुमार, डालसा से (एलएडीसीएस) डॉ. कुमार विमलेंदु, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त संतोषिणी मुर्मु, डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती समेत अन्य पदाधिकारी एवं युवा छात्र-छात्राए शामिल हुए।



## योग दिवस के पूर्व संध्या में सभी सीएचओ को योग प्रशिक्षण दिया गया

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सभी सीएचओ योग प्रशिक्षण दिया गया

### योग का मतलब जोड़ना है एवं योग मनुष्य को दीर्घायु बनाता है : प्रशिक्षक

**बोकारो (प्रातः आवाज)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व संध्या में गुरुवार को बोकारो जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नोडल पदाधिकारी डा सेलिना टूडू की अध्यक्षता में सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सभी सीएचओ को योगासन के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सभी सीएचओ को मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव मुक्ति से संबंधित योग के बारे में बताया गया।

**योग का मतलब जोड़ना है :** योग प्रशिक्षक स्वपन कुमार, पूनम कुमारी एवं धरनीधर साहिस के द्वारा सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि योग का मतलब जोड़ना है एवं योग मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। साथ ही सभी प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के आसन्न के बारे में बताया गया जैसे वज्रासन, सिद्धासन, वक्रासन, गौमुखासन, हलासन, नौकासन, मकरासन एवं सवासन आदि के बारे में बताया गया। योगासन प्रशिक्षण के पश्चात तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी मो. असलम के द्वारा सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू निषेध पर सामूहिक शपथ दिलायी गयी। साथ ही सभी सीएचओ को बताया गया कि कल योग दिवस के अवसर पर अपने-अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योगासन के पश्चात तंबाकू किसी भी नशीली पदार्थ न लेने हेतु शपथ का आयोजन जरूर करेंगे, ताकि बोकारो जिला को नशा मुक्ति जिला की तरफ अग्रसर किया जा सके। प्रशिक्षण में बोकारो जिला के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नोडल पदाधिकारी डा सेलिना टूडू, कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार सिन्हा, जिला कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## सांसद ढुल्लू महतो ने मारवाड़ी युवा मंच झरिया को ब्लड बैंक की स्थापना के लिए सांसद निधि से 50 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की



**झरिया (प्रातः आवाज)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी मंच, झरिया शाखा द्वारा गुरुवार की सुबह 10:00 बजे अग्रसेन भवन झरिया में रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धनबाद लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो, मारवाड़ी सम्मेलन झरिया के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक नीरज अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच के मंडल 4 के उपाध्यक्ष अजय तायल एवं समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रथम बार रक्तदान करने वाले रक्त वीरों को सम्मानित किया गया, उन्हें भविष्य में भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। झरिया की अग्रणी समाजसेवी संस्था मारवाड़ी सम्मेलन झरिया एवं मारवाड़ी युवा मंच द्वारा नवनिर्वाचित सांसद का अभिनंदन भी किया गया। अभिनंदन समारोह में झरिया में स्थित समाज की संस्थाओं द्वारा भी सांसद का अभिवादन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। सांसद का अभिनंदन करने वाली संस्थाओं में प्रमुख रूप से मारवाड़ी सम्मेलन झरिया, मारवाड़ी युवा मंच झरिया, मारवाड़ी महिला समिति झरिया, मारवाड़ी युवा मंच, समृद्धि शाखा झरिया, बालिका विद्या मंदिर झरिया, मारवाड़ी विद्यालय झरिया, महिला महाविद्यालय झरिया, मातृ सदन झरिया, अग्रसेन भवन झरिया, श्री अग्रसेन एकेडमी झरिया, अग्रवाल धर्मशाला झरिया, श्री श्याम मंदिर समिति झरिया, श्री सत्यनारायण मंदिर समिति झरिया, धनबाद जिला ड्रग एसोसिएशन आदि संस्थाओं ने सांसद ढुल्लू महतो का अभिनंदन किया। संसद द्वारा मारवाड़ी युवा मंच के तीन पूर्व अध्यक्ष असीम अग्रवाल, ललित अग्रवाल, विनोद अग्रवाल को भी 100 से अधिक बार रक्त दान देने के लिए सम्मानित किया गया। मारवाड़ी सम्मेलन झरिया के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में झरिया में कार्यरत मारवाड़ी सम्मेलन के नेतृत्व में जारी जन सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। सांसद ने अपने वक्तव्य में मारवाड़ी समाज की जन उपयोगी कार्यक्रमों को सराहा एवं आश्वासित किया भविष्य में जब भी मंच परिवार एवं समाज को उनके सहयोग की आवश्यकता होगी, वह सदैव तत्पर रहेंगे। सांसद ने मंच से मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा के नेतृत्व झरिया मे ब्लड बैंक की स्थापना करने में सांसद निधि से 50 लाख रुपए तक की मदद की घोषणा की। कार्यक्रम में कुल 68 यूनिट रक्तदान हुआ। धनबाद ब्लड बैंक सेंटर से डॉ रंजन सिंह एवं सहयोगी राजीव कुमार राय, चितरंजन पासवान, अंजली कुमारी, सोनी कुमारी ने रक्तदान में सहयोग प्रदान किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सभी मंच साथियो का अहम योगदान रहा।

## पुलिस ने 80 जिंदा कारतूस के साथ रिकवरी एजेंट को किया गिरफ्तार




**धनबाद (प्रातः आवाज)।** सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टील गेट के अनन्या अपार्टमेंट से 80 जिंदा कारतूस के साथ रिकवरी एजेंट राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार ने प्रेस कॉफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरायढेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत में अनन्या अपार्टमेंट के कमरा नंबर 402 से एक युवक के पास से 80 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि स्वाति कुमारी ने अपने पति राहुल कुमार के मारपीट कर जेवर चुराने का मामला सरायढेला थाना में दर्ज कराया था। इसके आलोक में सरायढेला थाना की पुलिस छानबीन करने गई। इसके बाद उनके अपार्टमेंट में तलाशी के दौरान राहुल कुमार अलमारी में एक छोटे बैग को छुपाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस के द्वारा पूछे जाने पर वह कैमरा से भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन पुलिस को मौजूदगी रहने के कारण राहुल कुमार भागने में असफल रहा। उक्त बैग को खोला गया तो उसमें से 80 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संदर्भ में कोई वेद कागज नहीं दिखाया गया। इसके बाद सारायढेला पुलिस ने कांड संख्या 139/24 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है कि यह कारतूस किन से खरीदा था, वहीं पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है कि यह कारतूस किन से खरीदा था और वहीं पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है कि इतना बड़ी संख्या में कारतूस किससे लिया। क्या किसी घटना को अंजाम देने वाला था। किस गिरोह के लिए काम करता था। यह सब जानकारी युवक से पूछताछ कर जुटाने में लग गई है।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं जिला अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न

**धनबाद (प्रातः आवाज)।** धनबाद डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्थापना समिति एवं जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला स्थापना समिति की बैठक में कुल 06 लोगों के निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। वहीं अनुकंपा समिति की बैठक में अनुकंपा के आधार पर कुल 28 व्यक्तियों के प्रस्ताव पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। इस क्रम में उन्होंने आवेदक द्वारा प्राप्त आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति, आवासीय, चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी ली। साथ ही उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की भी जानकारी ली। इस दौरान स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल 28 मामलों पर सुनवाई करते हुए आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। अनुकंपा समिति द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से 08, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से 03, सिविल सर्जन कार्यालय से 03, समाहरणालय से 04, बीआईटी सिंदरी से 03, पीएचईडी से 02, सहयोग समिति से 01, एसएसपी कार्यालय से 02, अग्निशमन कार्यालय से 01, पथ प्रमंडल से 01 प्रस्ताव पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीपीएस बोकारो में 11वीं के विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

### अपने लक्ष्य के प्रति रखें दीवानगी, कामयाबी जरूर कदम चूमेगी : डीआईजी एसके झा

### एकलव्य बन छात्र-जीवन से ही डीपीएस बोकारो से रहे हैं प्रेरित, बच्चों को बताया सक्सेस मंत्र

### गंगाजल मूवी ने बदल दी जीवन की दशा-दिशा, पहले ही प्रयास में बन गए आईपीएस अफसर



**बोकारो (प्रातः आवाज)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में 11वीं कक्षा (सत्र 2024-25) के नामांकित विद्यार्थियों की कक्षाएं गुरुवार को प्रारंभ हुईं। पहले दिन प्रेरणा से ओत-प्रोत उन्मुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। विद्यालय के कालिदास कला भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में दो अलग-अलग सत्रों में विद्यार्थियों को पढ़ाई व जीवन में आगे बढ़ने के लिए जरूरी बातें बताई गईं। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता कोयला क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुरेन्द्र कुमार झा थे। अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि जब हमारे भीतर अपने लक्ष्य के प्रति एक जुनून और दीवानापन होगा, तो निश्चय ही कामयाबी हमारे कदम चूमेगी। योजनाबद्ध तरीके से अपने ध्येय को पाने का अनवरत प्रयास करते रहें। अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी पास कर आईपीएस अफसर बनने वाले श्री झा ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। कहा कि जब वह छठी कक्षा में थे, उसी समय गंगाजल फिल्म देखकर वह काफी प्रभावित हुए थे। इस फिल्म ने उनका पूरा जीवन बदल दिया। उनके माता-पिता चाहते थे कि वह एक इंजीनियर बनें, लेकिन फिल्म देखने के बाद उनमें एक बड़ा पुलिस अधिकारी बनने, वर्दी पहनने और यूपीएससी के भवन तक पहुंचने की जो दीवानगी जगी, उसी ने आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह एकलव्य के रूप में अप्रत्यक्ष रूप से डीपीएस बोकारो से प्रेरित रहे हैं। यहां की शैक्षणिक गरिमा जगजाहिर है और इस स्कूल से निकले विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सबसे पहले एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि एक अच्छा इंसान ही अच्छा विद्यार्थी और अच्छा नागरिक बन सकता है। व्यक्तित्व विकास पर बल देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को आलोचनाओं को सकारात्मक रूप में लेने, नैतिक व भावनात्मक मूल्य बनाए रखने तथा अपने शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज में सभी तबके के लोगों का सदैव सम्मान करने की भी प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे अपना दीपक स्वयं बनें। कुछ ऐसा करें कि समाज के लिए वे प्रेरणा बन सकें, क्योंकि वो ही समाज व राष्ट्र के भविष्य-निर्माता हैं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के बीच जाकर उनके कई प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत कीं और उनका मार्गदर्शन किया। इसके पूर्व, श्री झा का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।

**कामयाबी के लिए खुद पर रखें भरोसा : प्राचार्य डॉ. गंगवार:** विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने अतिथि वक्ता डीआईजी श्री झा का स्वागत किया तथा विद्यालय की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि कक्षा 11 उच्च शिक्षा और भविष्य के करियर की दिशा में पहला कदम है। यह अपनी बुद्धिमत्ता, कौशल और क्षमता को विस्तारित करने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहने तथा अपना रास्ता स्वयं तय करने की प्रेरणा दी। यह भी कहा कि यह समय उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है, जिसे सोशल मीडिया के चक्कर में पड़कर वे नष्ट न करें। इस दौरान प्राचार्य ने विद्यालय की विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाओं तथा उत्कृष्टता की कड़ी में 10वीं-12वीं बोर्ड, नीट, जेईई एडवांस्ड, एनआईडी, एनडीए सहित विभिन्न परीक्षाओं की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

**टॉपरों ने भी किया प्रेरित:** इसके पूर्व प्रथम सत्र में ओरिएंटेशन प्रोग्राम को इस वर्ष की सीबीएसई 12वीं बोर्ड जिला साइंस टॉपर विद्यालय की छात्रा साक्षी प्रिया, कॉमर्स संकाय की स्कूल टॉपर श्रीकृति केडिया, जेईई एडवांस्ड में कैटेगरी रैंक 516 पानेवाले छात्र स्पर्श राज एवं रिम्स में अध्ययनरत मेडिकल की छात्रा अस्मिता ने भी संबोधित किया।

# बालूमाथ में रिश्वत लेते पंचायत सेवक गिरफ्तार

## पीसीसी पथ के भुगतान के लिए ले रहा था रिश्वत



प्रातः आवाज

**लातेहार / बालूमाथ ।** लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेरेगड़ा पंचायत के पंचायत सेवक अर्जुन राम को एंटी क्राइम ब्रांच की टीम ने 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पंचायत सेवक एक लाभुक से पीसीसी पथ में भुगतान के एवज में रिश्वत ले रहा था।

दरअसल बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सेरेगड़ा पंचायत के बुकरू गांव में तारकेश्वर यादव के घर से लेकर जितेंद्र यादव के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण पंचायत स्तर से किया जा रहा था। काम पूरा होने के बाद लाभुक समिति के द्वारा जब भुगतान की मांग की जाने लगी तो पंचायत सेवक लाभुक समिति से रिश्वत मांगने लगा। लाभुक समिति के अध्यक्ष ने कई बार पंचायत सेवक से गुहार लगाई परंतु जब पंचायत सेवक बिना रिश्वत लिए काम करने को तैयार नहीं हुआ तो लाभुक ने इसकी शिकायत पलामू निगरानी विभाग से कर दी।

पलामू निगरानी की टीम ने लाभुक समिति के अध्यक्ष की शिकायत के आधार पर पहले मामले की छानबीन की। जब यह बात स्पष्ट हो गई कि पंचायत सेवक के द्वारा पैसे भुगतान के बदले रिश्वत मांगी जा रही है तो एंटी क्राइम ब्रांच की टीम ने लाभुक तारकेश्वर यादव को 5 हजार रुपए देकर गुरुवार को पंचायत सेवक के पास भेजा। पंचायत सेवक को लाभुक ने जब फोन किया तो पंचायत सेवक ने उसे प्रखंड कार्यालय परिसर में ही बुला लिया। लाभुक से जैसे ही पंचायत सेवक ने पैसे लिए, वैसे ही एंटी क्राइम ब्रांच की टीम वहां पहुंची और पंचायत सेवक को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

**पहले भी ले चुका था रिश्वतः** लाभुक का आरोप है कि पंचायत सेवक के द्वारा पूर्व में भी इस योजना में भुगतान के बदले रिश्वत ली गई थी। इस बार भी योजना के अंतिम भुगतान के बदले में रिश्वत की मांग की जा रही थी। काम पूरा हुए कई दिन गुजर जाने के बाद भी पंचायत सेवक के द्वारा उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा था। अंत में उन्होंने पंचायत सेवक के खिलाफ निगरानी टीम से शिकायत की।

**प्रखंडों में भ्रष्टाचार का बोलबालाः** लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रष्टाचार का बोलवाला हो गया है। चाहे मामला पीसीसी पथ का हो या फिर नरेगा का या फिर आवास योजना का, सभी योजनाओं में रिश्वत लिए जाने का मामला अक्सर प्रकाश में आते रहता है।




## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

प्रातः आवाज

**लातेहार ।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी संतोष भगत के द्वारा उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की स्थिति से अवगत कराया गया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी से हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी लेने के साथ अविलंब कार्यकारी एजेंसी को संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य उपस्थित थे।

## मजदूरों के साथ हिंडाल्को कंपनी अन्याय करेगी तो होगा जन आंदोलन : धीरज प्रसाद साहू

**चंदवा।** चंदवा छोटानागपुर बॉक्साइट एवं कोल वर्कर्स यूनियन के हिंडालको टोरी साइडिंग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लातेहार जिला छोटानागपुर बॉक्साइट एवं कोल वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने किया। वहीं मंच का संचालन महेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में छोटानागपुर बॉक्साइट एवं कोल वर्कर्स यूनियन के प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं यूनियन के नेता अशोक प्रसाद यादव और तनवीर गौहर को भी पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हिंडालको कंपनी माइंस डिवीजन से लेकर सभी साइडिंगो में मजदूर विहीन करना चाहती है। साथ ही ट्रक ओनर को भी खत्म करना चाहती है। आज हिंडालको कंपनी लोहरदगा से टोरी हाईवा से बॉक्साइट गिराना चाहती है और ट्रक अनलोडर और डब्बा लोडर की व्यवस्था को खत्म करना चाहती है। जबकि भारत सरकार का नियम है कि कोई भी कंपनी कोई भी क्षेत्र में कार्य करती है तो 70 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार देने का काम करना है। आने वाले दिन में हिंडालको कंपनी मजदूर हित को देखते हुए अगर कार्य नहीं करती है तो हमारे यूनियन के बैनर तले लातेहार लोहरदगा और गुमला तीनों जिला में सड़क पर उतरने का काम करेंगे। इससे भी अगर नहीं सुधरता है तो पूरे राज्य भर में आंदोलन सड़क पर उतरकर कंपनी के खिलाफ करेंगे। श्री साहू ने कहा कि सभी मजदूर भाई ट्रक ओनर भाई आप मजबूती के साथ एकजुट रहे। एक वर्कर को पोल से गिर जाने से काफी चोट आई है। जो पूरी तरह निंदनीय है। आने वाले 22 तारीख को लोहरदगा के हिंडालको कार्यालय का घेराव किया जाएगा।






इस कार्यक्रम में लातेहार छोटा नागपुर बॉक्साइट एवं कोल वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि आज कंपनी स्थिति में लाकर खड़ा की है जिससे पता चलता है कि हम लोग को कंपनी दबाना चाहती है और हमारे हक और अधिकार को छीनना चाहती है यह हम कभी होने नहीं देंगे। मजदूर नेता रवि कुमार डे ने कहा कि मजदूर एकता जब तक नहीं रहेगी किसी भी कंपनी के खिलाफ अपने हक अधिकार के लिए नहीं लड़ पाएंगे। इसलिए सबसे पहले हम लोग एकजुट होकर अपनी बातों को अपने नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें और अपने अधिकारों की मांग को पूरा कराने का कार्य करें। इस अवसर पर मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि हिंडालको कंपनी लातेहार गुमला और लोहरदगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 63 सालों से कार्य कर रही है परंतु आज तक किसी भी प्रकार का कोई भी विकास का कार्य नहीं किया है।

## सदर अस्पताल में अनुबंध पर चिकित्सा पदाधिकारी व विशेष चिकित्सा पदाधिकारी का हुआ चयन

### चयनित चिकित्सा पदाधिकारियों को डीएमएफटी से होगा भुगतान

प्रातः आवाज

**लातेहार ।** जिला अंतर्गत जिले के निवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट लातेहार की अध्यक्षता में डी0एम0एफ0टी0 अंतर्गत अनुबंध के आधार पर सदर अस्पताल लातेहार में चिकित्सा पदाधिकारी / विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी की नियुक्ति के लिए चयन किया गया। प्रकाशित विज्ञापन के तहत प्राप्त आवेदनों पर अग्रेत्तर कार्रवाई करते हुए चिकित्सा पदाधिकारियों का चयन से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए जिला चयन समिति, (स्वास्थ्य) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विज्ञापन के आवेदन समर्पित करने वाले दो चिकित्सा पदाधिकारी एवं तीन विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों से उनके कार्यों, शैक्षणिक योग्यता, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर विमर्श किया गया। यथाशीघ्र विभागीय दिशा निर्देश एवं दर वार्ता पर हुए समिति के द्वारा विचार विमर्श एवं चिकित्सकों द्वारा दी गई सहमति के आलोक में डी0एम0एफ0टी0 अंतर्गत सदर अस्पताल लातेहार में अनुबंध के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारी/विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई।

समिति के द्वारा चयनित चिकित्सा पदाधिकारी/विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी ( एक सर्जन, एक रेडियोलाजिस्ट, एक फॉरेंसिक एक्सपर्ट, दो एमबीबीएस मेडिकल ऑफिसर की सेवा ली जायेगी ताकि जिले के निवासियों को उत्तम एवं सुगमतापुर्वक चिकित्सीय सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार, डा0 अखिलेश्वर प्रसाद, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, डा0 सीमा रानी प्रसाद, प्रतिनिधि, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार उपस्थित थे।




# लेवी के लिए अलग हुए माओवादियों के दो शीर्ष कमांडर

### प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का दस्ता दो हिस्सों में बंटा, सबसे ज्यादा बीड़ी पत्ता से वसूलते हैं लेवी

बब्लू खान

**लातेहार ।** झारखंड में सुरक्षा बलों ने माओवादियों की कमर तोड़ दी है. अब राज्य में कुछ ही इलाके बचे हैं जहां नक्सली अभी भी डेरा जमाए हुए हैं. बूढ़ापहाड़ सारंडा कॉरिडोर नक्सलियों का ऐसा ही एक इलाका है. माओवादियों के कमजोर पड़ने के पीछे एक वजह सुरक्षा बलों की कार्रवाई तो है ही, लेकिन दूसरी बड़ी वजह उनके बीच अंदरूनी दरार भी है.



जानकारी मिली है कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का दस्ता दो हिस्सों में बंट गया है. 15 लाख रुपये का इनामी माओवादी रीजनल कमांडर छोटू खरवार और जोनल कमांडर मृत्युंजय भुइयां का दस्ता अलग हो गया है. अलग होने के बाद छोटू खरवार ने लातेहार, गुमला और छत्तीसगढ़ सीमा को अपना ठिकाना बनाया है जबकि मृत्युंजय भुइयां ने बूढ़ापहाड़ से सटे छत्तीसगढ़ इलाके को अपना ठिकाना बनाया है.

इनके अलग होने की भनक पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को भी लग चुकी है. माओवादियों के दोनों शीर्ष कमांडर बिहार के सारंडा, बूढ़ापहाड़ और छकरबंधा कॉरिडोर के टॉप फाइव कमांडरों में शामिल हैं. दोनों कमांडर पलामू, गढ़वा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा के इलाके में सक्रिय रहे हैं. माओवादियों के दस्ते जिस इलाके से अलग हुए हैं, वहां से माओवादी झारखंड-बिहार-छत्तीसगढ़ और ओडिशा में अपनी गतिविधियों को प्रभावित करते हैं. छोटू खरवार का दस्ता झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के माओवादियों के बीच मजबूत कड़ी है.

नक्सली संगठन भाकपा लातेहार, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा के इलाकों से बीड़ी पत्ता के कारोबार से लाखों की लेवी वसूलता है. पिछले दो साल में माओवादियों को बड़ा झटका लगा है और बूढ़ापहाड़ सारंडा कॉरिडोर पर सुरक्षा बलों का कब्जा हो गया है. अप्रैल से जून के अंत तक बीड़ी पत्ता का कारोबार होता है. माओवादी सबसे ज्यादा लेवी बीड़ी पत्ता से ही वसूलते हैं.

**आपस में बैठक करना चाहते थे माओवादी:** लोकसभा चुनाव से पहले खबर आई थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष कमांडर आपस में बैठक करना चाहते हैं. सारंडा, बूढ़ा पहाड़ और छकरबंधा से जुड़े शीर्ष कमांडर एक दूसरे से मिलना चाहते थे. लेकिन सुरक्षा बलों के अभियान के कारण वे सभी एक दूसरे से नहीं मिल सके. लातेहार एसपी का कहना है कि पुलिस की नजर माओवादियों की सभी गतिविधियों पर है.

**लेवी के लिए हुए अलगः** नाम नहीं बताने की शर्त पर एक पूर्व माओवादी ने बताया कि पहली नजर में ऐसा लगता है कि लेवी को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और वे अलग हो गए. लेकिन ऐसी भी संभावना है कि ज्यादा से ज्यादा लेवी वसूलने के लिए दोनों कमांडर अलग हो गए हों. उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में बूढ़ापहाड़ में माओवादियों के कमजोर पड़ने के बाद छोटू खरवार कोयल शंख जोन का टॉप कमांडर बन गया है. बूढ़ापहाड़ से भागकर मृत्युंजय छोटू खरवार के दस्ते में शामिल हो गया था. छोटू खरवार लेवी से लेकर सभी तरह के निर्णय खुद से लेता है.

**सभी गतिविधियों पर पुलिस की नजर :** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ सभी गतिविधियों पर पुलिस की नजर है. चाहे छोटू खरवार हो या मृत्युंजय भुइयां, सबके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा हैः अंजनी अंजन, एसपी लातेहार

## पशुधन योजना से ग्रामीणों को आर्थिक मजबूती मिलेगी : मुखिया

प्रातः आवाज

**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत माल्हन पंचायत भवन में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत बकरा विकास योजना का वितरण किया गया जिसमें चार बकरी और एक बकरा के साथ 22 लाभुकों को माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा एवं पशुपालन विभाग से डॉ 0 सरोज केरकेटा के समक्ष वितरण किया गया। योजना का लाभ मिलने से लाभुको में खुशी देखी गई साथ ही विभाग को धन्यवाद दिए। मौके पर प्रेमालय भाखला, अवध कुमार, अबुल अंसारी, उमेश सिंह, अनमोल टोप्पो, धनेशर मुंडा, रीना देवी, गूंजा देवी, मुनिया देवी एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## चंदवा में 206 बच्चों के बीच बांटी गई साईकिल



प्रातः आवाज

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच 206 साईकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि उक्त साईकल वितरण राज्य सरकार की ओर से उन्नति का पहिया झारखंड साईकल वितरण योजना के तहत की जा रही है। सुदूर क्षेत्रों में स्कूल और घर की लंबी दूरी के कारण बच्चे अपनी पढ़ाई न छोड़ दें, इसके लिए ये योजनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा की रोशनी को जन-जन तक पहुंचाना है ताकि एक भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। मौके पर बीईईओ राजश्री पुरी के अलावा उपप्रमुख अश्विनी मिश्र, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, अयूब खान समेत विद्यालय के शिक्षक और बच्चें मौजूद थे। प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर आठवीं के बच्चों के बीच 206 साईकिल बांटे गए जिसके बाद विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। वे फुले नहीं समा रहे थे। झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत चंदवा प्रखंड के कुल 2404 बच्चों को साईकिल दी जाएगी।

## स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप मनाएगी आजसू पार्टी




प्रातः आवाज

**लातेहार ।** आजसू पार्टी अपने स्थापना दिवस 22/06/2024 को बलिदान दिवस के रूप में मनायेगी। झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रो में युवा सम्मलेन आयोजित किया जाएगा। साथ ही सभी विधानसभा में 100-100 पेड़ लगाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आजसू के झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन सहित अभी तक के आजसू के संघर्षों एवं बलिदान को एक शॉर्ट फिल्म के माध्यम से युवाओं के समक्ष रखा जाएगा ।

जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि झारखंड आंदोलन में आजसू कि जो भूमिका रही है उसे झारखंड का हर युवा महसूस करे ताकि झारखंड के भविष्य को संवारने में सबकी भूमिका सुनिश्चित हो पाए। लातेहार जिला में मनिका विधानसभा के बरवाडीह में जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर एवं लातेहार जिला मुख्यालय के माको डाक बंगला में जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी को कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## बच्चों ने निबंध व लेखन से मादक पदार्थ के खिलाफ लोगों को किया जागरूक



प्रातः आवाज

**लातेहार।** जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध 19 से 26 जून तक चल रहे जागरूकता अभियान के तहत जिला खेल कार्यालय द्वारा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के अनेकों छात्र छात्राओं ने मादक पदार्थों के सेवन करने वालों लोगों में इसके कुप्रभाव, कैंसर जैसे रोग इत्यादि पर निबंध के माध्यम से विस्तृत जानकारी साझा की और मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने और इसके नुकसान को लेकर निबंध लेखन के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया। साथ ही इसके रोक थाम के लिए समाज और पुलिस प्रशासन से अपील भी की। कार्यक्रम में मुख्य रुप से निगा कुमारी, गरिमा रॉय, कल्पना कुमारी, राम स्वरूप सिंह, प्रिंस गुप्ता, पंकज सिंह, मिक्कू कुमार, संगम उरांव, मोहित कुमार, चांदनी कुमारी समेत अन्य का निबंध सराहनीय रहा। वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका तृप्ति भारती, शिक्षक संतोष पासवान, समीर टोप्पो, उदय कुमार का सहयोग सरहनीय रहा। मौके पर खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव, प्रवीण मिश्रा, खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो जिले के विभिन्न प्रखंडों समेत जिला मुख्यालय में 19 जून से 26 जून तक हो रहे कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, योग कार्यक्रम, युवा संगोष्ठी, निबंध लेखन, क्विज कंपटीशन, प्रभात फेरी, भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग कंपटीशन, साइकिल रैली समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# अमेरिका को हराने में साउथ अफ्रीका के छूटे पसीने

## सुपर-8 के पहले मैच में मिली जीत




**एंटीगुआ, एजेंसी।** अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले जा रहे टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सुपर-8 राउंड का आगाज हो गया है. पहला मुकाबला बुधवार (19 जून) को अमेरिका और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया. मैच में अफ्रीकी टीम ने 18 रनों से जीत दर्ज की. आखिर में जब एंड्रीस गौस और हरमीत सिंह बैटिंग कर रहे थे, तब मैच अमेरिका की ओर जाता भी दिख रहा था. ऐसे में कह सकते हैं कि अमेरिका के खिलाफ जीतने में अफ्रीकी टीम को पसीना आ गया. यह अमेरिकी टीम वही है, जिसने पहले राउंड यानी ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान को सुपर ओवर में करारी शिकस्त दी. जबकि कनाडा को 7 विकेट से हराया था. अमेरिकी टीम का एक मैच बारिश से धुल गया था, जिस कारण उसने सुपर-8 में एंट्री की थी.

19वें ओवर में रबाडा ने पलटा मैच, अमेरिका से छीनी जीत

अमेरिका को आखिरी 12 गेंदों पर जीते के लिए 28 रन चाहिए थे और उनके 5 विकेट बाकी थे. गौस और हरमीत क्रीज पर थे. मगर 19वें ओवर में कगिसो रबाडा ने 2 रन देकर 1 विकेट लिया और पूरी बाजी ही पलट दी. यदि यह ओवर ठीक नहीं आता, तो अफ्रीका मैच भी गंवा सकती थी.

**गौस ने जड़ी फिफ्टी पर टीम को नहीं जिता सके-** इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 195 रनों का टारगेट दिया था. इसके जवाब में अमेरिकी टीम 6 विकेट गंवाकर 176 रन बना दिए. अमेरिका की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज एंड्रीस गौस ने फिफ्टी जमाई और 47 गेंदों पर नाबाद 80 रनों की पारी खेली. जबकि स्टीवन टेलर ने 24 और हरमीत सिंह ने 38 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज अपनी छाप नहीं छोड़ सका. जबकि अफ्रीका के लिए कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए. जबकि केशव महाराज, एनरिक नॉर्किया और तबरेज शम्सी को 1-1 सफलता मिली.

### डिकॉक की आतिशी पारी, मार्करम-क्लासेन भी चमके

दूसरी ओर अफ्रीकी टीम ने 4 विकेट पर 194 रनों का स्कोर बनाया था. टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 40 गेंदों पर 74 रनों की आतिशी पारी खेली. जबकि कप्तान एडेन मार्करम ने 32 गेंदों पर 46 रन जड़े. आखिर में हेनरिक क्लासेन 36 और ट्रिस्टन स्टब्स 20 रन बनाकर नाबाद रहे. अमेरिका के लिए सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह ने 2-2 विकेट लिए.

## संक्षिप्त समाचार

### मार्कस स्टोइनिस बने अ20 में नंबर-1 ऑलराउंडर

**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने ताजा टी20 रैंकिंग जारी की है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने बल्ले और गेंद दोनों से अपनी शानदार क्षमता का प्रदर्शन किया, जिससे उनकी टीम आसानी से सुपर-8 में पहुंच गई। टीम के इस दमदार प्रदर्शन में मार्कस स्टोइनिस ने अहम भूमिका निभाई है। स्टोइनिस इस विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 4 मुकाबलों की 3 पारियों में 78 की औसत से 156 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 190.24 की रही है। उनके बल्ले से 2 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 67 रन है। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने 4 मैच में 8.66 की औसत और 5.77 की इकॉनमी रेट से 6 विकेट झटके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/19 का रहा है। इस प्रदर्शन की बदौलत स्टोइनिस ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने मोहम्मद नबी को पछाड़ दिया है, जो अब चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन अब क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। गेंदबाजी में अकील हुसैन को 6 पायदान का फायदा हुआ है और वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। एडम जम्पा को भी 3 पायदान का फायदा हुआ है और वह 8वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में ज्यादा फेरबदल नहीं हुआ है। सूर्यकुमार यादव नंबर-1 पर बने हुए हैं।

### मंधाना ने द. अफ्रीका के खिलाफ जड़ा बैक टू बैक शतक, बनाया खास रिकॉर्ड

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दूसरे वनडे में लगातार दूसरा शतक जड़ा है। श्रृंखला के पहले मैच में 117 रन की शतकीय पारी के बाद मंधाना ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा। मैच की शुरुआत में मंधाना काफी सतर्क थी। पहले पावरप्ले के दौरान दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने उन्हें शांत रखा। भारत ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को जल्दी खो दिया, जिससे मंधाना को पारी की कमान संभालनी पड़ी। उन्होंने अपनी पारी को धीरे-धीरे आगे बढ़ाया। एक समय ऐसा था, जब उन्होंने 40 गेंदों पर मात्र 19 रन बनाए थे। लेकिन यहां के बाद उन्होंने अपना अंदाज बदला और विरोधी गेंदबाजों पर हावी हो गई। हालांकि, टीम ने इस दौरान विकेट भी गंवाए। मगर एक छोर से टिककर बल्लेबाजी कर रही मंधाना ने 103 गेंदों में अपनी पारी को शतक में तब्दील कर दिया।

## इंग्लैंड ने सुपर-8 के दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को हराया



### सॉल्ट का नाबाद अर्धशतक, बेयरस्टो के साथ नाबाद 97 रन की साझेदारी

सेंटलूसिया, एजेंसी। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सुपर-8 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 180 रन बनाए और इंग्लैंड को 181 रन का टारगेट दिया। जवाब में इंग्लैंड ने 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।



## पहलवान से एमएमए फाइटर बने संग्राम सिंह को याद आया फ्लैशबैक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संग्राम सिंह भारतीय पहलवान, एक्टर और एमएमए फाइटर भी हैं। संग्राम 38 साल की उम्र में एमएमए की दुनिया में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट हैं। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन ने बातचीत में अपनी यात्रा, अपने करियर और एमएमए फाइटर में इतनी देर से एंट्री के बारे में बात की। संग्राम सिंह ने बताया कि मैं अभी शुरुआत कर रहा हूं। मेरा मानना है कि यूएफसी और एमएमए दोनों बहनें हैं। यूएफसी ने भी मुझसे संपर्क किया था, लेकिन मेरा मानना है कि मुझे एमएमए से शुरुआत करनी चाहिए। जब अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की बात आती है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां खेलते हैं, इसलिए निश्चित रूप से यूएफसी मेरी भविष्य की योजनाओं में भी है। कोई मुझसे मजाक कर रहा था कि मैं क्रिकेट भी आज़माऊं। जीवन बहुत छोटा है, इसलिए आपको हर मौके पर दूसरों को प्रेरित करने की कोशिश करनी चाहिए, और मेरा मानना है कि जीने का सबसे अच्छा तरीका निस्वार्थ जीवन जीना है।

कई सालों की कड़ी मेहनत और 25 साल से ज़्यादा के शानदार करियर के बाद एक मजबूत शरीर पाने के बावजूद, पूर्व कुश्ती चैंपियन ने खुलासा किया कि उनका जीवन आसान नहीं रहा है। उन्होंने खुद को कभी हार न मानने के लिए कैसे प्रेरित किया और उन्होंने लड़ाकू खेलों के क्षेत्र में वापसी करने का फैसला क्यों किया।

संग्राम छह साल से कुश्ती से दूर थे और हाल ही में उन्होंने दुबई प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के मुहम्मद सईद को हराकर कुश्ती में वापसी की। उनका लक्ष्य एमएमए के साथ-साथ कुश्ती में भी अपना करियर जारी रखना है।

## व्यापार

### 5 टुकड़ों में बंटेगा सफायर फूड्स इंडिया का स्टॉक, शेयर खरीदने की मची लूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड के शेयर आज फोकस में हैं। कंपनी के शेयर 7 प्रतिशत से अधिक चढ़कर 1672.75 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक खबर है। दरअसल, केएफसी और पिज्जा हट ऑपरेटर सफायर फूड्स ने 1:5 के रेशियो में स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया है। यानी 1 शेयर को 5 शेयरों में विभाजित किया जाएगा। सफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड ने एक्सचेंजों पर अपनी विज्ञप्ति में कहा कि बुधवार 19 जून, 2024 को अपनी बैठक में अन्य बातों के अलावा कंपनी ने 1:5 के रेशियो में स्टॉक स्प्लिट को लेकर चर्चा की और मंजूरी दे दी। यह कंपनी की आगामी 15वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अप्रूवल के अधीन है। कंपनी ने यह भी कहा कि कंपनी की 15वीं सालाना आम बैठक की तारीख और कंपनी के मौजूदा इक्विटी शेयरों के उपविभाजन/विभाजन के उद्देश्य से रिकॉर्ड तिथि, उचित समय और उचित समय पर सूचित की जाएगी। सफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड देश में केएफसी और पिज्जा हट आउटलेट्स का ऑपरेटर है। यह भारत के साथ-साथ श्रीलंका और मालदीव में वायूएम का फ्रेंचाइजी ऑपरेटर भी है।

### एगा विंड टरबाइन निर्माता सुजलॉन एनर्जी का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विंड टरबाइन निर्माता सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर आज गुरुवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयरों में आज 5 प्रतिशत की तेजी देखी गई और यह शेयर 51.34 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी ब्लॉक डील है। दरअसल, गुरुवार को हुई ब्लॉक डील में सुजलॉन एनर्जी के 3.7 करोड़ शेयरों का लेनदेन हुआ। कारोबार किए गए शेयरों की संख्या कंपनी की कुल इक्विटी का 0.3 प्रतिशत है। सुजलॉन की ब्लॉक डील का कुल ट्रांजैक्शन वैल्यू 179 करोड़ था। सुजलॉन के शेयरों में लगातार तीन महीने से तेजी आई है। मई में 15 प्रतिशत और अप्रैल में 3 प्रतिशत की बढ़त के बाद जून में स्टॉक 6.5 प्रतिशत ऊपर है। फरवरी और मार्च में सुधार होने से पहले जनवरी में स्टॉक 20 प्रतिशत बढ़ गया था।

### खाद्य वस्तुओं पर घरेलू खर्च घटा, प्रसंस्कृत भोजन की खपत बढ़ी; एनएसएसओ के सर्वे में चौकाने वाले दावे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) ने घरेलू उपभोग व्यय पर सर्वेक्षण किया है। इसके अनुसार उपभोक्ताओं द्वारा खर्च करने के पैटर्न में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खाने-पीने पर खर्च में काफी गिरावट आई है।



**सर्वेक्षण की खास बातें-** 2022-23 में प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग खर्च (एमपीसीई) में खाद्य पदार्थों का योगदान ग्रामीण क्षेत्रों में 46 प्रतिशत हो गया है। 2011-12 के दौरान यह 53 प्रतिशत था। उधर शहरी क्षेत्रों में एमपीसीई में खाद्य पदार्थों का योगदान घटकर 39 प्रतिशत हो गया है। 2011-12 के यह 43 प्रतिशत था।

इसी तरह, 2022-23 में एमपीसीई में गैर-खाद्य वस्तुओं की खपत ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़कर 54 प्रतिशत हो गई है। 2011-12 के दौरान यह 47 प्रतिशत था। उधर शहरी क्षेत्रों में भी एमपीसीई में गैर-खाद्य वस्तुओं की खपत बढ़कर 61 प्रतिशत हो गई है। 2011-12 के दौरान यह 57 प्रतिशत थी।

## सऊदी अरब के किंग की सैलरी है सबसे ज्यादा

### उन्हें सालाना 9.6 अरब डॉलर सैलरी मिलती है

- **अमेरिका के राष्ट्रपति की सैलरी 4 लाख डॉलर है**
- **चीनी राष्ट्रपति की सैलरी पाकिस्तानी पीएम से कम**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खाड़ी देशों ने अपने ऑयल रिजर्व के दम पर खासी प्रगति की है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी ये देश काफी आगे निकल चुके हैं। दुनिया में सालाना सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले राष्ट्राध्यक्षों की लिस्ट में टॉप तीन पर इन्हीं देशों के हेड ऑफ स्टेट हैं। दिलचस्प बात है कि दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका के राष्ट्रपति की सैलरी इन देशों के मुकाबले बहुत कम है। वहीं चीन के राष्ट्रपति की सैलरी भारत के प्रधानमंत्री के मुकाबले काफी कम है। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और अर्जेंटीना तथा वेनेजुएला के राष्ट्रपतियों की सैलरी भी चीन के राष्ट्रपति से ज्यादा है। जानिए दुनिया के किस देश के हेड ऑफ स्टेट को मिलती है सबसे ज्यादा सैलरी दुनिया में सबसे ज्यादा सैलरी सऊदी अरब के किंग को मिलती है। उनकी सैलरी 9.6 अरब डॉलर है। यूएई के हेड ऑफ स्टेट दूसरे नंबर पर है। उनकी सालाना सैलरी 4.61 अरब डॉलर है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर कुवैत है जहां के राष्ट्राध्यक्ष को सालाना 16.5 करोड़ डॉलर मिलते हैं। मोनाको के हेड ऑफ स्टेट की सालाना सैलरी 5.2 करोड़ डॉलर है। इसके बाद नॉर्वे (3.3 करोड़ डॉलर), स्वीडन (1.6 करोड़ डॉलर), डेनमार्क (1.1 करोड़ डॉलर), नीदरलैंड (60 लाख डॉलर) और जापान (30 लाख डॉलर) का नंबर है। यूरोपीय देश स्विट्जरलैंड में हेड ऑफ स्टेट को 507 हजार डॉलर और आयरलैंड के राष्ट्राध्यक्ष को 401 हजार डॉलर मिलते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति को दुनिया में सबसे शक्तिशाली माना जाता है लेकिन उसकी सालाना सैलरी 400 हजार डॉलर है।



### मोदी की सैलरी

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया (378 हजार डॉलर), स्पेन (304 हजार डॉलर), कनाडा (290 हजार डॉलर), इटली (275 हजार डॉलर), जर्मनी (268 हजार डॉलर), साउथ कोरिया (211 हजार डॉलर), तुर्की (197 हजार डॉलर), फ्रांस (194 हजार डॉलर), चेक (149 हजार डॉलर), फिनलैंड (141 हजार डॉलर) और ब्राजील (102 हजार डॉलर) है। विश्व जनसंख्या समीक्षा के मुताबिक भारत के प्रधानमंत्री को सालाना 84 हजार डॉलर यानी करीब 70,07,931 रुपये मिलते हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की सालाना सैलरी 65 हजार डॉलर है जबकि चीन के राष्ट्रपति को साल में 22 हजार डॉलर की सैलरी मिलती है। इसी तरह बांग्लादेश के प्रधानमंत्री की सालाना सैलरी 17 हजार डॉलर और श्रीलंका के राष्ट्रपति की सैलरी सात हजार डॉलर है।

## चीन अब नहीं रहा दुनिया का सबसे एमर्जिंग मार्केट बोरोअर

- **12 साल से चली आ रही बादशाहत को सऊदी अरब ने तोड़ा**
- **इस साल सऊदी अरब ने बेचे 33.2 अरब डॉलर के ईएम बॉन्ड**

**नई दिल्ली।** करीब दो दशक तक ग्लोबल इकॉनमी का इंजन रहा चीन अब कई मोर्चों पर पिछड़ने लगा है। 12 साल में पहली बार एमर्जिंग मार्केट बोरोअर के तौर पर सऊदी अरब ने उसे पछाड़ दिया है। सऊदी अरब ने इस साल 33.2 अरब डॉलर के इंटरनेशनल बॉन्ड जारी किए हैं जबकि चीन 23.3 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर खिसक गया है। साउथ कोरिया 20 अरब डॉलर के साथ तीसरे और यूएई 18.5 अरब डॉलर के साथ चौथे नंबर पर है। सऊदी अरब की इकॉनमी का साइज चीन की जीडीपी के 16वें हिस्से के बराबर है। पिछले 12 साल से चीन सबसे बड़ा एमर्जिंग मार्केट बोरोअर बना हुआ था। लेकिन वहां ट्रेंड में बदलाव दिख रहा है। चीन में लोकल करेंसी बॉन्ड की खरीद में तेजी दिख रही है।

सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान के विजन 2030 प्लान को विदेशी निवेशकों ने हाथोंहाथ लिया है। यही वजह है कि देश रेकॉर्ड तेजी के साथ इंटरनेशनल बॉन्ड जारी कर रहा है। चीन 18.536 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है जबकि सऊदी अरब की इकॉनमी का साइज 1.112 ट्रिलियन डॉलर है। पहली तिमाही में सऊदी अरब की जीडीपी में 1.8 फीसदी गिरावट देखने को मिली। पिछले साल की चौथी तिमाही में भी कंपनी की जीडीपी में 3.7 प्रतिशत गिरावट आई थी। तेल उत्पादन में कटौती और कच्चे तेल की कीमत में गिरावट से देश की इकॉनमी प्रभावित हुई। सऊदी अरब दुनिया में कच्चे तेल का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है।

### चीन की स्थिति

चीन की इकॉनमी पिछले कुछ समय से कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है। अमेरिका के बाद यूरोपीय देशों के साथ भी उसका तनाव चल रहा है। सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी रियल एस्टेट सेक्टर बेजान पड़ा है। इससे पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा पैदा हो गया है। इसकी वजह यह है कि देश की जीडीपी में रियल एस्टेट सेक्टर की 30 फीसदी हिस्सेदारी है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में बैंकों के भी डूबने का खतरा पैदा हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी संख्या में चीन के अरबपति दूसरे देशों का रुख कर रहे हैं। इस साल 15,000 से अधिक चीनी अरबपति देश छोड़ने की तैयारी में हैं। इनमें से ज्यादातर लोग अमेरिका का रुख कर रहे हैं।

# हजारीबाग में प्रातः आवाज के प्रिंटिंग यूनिट का शुभारंभ


















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी-14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587/7004527300 RNI No JHAHIN/2022/83327